
देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दिया... 12
नौ करोड़ की लागत से बना अस्थायी टोल प्लाजा... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 168
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 01 अप्रैल, 2024


# दिल्ली में इंडिया की रैली

## राहुल बोले, चुनाव से पहले पीएम मोदी मैच फिक्सिंग कर रहे, केजरीवाल की पत्नी ने अरविंद का संदेश पढ़ा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रामलीला मैदान में रविवार को महारैली हुई। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन की ये पहली बड़ी रैली है। इसमें सोनिया, प्रियंका, राहुल, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, सीताराम येचुरी, महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला के अलावा अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना पहुंची। रैली को सबसे पहले उद्धव ठाकरे ने संबोधित किया। उद्धव ने कहा, कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल हमारी बहन हैं। जब इस तानाशाही सरकार के खिलाफ हमारी बहनें लड़ रही हैं तो हमारे जैसे भाई कैसे पीछे रह सकते हैं। भाजपा को मैं चुनौती देता हूं कि आप अपने बैनर पर लगा दो कि भाजपा के साथ जो पार्टी है वो ईडी, सीबीआई और आईटी है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, मोदी जी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया, क्या उन्होंने ठीक किया? आपके केजरीवाल को ज्यादा दिन तक ये जेल में नहीं रख पाएंगे। आपके केजरीवाल शेर हैं। करोड़ों लोगों के मन में बसते हैं। सुनीता केजरीवाल ने अरविंद का जेल से भेजा गया मैसेज भी पढ़ा।




### आप नेता से आपको घबराहट किस बात की: अखिलेश यादव



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, ये रामलीला मैदान ऐतिहासिक मैदान है और आज जब हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं और एकसाथ खड़े हुए हैं तो इस मैदान से ये एलान होने वाला है कि सत्ताधारी जो दिल्ली में बैठे है वो अब ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। आज हम दिल्ली आए हैं। सुना है दिल्ली वाले आज दिल्ली से बाहर गए हैं। दिल्ली से जो आज बाहर जा रहे हैं वो हमेशा-हमेशा के लिए बाहर जा रहे हैं। ये लोग (भाजपा) जो 400 पार का नारा दे रहे हैं, अगर आपके 400 पार हो रहे थे तो आम आदमी पार्टी के नेता से आपको घबराहट किस बात की है? उन्होंने कहा, मैं तो उस उत्तर प्रदेश से आता हूं जहां के लोगों ने भाजपा को मौका दिया और उनका स्वागत किया, लेकिन याद रहे कि उत्तर प्रदेश के लोग जो स्वागत करते हैं वो धूमधाम से विदाई भी करते हैं। आपने चुने हुए लोगों और मुख्यमंत्रियों को जेल भेज दिया। जिस लोकतंत्र के लिए दुनिया में भारत का सम्मान होता था, आज उसी भारत की दुनिया में किसी ने सबसे ज्यादा थूं-थूं करवाई है तो वो भाजपा के लोगों ने करवाई है। इनके 10 साल का कार्यकाल आप देखोगे तो ये ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी है। ये 400 पार नहीं 400 हारने जा रहे हैं। ईडी, सीबीआई से डराकर सबसे ज्यादा चंदा वसूलने का काम अगर किसी ने किया है तो वो भाजपा ने किया है।

### आपके केजरीवाल शेर हैं: सुनीता केजरीवाल



विपक्षी गठबंधन की महारैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, मोदी जी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया। क्या प्रधानमंत्री ने यह सही किया? क्या आप मानते हैं कि केजरीवाल एक सच्चे देश भक्त और ईमानदार व्यक्ति हैं? क्या केजरीवाल जी को इस्तीफा देना चाहिए? आपके केजरीवाल शेर हैं, ये ज्यादा दिन तक आपको जेल में नहीं रख पाएंगे। उन्होंने आगे कहा, यदि आप सब इंडिया गठबंधन को मौका देते हैं तो हम सब मिलकर महान राष्ट्र का निर्माण करेंगे। केवल नाम में इंडिया गठबंधन नहीं हैं बल्कि दिल में इंडिया है। मैं (अरविंद केजरीवाल) इंडिया गठबंधन की ओर से 140 करोड़ भारतवासियों को छह गारंटी देता हूं। **पहला**-पूरे देश में 24 घंटे बिजली का इतजाम करेंगे, **दूसरा**- पूरे देश के गरीबों की बिजली फ्री करेंगे, **तीसरा**- हर गांव हर मोहल्ले में शानदार सरकारी स्कूल बनाएंगे, **चौथा**- हर गांव में मोहल्ला क्लिनिक बनाएंगे, फ्री इलाज की व्यवस्था करेंगे, **पांचवां**- किसानों को स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक एमएसपी पर फसलों की कीमत दिलवाएंगे, **छठा**- दिल्ली वासियों को उनका हक दिलाएंगे, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे।

### मोदी जी प्रियंका चोपड़ा से मिलेंगे, किसानों से नहीं: तेजस्वी यादव



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, हम लोगों ने पहली रैली पटना में की। दूसरी मुंबई में और तीसरी दिल्ली में हो रही है। देश के कोने-कोने में जहां भी हम जा रहे हैं, वहां जनता का साथ मिल रहा है। जिस हिसाब से देश को बांटने का काम किया जा रहा है, नफरत की राजनीति की जा रही है। हम चाहते हैं कि इस लड़ाई में हमें आपका साथ मिले। जो लोग नारा लगाते हैं कि अबकी बार 400 पार, उनका मुंह है, कुछ भी बोलेंगे। लेकिन एक बात तय है कि जनता ही मालिक है। उन्होंने कहा कि वे (भाजपा) लोग नारा लगा रहे हैं तो ऐसा लग रहा है कि पहले से ही ईवीएम सेटिंग हो चुकी है। देश में आघोषित इमरजेंसी लागू हो चुकी है। देश में सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो बेरोजगारी है, महंगाई है, गरीबी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोई नौकरी नहीं दी, सब कुछ का निजीकरण कर दिया। हम लोगों ने बिहार में 17 महीने में 5 लाख नौकरी देने का काम किया। आज किसान तबाह हैं, युवा परेशान हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को किसानों से मिलने का समय नहीं है। मोदी जी मिलेंगे तो प्रियंका चोपड़ा से मिलेंगे, किसानों से नहीं मिलेंगे।

### लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी: शरद पवार



एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। यह कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है।इसे (लोकतंत्र) बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

### हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता है: भगवंत मान



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, देश का लोकतंत्र खतरे में है। ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है। ये 140 करोड़ लोगों का देश है। ये (भाजपा) क्या समझते हैं, इसको भी अंदर खत्म कर दो, उसको भी अंदर कर दो, ये नेता फ्रीज कर दो, क्या आप ऐसे जीत जाएंगे? हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता है, यूं कहने पर तो मुर्गी के सिर पर ताज होता है। मैं नमस्कार करता हूं कि इन्होंने (कल्पना सोरेन और सुनीता सोरेन) इतने दुख झेले, इन्होंने क्या-क्या नहीं देखा। अरविंद केजरीवाल को तो आप (भाजपा) गिरफ्तार कर लेंगे, लेकिन आप उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करेंगे? अरविंद केजरीवाल कोई व्यक्ति नहीं है, अरविंद केजरीवाल सोच का नाम है।

### हमारे संवैधानिक मूल्यों को तहस-नहस किया: कल्पना सोरेन

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा, आज यहां उमड़ा जन सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि लोकतंत्र को खत्म करने के लिए जिस तरीके तानाशाह ताकतों ने अपने कदम बढ़ाएं हैं उसका अंत करने के लिए यह सभा आज आयोजित हुई है। आज भारत में बाबा साहेब के संविधान से प्राप्त जिनती गारंटियां से उसे एनडीए सरकार द्वारा खत्म किया जा रहा है। इन्होंने हमारे संवैधानिक मूल्यों को तहस-नहस किया है। आपको (जनता) अपने वोट का चुनाव सही रूप से करना होगा।

### इंसान को इंसान से लड़ाया जा रहा: फारूक अब्दुल्ला

एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा, आज हमारा मकसद सिर्फ एक है कि हम सब संविधान को बचाएं। इंसान को इंसान से लड़ाया जा रहा है। वो सब नेता जिन्हें आज जेल में बंद कर दिया गया है। वे बाहर तभी आ पाएंगे जब आप इस आईन को पकड़ेंगे और चुनाव का समय आएगा आपको वोट देना होगा। आप उस बटन का दबाइएगा जो इस हुकूमत को हराएगा। इंडिया गठबंधन को हम सबको मिलकर मजबूत करना है।

### ये ऊर्जा लोकतंत्र को जीत दिलाएगी: सीताराम येचुरी

माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा, भारत की राजनीति में एक नई ऊर्जा आज पैदा हुई है जो यहां मौजूद है। ये ऊर्जा भारत के संविधान और लोकतंत्र को जीत दिलाएगी और तानाशाही की ताकतों को हरवाएगा।

### लोकतंत्र को बचाने और भाजपा को हराने के लिए...: डी. राजा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी. राजा ने कहा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आप सभी के साथ मिलकर भारत, संविधान और लोकतंत्र को बचाने और भाजपा को हराने के लिए हमारे साझा संकल्प की घोषणा करती है। हम अपनी सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करते हैं।

### प्रियंका ने इंडी गठबंधन की 5 मांगें भी रखीं



प्रियंका गांधी वाड्रा बोलीं- मुझे लगता है कि ये दिखावे में लिप्त हो चुके हैं। मैं याद दिलाना चाहती हूं कि हजारों साल पुरानी वो बातें क्या थीं? भगवान राम जब सत्य के लिए लड़े, तब उनके पास संसाधन नहीं थे। उनके पास रथ भी नहीं था। रावण के पास रथ, संसाधन, सेना थी। धन था, सोने की लंका में रहता था। राम के पास केवल सत्य, आस्था, विश्वास, धैर्य उम्मीद और साहस था।

- भारत के चुनाव आयोग के इलेक्शन में सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने चाहिए।
- चुनाव आयोग को विपक्षी दलों के खिलाफ ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की कार्रवाई को रोकना चाहिए।
- हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की तत्काल रिहाई की जाए।
- विपक्षी पार्टियों को वित्तीय रूप से कमजोर करने की कोशिशें बंद हों।
- भाजपा को इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जो फंड मिला है, उसकी एसआईटी जांच होनी चाहिए।

### पीएम मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग कर रहे: राहुल गांधी



इंडिया गठबंधन की महारैली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आज कल आईपीएल के मैच चल रहे हैं। आप सबने मैच फिक्सिंग शब्द सुना है। जब बेइमानी से एम्पायर पर दबाव डालकर, खिलाड़ियों को खरीदकर मैच जीता जाता है, तो इसे मैच फिक्सिंग कहा जाता है। हमारे सामने लोकसभा का चुनाव है। हमारी टीम में से मैच शुरू होने से पहले दो खिलाड़ियों को गिरफ्तार करके अंदर कर दिया गया। पीएम मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। ये जो उनका 400 पार का नारा है वो बिना मैच फिक्सिंग के 80 पार नहीं हो सकता है।

### भाजपा-आरएसएस जहर जैसे: मल्लिकार्जुन खड़गे



मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आप लोकतंत्र चाहते हैं या तानाशाही, ये आपको तय करना है। जो तानाशाही चाहते हैं, उनके देश से निकालना होगा। बीजेपी और आरएसएस जहर के जैसा है। अगर आप चाहते हैं कि इसको भी देख लेंगे, विष को चाट कर देखेंगे या पीकर देखेंगे, दोनों स्थितियों में जिंदा नहीं रहेंगे।

## मेरठ में 45 मिनट गरजे पीएम मोदी, कहा

# बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में



**जन एक्सप्रेस। मेरठ**

लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 31 मार्च को यूपी के मेरठ में पहली रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मिलकर एक इंडिया गठबंधन बनाया है। इनको लगता है कि मोदी इनसे डर जाएगा, लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। पीएम ने कहा, आज बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही। इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा। देश ने 10 साल में विकास का ट्रेलर देखा है। ये चुनाव सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए है। आपने देखा है कि ब्रज में कान्हा-राधा होली खेलते हैं। इस बार अवध में रामलला ने भी खूब होली खेली। पीएम मोदी ने करीब 45 मिनट तक भाषण दिया। उन्होंने राम-राम से भाषण शुरू किया और भारत माता की जय पर खत्म किया। इस दौरान सीएम योगी और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के साथ मंच पर सहयोगी दलों के 4 नेता मौजूद रहे। इनमें आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी, अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर, निषाद पार्टी के संजय निषाद शामिल हैं। इससे पहले मंच पर पीएम मोदी का यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। इसके बाद मंच पर मौजूद नेताओं ने मोदी को हल भेंट किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उन्हें राम मंदिर का मॉडल भेंट किया। 2014, 2019 के बाद ये तीसरा मौका है, जब पीएम ने वेस्ट यूपी से चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। भाजपा ने रैली को भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह नाम दिया।

### कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को सम्मान नहीं दिया: पीएम

पीएम ने कहा कि इंडिया गठबंधन न देश के किसानों, न जवानों का हित सोच सकता है। किसानों से नफरत करने वाली कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को उचित सम्मान नहीं दिया। जब हमारे छोटे भाई जयंत चौधरी संसद में बोलने के लिए खड़े हुए तो उनकी आवाज को रोकने की कोशिश की गई। कांग्रेस और सपा को किसान और यहां के लोगों से घर-घर जाकर माफी मांगनी चाहिए। यहां का एक भी नागरिक सपा और कांग्रेस को माफ नहीं कर सकता है।

### 'पीएम मोदी न होते तो चौधरी साहब को कभी न मिलता भारत रत्न'

मेरठ में आयोजित एनडीए के रैली में जयंत चौधरी ने जाटलैंड से जनता को साधने का पूरा प्रयास किया। उन्होंने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को कल एक भव्य समारोह में भारत रत्न दिया गया। यह ऐतिहासिक था। यदि पीएम मोदी नहीं होती तो चौधरी साहब को भारत रत्न कभी न मिलता। मंच पर मौजूद जयंत चौधरी ने माइक संभाला और जनता का राम-राम से अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जानते हैं कि चौधरी चरणसिंह का क्या योगदान रहा वह बखूबी समझते हैं। प्रधानमंत्री का नाम बार-बार नौजवान ले रहे थे। भ्रष्टाचार के खिलाफ चौधरी साहब ने आवाज उठाई। उन्होंने किसानों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

### पीएम मोदी ने कराए नए भारत के दर्शन: सीएम योगी

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को उत्तर प्रदेश के क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद कर दिया है। पीएम मोदी की रैली का नाम भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह रखा गया है। पीएम मोदी की रैली में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण के दौरान विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमें एक नए भारत का दर्शन कराया है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए मेरठ की भूमि को चुना है। मेरठ को इतनी सारी सौगातें दीं हैं। सीएम योगी ने कहा कि रैपिड रेल हो या रोड की कनेक्टिविटी हो। चाहे वह स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हो या फिर ओडीओपी हो। पीएम मोदी ने हर दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि ये चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब करोड़ों गरीबों को आवास, राशन और रोजगार की गारंटी देना है। कहा कि पीएम मोदी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं।

**रिपोर्ट** 7 सितंबर 2008 को तत्कालीन गोरखपुर सांसद योगी आदित्यनाथ के काफिले पर मुख्तार अंसारी गिरोह ने आज़मगढ़ में कथित तौर पर हमला किया था

# मुख्तार अंसारी ने योगी आदित्यनाथ पर भी कराया था जानलेवा हमला

## सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी बृज लाल, जो उस समय एडीजी कानून और व्यवस्था थे के अनुसार इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हुए थे

- अंतिम समय में योजनाओं में बदलाव के कारण खुद आदित्यनाथ बाल-बाल बच गए थे

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी ने कथित रूप से गोरखपुर के तत्कालीन सांसद और वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जानलेवा हमला भी कराया था। मुख्तार अंसारी की मौत के बात अतीत में हुईं ऐसी दुस्साहसिक वारदात सामने आ रही हैं। 7 सितंबर 2008 को तत्कालीन गोरखपुर सांसद योगी आदित्यनाथ के काफिले पर मुख्तार अंसारी गिरोह ने आज़मगढ़ में कथित तौर पर हमला किया था। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी बृज लाल, जो उस समय एडीजी कानून और व्यवस्था थे के अनुसार इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। जबकि अंतिम समय में योजनाओं में बदलाव के कारण खुद आदित्यनाथ बाल-बाल बच गए थे।

### मुख्तार को खुली जीप से एके-47 लहराते देखा गया था

2005 में मऊ में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे थे। इस दौरान पांच बार के विधायक और माफिया से नेता बने, जिनका नाम मऊ में दंगा भड़काने के लिए सामने आया था, उन्हें खुली जीप से एके-47 लहराते देखा गया था।

### योगी आदित्यनाथ को मऊ में नहीं घुसने दिया गया था

योगी आदित्यनाथ, जो उस समय गोरखपुर के सांसद थे, स्वयं मऊ के लिए रवाना हुए, लेकिन उन्हें जिले में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। दोहरीघाट पर उन्हें रोककर वापस गोरखपुर भेज दिया गया। तब समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे।

### 2008 में योगी आदित्यनाथ ने मुख्तार को चुनौती दी थी

2008 में योगी आदित्यनाथ ने मुख्तार अंसारी को चुनौती देते हुए कहा था कि वह मऊ दंगे के पीड़ितों को न्याय दिलाएंगे। बृज लाल के अनुसार योगी ने हिंदू युवा वाहिनी के नेतृत्व में आज़मगढ़ में आतंकवाद के खिलाफ एक रैली की घोषणा की थी। चुनी गई तारीख 7 सितंबर, 2008 थी और डीएवी कॉलेज मैदान को रैली के लिए स्थान के रूप में चुना गया था।

### योगी के काफिले पर गोलीबारी, पेट्रोल पंप और पत्थरों से हुआ था हमला

योगी आदित्यनाथ एक लाल एसयूवी में यात्रा कर रहे थे, जो 40 वाहनों के काफिले का हिस्सा था, और काफिले के आज़मगढ़ पहुंचने से ठीक पहले, उस पर पथराव हुआ, जिसके बाद पेट्रोल बम फेंके गए और गोलीबारी हुई। योगी आदित्यनाथ के गनर ने भी गोलियां चलाईं। यह महज संयोग था कि योगी ने आखिरी समय में वाहन बदल लिया और अपनी लाल एसयूवी छोड़ दी, जिससे उनकी जान बच गई। योगी पर हमला एक सुनियोजित हमला था।

### 60 से अधिक आपराधिक मामले लंबित थे

मऊ सदर सीट से पांच बार के विधायक 2005 से सलाखों के पीछे रहे मुख्तार अंसारी के खिलाफ 60 से अधिक आपराधिक मामले लंबित थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बांदा जेल में बंद कर दिया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शनिवार को गाजीपुर के मोहम्मदाबाद दर्जी टोला में भारी सुरक्षा मौजूदगी के बीच उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

### हिंसा में शामिल कई लोगों पर मामला दर्ज किया था

जैसे ही बृजलाल को हमले के बारे में पता चला, वह एक हेलिकॉप्टर लेकर आज़मगढ़ के लिए रवाना हो गए और सिविल लाइंस में उतरे। चूंकि अन्य सभी अधिकारी पहले से ही काम में लगे हुए थे, इसलिए उन्होंने एक एके-47 ली और तत्कालीन संभागीय आयुक्त को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए कहा। एके-47 के साथ आज़मगढ़ की गलियों में घूमे। लगातार छापेमारी की और हिंसा में शामिल कई लोगों पर मामला दर्ज किया।

### सीएम बनते ही कहा था, यूपी में अब किसी भी माफिया डॉन के लिए जगह नहीं

2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद, योगी आदित्यनाथ ने राज्य के कुछ हिस्सों में माफिया संस्कृति से तेजी से निपटा, गिरोहों और उनकी गतिविधियों पर नकेल कसी। माफिया डॉन और पेशेवर अपराधी अपनी जान की भीख मांग रहे हैं। यूपी में किसी भी माफिया डॉन या अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।

### आईपीएस अधिकारी बृजलाल को एके-47 राइफल के साथ हेलिकॉप्टर से एयरड्रॉप करना पड़ा था

7 सितंबर, 2008 को आज़मगढ़ में आदित्यनाथ के काफिले पर हमला हुआ था। इसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और छह अन्य घायल हो गए। 1977 बैच के आईपीएस अधिकारी बृजलाल को एके-47 राइफल के साथ हेलिकॉप्टर से एयरड्रॉप करना पड़ा था।

## पूरे प्रदेश के शिक्षक आज बांधेंगे काली पट्टी, नई पेंशन योजना का करेंगे विरोध

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

एक अप्रैल सोमवार को प्रदेश भर के शिक्षक- कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) का विरोध दर्ज कराएंगे। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन योजना लागू कर पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर दिया गया था। अटेवा हर साल एक अप्रैल को एनपीएस का विरोध दर्ज कराकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि एनपीएस की सच्चाई सामने आने लगी है किसी को 500 किसी को 1200 तो किसी को 1800 रुपए पेंशन के रूप में मिल रही है। इससे न तो उसका और न उसके परिवार का भरण पोषण हो रहा है। इसीलिए एनपीएस को लेकर लोगों में आक्रोश है। अटेवा के प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

# इस अक्षय तृतीया देश में नहीं होने देंगे एक भी बाल विवाह

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

* गैरसरकारी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

अक्षय तृतीया और शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से जुड़े विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता राजधानी नई दिल्ली में जुटे और इस दौरान होने वाले बाल विवाहों को रोकने की रणनीति पर चर्चा की। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए इस क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन वी फॉर हर फाउंडेशन और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड ने किया। शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर गांव, देहात में काम कर रहे सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए यह काफी महत्वपूर्ण समय है। इस दौरान देश में हजारों की संख्या में बच्चों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है। खास तौर से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में अक्षय तृतीया का त्योहार बाल विवाह की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश भर के 161 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है जो 2030 तक देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए, जरूरी टिपिंग प्वाइंट यानी वह मुकाम जहां से बाल विवाह अपने आप खत्म होने लगेगा, को हासिल करने के लिए जमीनी अभियान चला रहा है। बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं लेखक भुवन ऋभु ने कहा कि भारत 2030 तक बाल विवाह की रोकथाम के लिए संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों एसडीजी को हासिल करने की ओर अग्रसर है। देश में बाल विवाह की ऊंची दर वाले इलाकों में पिछले एक वर्ष में गैरसरकारी संगठनों और सरकारों के प्रयासों ने जो गति पकडी है, उसे मजबूती और विस्तार देने की आवश्यकता है। बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में अगले एक महीने काफी महत्वपूर्ण हैं और समुदायों, पंचायतों, गैरसरकारी संगठनों और राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर पर सरकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठने की जरूरत है कि किसी बच्चे का बाल विवाह नहीं होने पाए। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक वैश्विक समस्या है, लेकिन दुनिया के किसी भी देश ने एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नीतियों और क्रियान्वयन के स्तर पर उतनी तरक्की नहीं की है, जितनी भारत ने की है। सच कहें तो बेटी बताओए बेटी पढ़ाओ की असली सफलता बाल विवाह के खात्मे में है। उन्होंने हाल ही में आई अपनी बेस्टसेलर किताब व्हेन चिल्ड्रन हैव चिल्ड्रन, टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज में 2030 तक बाल विवाह के खिलाफ लडाई में एक निर्णायक मुकाम तक पहुंचने के लिए एक ठोस रणनीतिक खाका पेश किया है। इस किताब में सुझाव गई रणनीतियों को देशभर के नागरिक समाज संगठनों ने भी अंगीकार किया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार देश में 20 से 24 आयुवर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 वर्ष की होने से पहले ही हो गया था। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड के ट्रस्टी राजीव भारद्वाज ने कहा कि बाल विवाह बच्चों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई सभी पहलों और प्रयासों के लिए एक अभिशाप है और एक सभ्य दुनिया में इसकी कोई जगह नहीं है। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आए सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं कम्युनिटी सोशल वर्कर्स ने बाल विवाह की रोकथाम में आ रही चुनौतियों के बारे में एक दूसरे से अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान इन कार्यकर्ताओं को इससे निपटने के तरीकों और बाल विवाह को हतोत्साहित करने वाले कदमों की जानकारी दी गई।

## कामदगिरि स्वच्छता समिति ने चलाया परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




कामदगिरि स्वच्छता समिति का स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत रविवार को 109वां स्वच्छता अभियान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित तुलसी चैराहा से तृतीय मुखारबिंद तक चलाया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि महात्मा गांधी का सपना था कि सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें और उस पर अमल करें। उन्होंने कहा कि कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता अभियान चलाया गया जो की निरंतर आज भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि कामतानाथ पर्वत के आसपास एक भी कचरा न बचे। जिसमें पहले से काफी हद तक सफलता भी मिल रही है। यह स्वच्छता अभियान चलने से जागरूकता आई है। सफाई अभियान में कामतानाथ परिक्रमा के निवासियों का भी अच्छा सहयोग मिला है। इस मौके पर जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जानकी कुशवाहा, अंकुर केशरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमान दास सिंह, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत हुए उप निरीक्षक को दी गयी भावभीनी विदाई

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले उपनिरीक्षक की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे उप निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू दुर्गविजय सिंह, वाचक पारितोष दीक्षित, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

## सड़क पर कार ने मासूम को कुचला फंसकर 50 मीटर तक घिसटता रहा

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

नवाबगंज के लखनपुर मजरा चतीनपुर निवासी करन पटेल जौनपुर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनका परिवार नवाबगंज-सोरांव सड़क मार्ग के पास गांव में रहता है। शाम छह बजे करन का बेटा श्रेयांश (3) अचानक खेलते-खेलते सड़क पर आ गया। नवाबगंज में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेलते-खेलते सड़क पर अचानक आ जाने से कार ने मासूम को कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही मासूम की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि वह कार में फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता रहा। घटना के बाद भीड़ ने हंगामा किया, लेकिन पुलिस ने किसी तरह से लोगों को शांत कराया। इसके साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है। नवाबगंज के लखनपुर मजरा चतीनपुर निवासी करन पटेल जौनपुर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनका परिवार नवाबगंज-सोरांव सड़क मार्ग के पास गांव में रहता है। शाम छह बजे करन का बेटा श्रेयांश (3) अचानक खेलते-खेलते सड़क पर आ गया। सोरांव की ओर से आ रही कार ने मासूम को कुचल दिया। हादसे के वाहन चालक भाग निकला। आक्रोशित भीड़ हंगामा करने लगी तो सूचना पर पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वाहन चालक घटनास्थल के पास एक गांव में किसी कार्यक्रम में शामिल होने आया था।

## बीमार बेटे को मार डाला: मां को गाली देने से मना करने पर किया बांट से हमला; आरोपी ने कबूलनामे में उगले राज

**जन एक्सप्रेस । झांसी**

थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम छापछौल निवासी महेंद्र सहरिया (22) पुत्र मिठ्ठू लाल शुक्रवार की रात को घर पर था। महेंद्र की तबीयत खराब होने पर उसकी मां शक्कर बाई पास में ही स्थित दुकान से टिकिया लेने गई थी। यहां उसके ही पड़ोस में रहने वाला अरुण सहरिया आया और शक्कर बाई से गाली-गलौज कर धक्का दे दिया था। शक्कर बाई चुपचाप वहां से अपने घर आईं। उसके पीछे-पीछे अरुण घर तक आ गया और पुनः शक्कर बाई से गाली-गलौज करने लगा।

आवाज सुनकर महेंद्र बाहर आया और अरुण को गाली देने से मना किया। इस पर आरोपी अरुण सहरिया ने महेंद्र के साथ लाठी से मारपीट कर दी और पास में स्थित दुकान से एक किलोग्राम का लोहे का बांट उठाकर महेंद्र के सिर पर मार दिया। इससे महेंद्र घायल होकर गिर गया। आनन-फानन में घायल महेंद्र को महरौनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना सौजना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक दो भाई-एक बहन में बड़ा था और उसके एक पुत्र व एक पुत्री है। वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। वहीं घटना का कारण गांव के लोगों द्वारा आरोपी युवक के शराब के नशे में होने के चलते बताया जा रहा है। पुलिस घटना की प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

पुलिस हिरासत में आरोपी अरुण सहरिया ने बताया कि शुक्रवार की रात को वह गांव में स्थित दुकान पर शराब के नशे में खड़ा था। इसी दौरान वहां पर महेंद्र की मां शक्कर बाई आ गई थीं। शक्कर बाई ने उससे दुकान से दूर हट जाने की बात कही। जिस पर वह आक्रोशित हो गया था और शक्कर बाई से गाली-गलौज करते हुए उसे धक्का दे दिया था। सामान लेने के बाद जब शक्कर बाई अपने घर गई तो वह भी पीछे चला गया था। यहां वह गाली दे रहा था। तभी वहां महेंद्र आ गया और मां को गाली देने से मना करने लगा था। इस पर उसने महेंद्र की पिटाई कर दी थी और पास की दुकान से एक किलोग्राम का बांट उठाकर उसके सिर पर हमला कर दिया था। इतने में उसका पिता रामलाल व भाई विशाल आ गए थे। तब उन तीनों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी।

## डीएम और सांसद के बीच बहस पर बोले स्वामी प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी बचकानी हरकत कर रहे हैं

**जन एक्सप्रेस । गाजीपुर**

गाजीपुर में मुख्तार अंसारी का शव दफनाने के दौरान जिलाधिकारी और सांसद अफजाल अंसारी के बीच तीखी बहस हुई थी। डीएम गाजीपुर ने धारा 144 का हवाला देते हुए कहा कि मिट्टी देने केवल परिवार के लोग जाएं, पूरा कस्बा नहीं जाएगा। अगर धारा 144 का उल्लंघन हुआ तो सबके खिलाफ एफआईआर करेंगे। गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के शव को दफनाने के दौरान बेकाबू हुई भीड़ और लगाए जा रहे नारेबाजी को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी नाराज हो गई थीं। इसी बात को लेकर उनकी मुख्तार अंसारी के भाई और सांसद अफजाल अंसारी से बहस तक हो गई थी। इस घटना का विरोध राष्ट्रीय



शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया है। शोक जताने मुहम्मदाबाद आए पूर्व मंत्री ने यहां तक कहा कि प्रशासनिक अधिकारी भी सरकार के इशारे पर बचकानी हरकत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भी वीडियो देखा जिलाधिकारी ने जनाजे में आने से रोकने के लिए बड़ी लंबी फोर्स लगा दी थी। सांसद अफजाल अंसारी के साथ बेहुदगी के साथ जिलाधिकारी बात कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी के जनाजे में उमड़ी हुई भीड़ उनके लोकप्रियता की गवाह थी, जो प्रशासन के रोकने के बाद भी पहुंच गई थी। यही नहीं। जेल-अस्पताल में जो भी कुछ किया गया उसका ये विरोध था।

## 5 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 12 आरोपियों के विरुद्ध की गयी मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 5 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 12 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी।

भरतकूप थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह द्वारा महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह निवासी टिटिहरा, अमोल यादव निवासी भरतकूप, बरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य द्वारा आनन्द शुक्ला उर्फ कल्लू निवासी बरगढ़ तथा राजापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार द्वारा नागेन्द्र निवासी बरुआ, छोटू निवासी चनहट के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

इसी प्रकार राजापुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार द्वारा राकेश सिंह उर्फ दादू सिंह निवासी सगवारा, हनुमान सिंह निवासी महुआ, कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा देवकमल उर्फ देवा त्रिपाठी निवासी लोढ़वारा, जनक वर्मा निवासी नई दुनिया, विजय कुमार गुप्ता निवासी जगदीशगंज, तुषार तिवारी, कमलेश कुमार, गोपाल तिवारी, विष्णु तिवारी, हिमांशु निवासीगण रामघाट, शिवाकान्त सोनी निवासी खोही, दीपक गुरु निवासी कछार पुरवा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## पीएमश्री विद्यालय योजना के दूसरे चरण में सात विद्यालयों का चयन

**जन एक्सप्रेस/झांसी।** पीएमश्री विद्यालय योजना के दूसरे चरण में जिले के सात विद्यालयों का चयन किया गया है। इनमें एक माध्यमिक और दो प्राथमिक विद्यालय और चार समग्र स्कूल हैं। इस योजना के तहत पहले चरण में 13 विद्यालयों का चयन किया गया था, जिनमें 4 माध्यमिक और 9 बेसिक स्कूल थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नीलम यादव ने बताया कि जिले के जिन विद्यालयों का पीएमश्री योजना के तहत चयन किया गया है उनमें राजकीय इंटर कॉलेज कटेरा, प्राथमिक विद्यालय रसोई, आदर्श प्राथमिक विद्यालय चिरगांव, समग्र स्कूल पड़ारी, समग्र स्कूल करगुआं खुर्द, समग्र स्कूल पहाड़ी बुजुर्ग, समग्र स्कूल बंका पहाड़ी शामिल हैं। इन विद्यालयों में नई तकनीकी से युक्त स्मार्ट क्लास, अत्याधुनिक प्रयोगशाला, कंप्यूटर प्रयोगशाला, कौशल प्रयोगशाला, नए क्लास रूम आवश्यकता के अनुसार, फर्नीचर, बाल वाटिका का विकास, खेल-खेल में सीखने की सामग्री, खेलकूद का मैदान आदि चीजें विकसित की जाएंगी।

## शिवाजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट उत्कृष्ट शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध: अतुल सचान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शिवाजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन कानपुर के तत्वाधान में जेपी इंटर कॉलेज कर्वी में टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 350 छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

इस परीक्षा में जो भी छात्र प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाएंगे, उनको सिक्स से लेकर इंटर तक की निशुल्क शिक्षा दी जाएगी।

संस्थान के डायरेक्टर इंजीनियर अतुल सचान ने बताया कि हमने चित्रकूट में उत्कृष्ट शिक्षा के लिए अपनी नई ब्रांच जेपी इंटर कॉलेज कर्वी में खोली है। उन्होने बताया कि कानपुर में शिवाजी इंटर कॉलेज, केशव नगर शिवाजी ग्लोबल इंस्टिट्यूट भदवारा, शिवाजी ग्लोबल अकैडमी नौरंगा लिल्स बगिया केशव नगर, वी एल आर सी इंटर कॉलेज पनकी कानपुर, शिवाजी ग्लोबल अकैडमी नौरंगा घाटमपुर कानपुर तथा पटेल इंटर कॉलेज सिविल लाइन फतेहपुर, लिल्स बगिया सिविल



लाइन फतेहपुर रन कर रही है। जिसमे पंद्रह हजार से अधिक छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण कर रहे है तथा इंटर से ही नीट व जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थान पा रहे है। चित्रकूट में अच्छी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमने नई ब्रांच का ओपनिंग किया है।

जिसमें गरीब बच्चों को कम शुल्क में अच्छी शिक्षा मिल सके किसी भी कार्य दिवस में आप विजिट कर अपने बच्चों को प्रवेश दिला सकते है। बच्चों को क्लास 6 से ही नीट व जेईई की तैयारी ऑनलाइन मोड से फ्री ऑफ कॉस्ट अपने बच्चों को कोचिंग देते चलते हैं। जिससे हमारे बच्चे इंटर परीक्षा पास करते ही अपना रोजगार सृजन कर सकें तथा अपने माता पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर मान सिंह, अजीत सिंह, सिद्धार्थ विश्वकर्मा, निधि द्विवेदी, सतीश कुमार, धर्मेंद्र, जे पी मिश्रा, रजनीश कुमार, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

## उमेश पाल के अपहरण में बच निकले थे चार शूटर, राजू पाल के कत्ल में काटेंगे जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

उमेश पाल का अपहरण कर जान लेवा हमला करने वाले चार शूटर कानूनी दांवपेच का लाभ लेकर कोर्ट से तो बरी हो गए थे, लेकिन राजू पाल हत्याकांड मामले में वह कानून के शिकंजे से नहीं बच सके। अदालत ने उन्हें उम्रकैद की सजाई सुनाई है। यह चारों आरोपी माफिया अतीक के गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। राजू पाल हत्याकांड में उम्रकैद की सजा पाए सात में से चार हत्यारे गवाह उमेश पाल के अपहरण के मामले में भी आरोपी थे। तब कानूनी दांवपेच का सहारा लेकर यह सभी बच निकले थे। हालांकि, उनकी यह खुशी ज्यादा दिनों तक नहीं रही और ठीक एक साल बाद ही राजू पाल हत्याकांड में उन्हें दोषी करार देते हुए सजा सुना दी गई।

इन चार आरोपियों में आबिद प्रधान, फरहान, जावेद व इसरार शामिल हैं। इन चारों को राजू पाल हत्याकांड में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। खास बात यह है कि यह चारों राजू के जिगरी दोस्त और उसकी हत्या के चश्मदीद उमेश पाल के अपहरण मामले में भी आरोपी थे। साक्ष्यों के अभाव में इन चारों को अपहरण मामले में कोर्ट ने बरी कर दिया था। यह वही मामला है जिसमें 28 मार्च 2023 को अतीक अहमद, खान शौलत हनीफ व दिनेश पासी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

जानकारों का कहना है कि तब चारों कानूनी दांवपेच का सहारा लेकर कोर्ट से बरी हो गए थे। दरअसल, आबिद के बारे में उमेश ने एफआईआर में बताया था कि आबिद उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। हालांकि, घटना में उसकी और कोई भूमिका का जिक्र नहीं किया गया।

जिस समय यह घटना हुई थी तब आबिद जेल में था। उमेश ने कोर्ट में बताया था कि आबिद व अशरफ उसे जेल से धमकाते थे। उनके आदमी घर आते थे और धमकी देकर चले जाते थे। तीन से चार बार ऐसा हुआ। घर आकर धमकी देने वाले कौन थे, पुलिस इसका पता नहीं लगा पाई। जेल में आबिद से इस घटना का कोई सह अभियुक्त मिला था, इसका भी कोई साक्ष्य अभियोजन पेश नहीं कर पाया।

## बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल, आहत अन्नदाता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । झांसी**

झांसी के रक्सा थाना इलाके के पुनावली कलां गांव के पठलापुरा मोहल्ले में रहने वाले हरदयाल राजपूत (64) का शव गांव में लगे पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला।

झांसी के रक्सा थाना इलाके के पुनावली कलां गांव के पठलापुरा मोहल्ले में रहने वाले हरदयाल राजपूत (64) का शव गांव में लगे पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला। मृतक के बेटे उमेश राजपूत ने बताया कि शुक्रवार की शाम तेज आंधी और बारिश की वजह से फसल खराब हो गई थी। इसके अलावा घर का छप्पर भी उड़ गया था, जिससे पिता परेशान थे और इसी परेशानी में उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके अलावा फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए।

बता दें कि मृतक के परिवार में पत्नी सावित्री, बेटे महेश और उमेश हैं। जबकि बेटी प्रभा की शादी हो चुकी है। बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि बेटी प्रभा की शादी हो चुकी है। बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## टीचर से प्यार में मिला ऐसा धोखा: कभी साड़ी पहन लेता था वार्ड ब्वॉय तो कभी अपनाता था दूसरा भेष, अंत में दी जान

**जन एक्सप्रेस । झांसी**

शुक्रवार की शाम घर में कोई नहीं था। इसी बीच युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कोरोना काल में टीचर और युवक दोनों लिव-इन-रिलेशनशिप में भी रह रहे थे।

गुमनावारा निवासी विनय उपाध्याय (33) मेडिकल कॉलेज में वार्ड ब्वॉय के पद पर कार्यरत था। उसे मां की मृत्यु के बाद अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति मिली थी।

मौसेरे भाई संजय ने बताया कि विनय की एक युवती से दोस्ती हो गई, जो टीचर थी। कुछ समय बाद दोनों के बीच प्यार हो गया।

कोरोना काल में दोनों लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने लगे। विनय ने डेढ़ लाख रुपये का कर्ज लेकर युवती को गहने भी दिए थे।

लेकिन, डेढ़ साल पहले युवती ने विनय को धोखा दे दिया था।

युवती और उसका परिवार विनय को धमकाने लगा। इससे वह अवसाद में रहने लगा।

साथ ही बताया कि वो पिछले करीब डेढ़ साल से अजीब हरकतें करने लगा था। कभी साड़ी पहन लेता था तो कभी दूसरा भेष बना लेता था। शुक्रवार की शाम घर में कोई नहीं था। इसी बीच उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## खिलाड़ियों को जल्द सौंपा जाएगा बहुउद्देश्यीय खेल मैदान

**जन एक्सप्रेस/झांसी।** खेलों को बढ़ावा देने के लिए झांसी स्मार्ट सिटी योजना के तहत राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मल्टी परपज स्पोर्टस ग्राउंड का निर्माण किया जा रहा। जो खिलाड़ियों के लिए जल्द खोला जाएगा जिससे खिलाड़ी यहां खेलों का अभ्यास कर सकें। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में झांसी स्मार्ट सिटी योजना के तहत मल्टी परपज स्पोर्टस ग्राउंड का निर्माण किया गया। जिसमें खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट, सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, फुटबॉल, वॉलीवॉल, बैड़मिंटन कोट, पवेलियन, वीआईपी लाउंज बनाए गए हैं। इसके अलावा दिन और रात के मैच के लिए हाईमास्ट लाइटें भी लगाई गई हैं। जिससे खिलाड़ी रात में मैच खेल सकते हैं एवं खेलों का अभ्यास कर सकते हैं।

## अपनी पार्टी के प्रचार के लिए प्रयागराज आएंगी ममता बनर्जी, मई में बन रहा कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मई में प्रयागराज आ सकती हैं। वह अपने पार्टी के प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी के लिए वोट मांगेंगी। ममता की पार्टी टीएमसी को इंडिया गठबंधन से यूपी में एक सीट मिली है। भदोही लोकसभा सीट से टीएमसी ने ललितेश पति को उम्मीदवार बनाया है। भदोही लोक सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से टीएमसी प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी के प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मई में प्रयागराज आ सकती हैं। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ हंडिया या प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित कर सकती हैं। सपा ने भदोही लोकसभा सीट टीएमसी के ललितेश पति त्रिपाठी को दे दी है। ललितेश पूर्व सीएम कमलापति त्रिपाठी के परपोते हैं। भदोही लोकसभा सीट में प्रयागराज की हंडिया, प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। टिकट मिलने के बाद पहली बार प्रयागराज पहुंचे ललितेश का शनिवार को सपा के जिला कार्यालय में स्वागत किया गया। पूछा गया कि उनके चुनाव प्रचार के लिए ममता बनर्जी प्रयागराज आएंगी तो उन्होंने कहा कि यूपी की तरह बंगाल में भी लोकसभा चुनाव सात चरणों में है। कहा कि उन्हें बुलाया गया है। प्रयास किया जाएगा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ उनकी एक बड़ी चुनावी जनसभा हो। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी एनडीए सरकार के कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ी है। सरकारी तंत्र का बेजा इस्तेमाल कर विपक्ष के नेताओं को डराया, धमकाया जा रहा है।

## कई उड़ान बंद होने का मामला पीएमओ पहुंचा व्यापार मंडल ने पीएम को ट्वीट कर भेजा पत्र

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय उड्डयन मंत्री को पत्र भेजे जाने के पूर्व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक सिविल लाइंस स्थित होटल यश पदम में आयोजित बैठक में महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एयरपोर्ट पर निरंतर कम हो रही फ्लाइट की संख्या पर चिंता जताई गई। प्रयागराज से संचालित तमाम विमानों को बंद कर दिए जाने का मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच गया है। यहां के व्यापारियों ने पीएम और उनके कार्यालय को सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से गुजारिश की है जो विमानन कंपनी इंडिगो और एलाइंस एयर ने जो विमान सेवा बंद की है उसका संचालन फिर से शुरू किया। विमान बंद होने से प्रयागराज के पर्यटन एवं यहां के कारोबार पर असर पड़ रहा है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी पत्र भेजा है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय उड्डयन मंत्री को पत्र भेजे जाने के पूर्व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक सिविल लाइंस स्थित होटल यश पदम में आयोजित बैठक में महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एयरपोर्ट पर निरंतर कम हो रही फ्लाइट की संख्या पर चिंता जताई गई। योगेश ने कहा कि जहां एक तरफ प्रयागराज में कुंभ की तैयारी के मद्देनजर एयरपोर्ट को बड़ा एवं आधुनिक बनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ उड़ानों की संख्या कम होती जा रही है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.0 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 22.4 (+4.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 41 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर- पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# दलित को ईसाई बनाने के लिए धर्मान्तरण गैंग ने नीचता की हदें कर दी पार






* गरीबों को बसों में भरकर धर्मांतरण कराने के लिए लेकर जा रहे थे उन्नाव
* पत्नी को पति से किया अलग, शर्त रख पति से कहा जब बनोगे ईसाई तब मिलेगी पत्नी

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर/उन्नाव।** शहर में बजरंग दल और कानपुर कमिशरेट पुलिस की सतर्कता चलते सैकड़ो गरीब परिवारों को उनका धर्म परिवर्तन करने से बचा लिया गया है। सैंकड़ों हिंदू परिवारों को ईसाई मिशनरी के लोग
पैसों का प्रलोभन देकर उनका धर्मांतरण करवाने के लिए उन्हें उन्नाव लेकर जा रहे थे। लेकिन शनिवार/रविवार की रात्रि में थाना नवाबगंज की सीमा के गंगा बैराज पर दो बसों को पूछताछ की गई तो सारा खुलासा हुआ।

नवाबगंज पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूरे गैंग का खुलासा करने की बात कह रही है।

बजरंग दल के नेता कृष्णा तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि उन्हें सूचना मिली थी कि बीते शनिवार को लगभग 6:30 बजे के समय सैकड़ो लोग बस के माध्यम से धर्मांतरण कराने के लिए उन्नाव की ओर निकलेंगे, श्री तिवारी की मानें तो धर्मांतरण करने वाले गैंग के कुछ सदस्यों को बजरंग दल के पास सूचना पहुंचने का अंदेशा हो गया था। इसलिए धर्मांतरण गैंग के सदस्यों ने समय में परिवर्तन कर दिया फिर भी बजरंग दल और पुलिस की टीमें खुफिया तौर पर उन्हें दबोचने के लिए लगी हुई थीं।




संजय वाल्मीकि



" नवाबगंज पुलिस को उन्नाव में किसी विशेष जगह पर धर्मांतरण कराने की सूचना मिली थी। रात्रि में एक से दो बजे के बीच थाना नवाबगंज के गंगा बैराज पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने जब दो बसों को रोका तो उसमें एक संजय वाल्मीकि नाम के आदमी ने बताया है कि उन्हें धर्मांतरण कराने के लिए उन्नाव ले जाया जा रहा था। संजय की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

–महेश कुमार
ए.सी.पी.
कर्नलगंज

### रात्रि एक बजे गंगा बैराज के पास रोकी गई बसें



पुलिस अधिकारियों और बजरंग दल के नेताओं के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रात्रि 1 बजे से 2 बजे के बीच खाना नवाबगंज की सीमा अंतर्गत गंगा बैराज पर दो संदिग्ध बसों को जब रोका गया तो उसमें काफी लोग बैठे पाए गए। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो सारा का सारा मामला खुलकर सामने आ गया।



" हमें सूचना लगभग 20 बसों की कानपुर से रवाना होने की मिली थी। लेकिन धर्मांतरण गैंग के सदस्यों को इसकी भनक लग गई, इसलिए कुछ बसें अन्य जगहों से होकर उन्नाव के लिए रवाना हो गई है फिर भी हमारा संगठन बजरंग दल और उसके सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता वचनबद्ध होकर हिंदुत्व की रक्षा करने में लगे हुए हैं।

–कृष्णा तिवारी
नेता बजरंग दल कानपुर नगर

### क्या लगे हैं आरोप

मुकदमा दर्ज कराने वाले अरमापुर निवासी संजय बाल्मिकी का आरोप है कि साइमन विलियम पुत्र नोयल विलियम पता ईडब्ल्यूएस 5067 आवास विकास 03 थाना कल्याणपुर कानपुर नगर तथा दीपक मोरिस पुत्र स्व0 मैनुअल मरिस निवासी 36/10 विष्णु पुरी थाना कोहना कानपुर नगर ने उसको प्रलोभन देते हुए कहा कि तुम अगर हमारे चर्च में प्रभु यीशु की पूजा करोगे तो तुम्हारे सारे दुख दर्द परेशानियां समाप्त हो जाएगी। संजय के आरोपों की माने तो उन्होंने उसकी पत्नी को भी बहका दिया जिससे वह उसके साथ नहीं आना चाहती इन लोगों ने कहा जब तुम ईसाई धर्म अपना लोगे तो तुम्हारी पत्नी अपने आप ही तुम्हारे पास आ जाएगी। तुम्हे अपने हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां हटानी होगी। हिंदू धर्म छोड़कर इसाई बनना होगा ईसाई धर्म स्वीकार करते ही हमारा क्रिश्चियन समाज व चर्च मिलकर तुमको 40000 से 50000 व नौकरी व संपूर्ण इलाज का खर्च देंगे और बताया कि हमारे चर्च के पादरी द्वारा जो पानी दिया जाता है, अपनी आंखों पर लगाओगे तो प्रभु यीशु की रहमत बरसेगी। दोनों लोग उसे जबरदस्ती बस में बिठाकर धर्म परिवर्तन करने हेतु उन्नाव ले जा रहे थे तब उसने बजरंग दल वालों को सूचना दी और उन्होंने उसे गंगा बैराज के पुल के पास बचाया।

### धर्मांतरण की तैयारी की सूचना पर हरकत में आया हिंदू जागरण मंच

उन्नाव। ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित स्कूल व चर्च में बाहर से हिंदुओं को लाकर धर्मांतरण कराने की तैयारी की सूचना पर हिंदू जागरण मंच के प्रभारी ने अजगैन कोतवाल से मुलाकात की। उन्होंने किसी भी सूरत में ऐसा न होने देने की बात कही। जिस पर पुलिस ने आश्वस्त किया। बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के क्षेत्रीय लोगों ने बीती रात नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व हिन्दू जागरण मंच के प्रभारी विमल द्विवेदी को सूचना दी गई की ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित एक स्कूल व चर्च मे रविवार को बाहर से हिंदुओं को लाकर धर्मांतरण की तैयारी की जा रही है। जिसको संज्ञान में लेते हुए विमल द्विवेदी ने जनपद के उच्चाधिकारियों से उक्त साजिश के संदर्भ में जानकारी दी जिसको संज्ञान में लेते हुए पुलिस व जिला प्रशासन हरकत में आया व कार्यवाही का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने इस संबंध में अजगैन कोतवाल अवनीश सिंह से कोतवाली पहुंच कर वार्ता भी की। विमल द्विवेदी ने जिला प्रशासन व योगी सरकार से ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित स्कूल की आड़ में धर्मांतरण कराने वाले स्कूलों को चिन्हित कर बंद कराने व बुलडोजर चलाने व संचालकों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है।

## लिंग भेद हमारे समाज की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक तरक्की को करता है अवरुद्ध : डॉ.किरन झा



जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की एनएसएस अटल इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के आखिरी दिन रविवार को स्वयंसेवकों ने एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्कूल ऑफ आर्ट्स, ह्युमेनिटीज एवं सोशल साइंसेज की निदेशक डॉ.किरन झा ने नारी सशक्तिकरण पर बताते हुए कहा कि लिंगभेद हमारे समाज की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक तरक्की को अवरुद्ध करता है। उन्होंने बेटियों की पिता की संपत्ति में संवैधानिक हिस्सेदारी के विषय में बताया व बंगाल के शोध का जिक्र भी किया। जिसमे उन्होंने बताया कि नवजात लड़कियों के अपेक्षा में लड़कों को बेहतर शिक्षा व स्वास्थ सुविधाएं मिलती हैं। प्रथम सत्र के दूसरे भाग में यंग इंडियन्स के कानपुर चैप्टर की गीतिका का उद्यमशीलता पर व्याख्यान हुआ।
उन्होंने स्वयंसेवकों को उद्यमशीलता के मार्ग को अपनाने के लिए अपने उद्धरण स्काई इज द लिमिट से प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मानस उपाध्याय द्वारा अतिथियों को उत्तरी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।
समापन के द्वितीय सत्र में विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ.शरद दीक्षित ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयंसेवकों को लगातार बिना रुके, बिना थके समाजसेवी कार्यों में बढ़ - चढ़कर प्रतिभाग सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।
वही विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ.प्रवीन कटियार ने सभी स्वयंसेवकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। डॉ.मानस उपाध्याय ने विशेष शिविर के चुने हुए नौ स्वयंसेवकों को नवरत्न की उपाधि प्रदान की।
इस अवसर पर पीयूष जेटली, कुशाग्र जायसवाल, अभय दीक्षित, ऋषब यादव, खुशी द्विवेदी, पलक द्विवेदी, करन सोनी एवं शिवम तिवारी आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कैंप में उड़ा अबीर और गुलाल



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कैंप में ऐतिहासिक पर्व गंगा मेला के अवसर पर विभिन्न संगठनों के सदस्यों, नागरिक संघ के सदस्यो, प्रशासनिक अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रमुखो ने अबीर गुलाल लगाकर फूलों से होली खेली। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, मंत्री उदयराज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतिकांत पाल, मण्डल मंत्री संतोष तिवारी, संप्रेक्षक मेवालाल कनौजिया ने सभी को अबीर गुलाल लगाकर व पुष्प भेंटकर सम्मानित किया।
कैंप में भूपेश अवस्थी, राजेश शुक्ला, अमिताभ बाजपेई, वीरसेन यादव, रमेश अवस्थी, आलोक मिश्रा, अजय बाल्मिकी, बी एल गुलाबिया, अमित कुमार, ललितेश तिवारी, अनिल द्विवेदी, सुखेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

## दिव्यांग पार्टी के शिविर में बनेंगे वोटर कार्ड

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी दिव्यांगजन का वोटर कार्ड बनवाने के लिए 1 से 3 अप्रैल तक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में शिविर का आयोजन करेगी। कल वोटर कार्ड के लिए फार्म भरने आये दिव्यांगजन मे दर्जनों ऐसे भी थे जिनका वोटर कार्ड तो बना है लेकिन वोटर लिस्ट से उनका नाम गायब है। ऐसे दिव्यांगजन का दोबारा आवेदन भरवाया गया है। बहुत से दिव्यांगजन वोटर कार्ड के लिये कहीं भी आने जाने में सक्षम नहीं है। बहुत से दिव्यांगजन के पास उम्र का कोई प्रमाण पत्र नहीं है।
कानपुर नगर में 75 फीसदी दिव्यांगजन के वोटर लिस्ट में नाम नहीं है। उनके वोटर कार्ड नहीं बने है। जिससे वो मतदान में भाग लेने से वंचित हो जायेगे।
राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने सभी दिव्यांगजन का वोटर कार्ड बनाने की मांग की थी। लेकिन जिला निर्वाचन कार्यालय ने अभी तक शेष बचे दिव्यांगजन को मतदाता बनाने में रूची नही लि है। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने अब सभी दिव्यांगजन को मतदाता बनाने के लिए शिविर का आयोजन कर रही है। इसके लिए आधार कार्ड, परिवार के किसी सदस्य का वोटर कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, उम्र का प्रमाण पत्र व फोटो के साथ शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में दिव्यांगजन को बुलाया गया है।
पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि 2011 की जनगणना में 116 292 दिव्यांगजन पंजीकृत हैं। प्रशासन द्वारा 26468 दिव्यांग मतदाताओं की संख्या बतायी जा रही है। उस हिसाब से 75 फीसदी दिव्यांगजन मतदाता नही बन सके है। निर्वाचन कार्यालय केवल उन्हीं दिव्यांगजन को मतदान करवाने में फोकस कर रहा है। जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है। मतदाता सूची में नाम न होने वालो के नाम बढाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मतदाता बनाओ शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, गौरव कुमार, बैभव दीक्षित आदि शामिल थे।




## परास्नातक तथा पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) की प्रवेश परीक्षाएं 6 और 7 जून के स्थान पर 11 एवं 12 जून को संपन्न? होगी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि पूर्व में निर्धारित स्नातक की प्रवेश परीक्षा 6 जून और परास्नातक व पीएचडी प्रवेश परीक्षा 7 जून को संपन्न होनी थी।लेकिन ये परीक्षाएं अब स्नातक 11 जून व परास्नातक तथा पीएचडी प्रवेश परीक्षा 12 जून 2024 को संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया की यूपी कैटेट 2024 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरे जा रहे हैं इस वर्ष उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसके आवेदन पत्र ऑनलाइन 7 मई 2024 तक भरे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम परीक्षा, अर्हता, शुल्क, सीटों की संख्या आदि की सूचना निर्धारित वेबसाइट https://upcatet.org या www.svpuat.edu.in पर प्राप्त कर सकते है।

## घर भीतर घुस कर मारपीट करना पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना रेल बाजार में एक महिला की तहरीर पर दबंगों के विरुद्ध एससी एसटी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना रेल बाजार के खपरा महल में निवास करने वाली पीड़ीत महिला निन्नी सोनकर का आरोप है कि उसके पड़ोस में रहने वाले धर्मेन्द्र उर्फ बड़े यादव पुत्र स्व. अज्ञात, करन पुत्र अजय, अर्जुन पुत्र अजय व अन्य दो द्वारा उनके घर में घुसकर के निवास में पूर्णिमा सोनकर व गूंगी को लात घूसों थप्पड़ो से व गुम्मा फेंककर मारा पीटा गया है साथ ही बाहर खड़ी मोटर साइकिल को तोड़ फोड़ कर दी तथा जान माल की धमकी दी है।

## मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने मुख्तार अहमद अंसारी को श्रद्धांजलि पेश की



### कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल-शरिया हेल्पलाइन से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

**प्रश्न** : ऋणग्रस्त (मक़रूज़) साहेबे निसाब को ज़कात दे सकते हैं ?
**उत्तर** : अगर उस पर इतना ऋण हो कि ज़रूरत से ज़्यादा माल ऋण क़र्ज़ की अदायगी में लग जायेगा तो, ऐसे व्यक्ति को ज़कात दे सकते हैं । नोट – व्यवसायिक ऋण क़र्ज़ इससे अलग है।
**प्रश्न** : क्या तरावीह में हाफिज़ साहब के पीछे सुनने वाले दूसरे हाफिज़ का होना ज़रूरी है ?
**उत्तर** : नहीं , अगर हाफिज़ साहब को अच्छा कुरआन याद है और ग़लत ना पढ़ने पर लोगों को भी विश्वास है तो बिना दूसरे हाफिज़ के तरावीह पढ़ने में कोई हर्ज नहीं है, लेकिन सुनने वाले हाफिज़ को तय कर लेना बेहतर है।
**प्रश्न** : क्या महिला ऐतिकाफ की हालत में पानी लेने के लिये रसोई तक जा सकती है ?
**उत्तर** : अगर कोई और पानी देने के लिये ना हो और प्यास लगी हो तो महिला पानी लेने के लिये रसोई तक जा सकती है।
**प्रश्न** : शेयरों पर ज़कात है या नहीं ? और इसकी ज़कात किस प्रकार निकाली जाये ?
**उत्तर** : साहेबे निसाब व्यक्ति पर शेयरों में भी ज़कात है और शेयरों के वर्तमान मूल्य पर ज़कात का हुक्म होगा, उदाहरणत: यदि एक लाख का शेयर खरीदा था अब उसका मूल्य (वैल्यू) बढ़कर एक लाख बीस हज़ार हो गया है और यह कुल आपकी मिल्कियत है तो एक लाख बीस हज़ार की ज़कात निकलेगी और अगर उसके मूल्य (वैल्यू) में कमी आई है, तो उसी के अनुसार ज़कात को हिसाब किया जायेगा।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने आज जाजमऊ स्थित नगर जमीयत के कैम्प कार्यालय में ग़ाज़ीपुर और मऊ के प्रसिद्ध सामाजिक व राजनितिक नेता मुख्तार अहमद अंसारी के इंतेक़ाल पर ग़म व्यक्त करने के साथ ही श्रद्धांजलि पेश करते हुए कहा कि उनकी मौत के कारणों पर अवामी शंकाए और परिजनों के अविश्वास से न्याय और न्याय करने वाली संस्थाओं पर होने वाले वाले विश्वास को भारी नुक़्सान पहुंचा है। मौलाना अब्दुल्लाह ने जमीयत उलेमा हिन्द के अध्यक्ष मैलाना महमूद मदनी के हवाले से कहा कि सिर्फ न्याय काफी नहीं है बल्कि न्याय पर ऐतबार और भरोसा भी ज़रूरी है। हाल के दिनों में यू.पी. जेल और पुलिस अभिरक्षा में कई राजनीतिक व सामाजिक नेताओं की हत्या या रहस्यमय मौत से शंकाएं और अधिक प्रबल हुई हैं।
मौलाना ने कहा कि मुख्तार अहमद अंसारी ग़रीबों और मज़लूमों के मददगार के रूप में हमेशा जाने और पहचाने जायेंगे। मीडिया माफिया-डान के रूप में दिखाकर उनकी सार्वजनिक लोकप्रियता और खिदमत को मिटाया नहीं जा सकता। उन्होंने कानून के अनुसार अपने जीवन का लम्बा समय जेल में गुज़ारा है, कानून के अनुसार जुर्म की सज़ा से कोई असहमत नहीं लेकिन कानून के विरूद्ध क़ैदी के साथ क्रूर व्यवहार और हत्या हरगिज़ मंजूर नहीं और इसके बारे में शासन को न्याय की अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए। उनकी रहस्यमयी मृत्यु ने बहुत सारे प्रश्न खड़े कर दिये हैं जिसकी वजह से उनकी लोकप्रियता और समर्थन स्वभाविक है।
मौलाना अब्दुल्लाह ने यहां बताया कि मुख्तार अहमद अंसारी का परिवार देशभक्ति और देश की निःस्वार्थ सेवा के लिये जाना जाता है। उनकी वंशावली स्वतंत्रता सेनानी डा. मुख्तार अहमद अंसारी रह0 और शहीद ब्रिगेडियर मुहम्मद उस्मान और पूर्व उपराष्ट्रपति डा. हामिद अली अंसारी जैसी हस्तियों से मिलती है। उनके दादा डा. मुख्तार अंसारी महान स्वतंत्रता सेनानी थे, वह इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष और जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के संस्थापक थे। उनका हजरत शेख-उल-हिंद मौलाना महमूद हसन देवबंदी से करीबी रिश्ता था। वह हजरत शेख-उल-हिंद के भक्त थे, सम्मान करने वाले और प्रशिक्षित थे। इसी तरह, 'नौशेरा के शेर' के नाम से मशहूर नाना शहीद ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान ने इस मातृभूमि की महानता के लिए 1948 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस परंपरा को दिवंगत के पिता सुभानुल्लाह अंसारी ने भी आगे बढ़ाया।
मौलाना अब्दुल्लाह ने मौलाना महमूद मदनी के मांग का जमीयत उलेमा यू.पी की ओर से समर्थन किया कि उनकी मौत के कारणों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच जल्द से जल्द पूरी की जाए, क्योंकि न्याय के सिद्धांतों, न्यायिक प्रणाली में विश्वास और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर मौलाना ने मुख्तार अंसारी के परिजनों खासकर उनके बड़े भाई सिबगतुल्लाह अंसारी, अफ़जाल अंसारी, साहबजादे अब्बास अंसारी, उमर अंसारी, भतीजे सोहैब अंसारी आदि के प्रति हार्दिक सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की और मृतक के लिए मगफिरत की दुआ की है।

## बहन ने भाई पर लगाया मार पीट कर कपड़े फाड़ने का आरोप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कहने को तो भाई बहन के रिश्ते को पवित्र माना गया गया है लेकिन आज के समय की सोच ने इस रिश्ते को भी अपवित्र करना शुरू कर दिया है। ऐसी ही एक घटना बीते दिन रविवार को देखने को मिली जहां पर एक भाई ने अपनी बहन को मार पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। बता दे की थाना बर्रा क्षेत्र के दामोदर नगर मे एक बालिक लड़की जो की इंटर की छात्रा है और दिल्ली की रहने वाली है। लड़की दिल्ली से कानपुर मे अपने नाना नानी यहां रहकर इंटर की पढ़ाई कर रही है। लड़की कानपुर मे नीट की तैयारी भी कर रही है कल उसका पेपर भी था। पीड़ित लड़की ने बताया कि उसके मामा मामी उनके बच्चे आए दिन उसके साथ मारपीट करते हैं और उसे प्रताड़ित करते हैं। कल अचानक लड़की के मामा और मामी और उनके बच्चों ने किसी बात को लेकर लड़की के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और मामा के लड़के दिव्यांशु गुप्ता ने लड़की के कपड़े फाड़ दिए वही लड़की ने आरोप लगाया है कि उसके मामा मामी और उनके बच्चे उस पर आए दिन इस तरह का अत्याचार करते हैं।

## नाजायज तमंचे और कारतूस संग शातिर को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना काकादेव पुलिस ने तमंचा लगाकर घूम रहे एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। बीते दिन शनिवार को पांडु नगर पुलिस को सूचना मिली कि सैय्यद बाबा मजार के पास बने सुलभ शौचालय से सटे हुए पार्क के किनारे एक अधेड़ बैठा हुआ है और वह तमंचा लगाए हुए है। जिसके बाद पुलिस ने भूमिका बनाकर अधेड़ को धर दबोचा।
पकड़े गए अधेड़ ने अपना नाम 41 वर्षीय श्याम किशोर उर्फ डब्बू बताया है। श्याम किशोर काकादेव क्षेत्र के नवीन नगर का रहने वाला है। पुलिस ने श्याम किशोर के पास से एक 315 बोर का तमंचा और दो अवैध कारतूस बरामद किए हैं। वहीं पुलिस ने बताया कि श्याम किशोर के ऊपर पूर्व मे काकादेव थाने मे एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। हालाकि श्याम किशोर को पुलिस ने न्यायालय मे पेशकर जेल भेज दिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने मे पांडु नगर चौकी प्रभारी राहुल शुक्ला के साथ राजू खरवार, जसवंत सिंह आमोद कुमार शामिल रहे।



## महिला संग मारपीट छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना रेल बाजार में एक पीड़ित महिला की तहरीर पर छेड़छाड़ समेत अन्य गंभीर धाराओं में पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है पीड़िता का आरोप है कि जब वह अपने घर में खाना बना रही थी उसी समय उसके पडोस में रहने वाले किट्टू उर्फ अमन सोनकर और उसका बड़ा भाई विक्रम सोनकर मोनटी सोनकर और उसके दो साथी जबरन उनके घर में घुस आये और उनके साथ छेड़खानी करने लगे मोनटी और विक्रम ने उनका कुर्ता पूरी तरह से फाड़ दिया और उनके शरीर को गलत नीयत से छूने लगे , जब वह चिल्लाने लगी तो अमन ने उनके मुंह में कपड़ा ठूस दिया ,इतने बहन घर के अन्दर आने पर दो अज्ञात लोगों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। आरोप है कि पीड़ीत महिला के साथ मारपीट की गई और सभी ने उन्हें नग्न कर दिया। इस दौरान पीड़ित महिला चिल्लाई तो मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। मोहल्ले के लोगों की इकट्ठा होने पर सभी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पीड़ित महिला की तहरीर पर रेल बाजार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# तीन राज्यों के राज्यपाल पहुंचे अयोध्या किया रामलला का दर्शन पूजन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

तीन प्रदेशों के राज्यपाल रविवार को प्रभु श्री राम लला के नव्य भव्य मंदिर में विधि विधान से दर्शन पूजन किया तीनों प्रदेशों के राज्यपालों ने प्रभु राम के दरबार में लगाई अपनी हाजिरी मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान, गुजरात के राज्यपाल देवव्रत आचार्य, सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य अयोध्या पहुंचे उन्हें सर्किट हाउस में ही दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कर्नाटक से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।



**मुझे खुशी है कि रामराज्य की परिकल्पना साकार हो रही है:**

**राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य**

राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि अयोध्या पहुंचकर बहुत ही आनंद की अनुभूति हो रही है, ऐसी अनुभूति हो रही है जिसकी मैं अभिव्यक्ति नहीं कर सकता, केवल एहसास कर सकता हूं, वंदन अभिनंदन करता हूं जिसके कारण मुझे यह सौभाग्य मिला, जिस मजबूत संकल्प शक्ति के कारण आज भगवान श्री राम का दर्शन करने का अवसर मिल रहा है, उसका बहुत आनंद है, राम लला अपने भव्य मंदिर में विराजमान है, उसी तरह से भगवान राम लला का स्वरूप भी बनाया गया है, अब रामराज्य की कल्पना की जा रही है, महात्मा गांधी ने भी आजादी के बाद राम राज्य की परिकल्पना थी, मुझे खुशी है कि रामराज्य की परिकल्पना साकार हो रही है, अखबार के माध्यम से टीवी के माध्यम से देख रहा हूं शायद दुनिया में किसी स्थान पर इतनी भीड़ हो रही है तो वो अयोध्या है और यहां सब व्यवस्थित चल रहा है, कौन ऐसा अभागा होगा जो भगवान राम का दर्शन पाने की उत्सुकता नहीं रखता होगा।

### नीलगाय से टकराई तरबगंज विधायक प्रेम नारायण की गाड़ी, बाल बाल बचे

**जन एक्सप्रेस/गोण्डा।** तरबगंज से भाजपा विधायक प्रेम नारायण पांडे की गाड़ी रविवार को तरबगंज थाना क्षेत्र के चांदपुर चौराहे के पास एक नीलगाय से टकरा गई। गनीमत रही की विधायक के हादसे में बाल बाल बच गए। हादसे में विधायक की गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। विधायक के साथ हुई सड़क हादसे की खबर सुनकर बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौके पर जुट गए। तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रेम नारायण पांडे रविवार की सुबह अपने घर से मुख्यालय जाने के लिए निकले थे। उनका काफिला चंदा चौराहे से आगे निकला था कि उनकी गाड़ी के सामने अचानक एक नीलगाय आ गयी। हालांकि विधायक के चालक ने वाहन को रोकने की पूरी कोशिश की इसके बावजूद गाड़ी नीलगाय से टकरा गयी। गमीनत रही कि वाहन की रफ्तार धीमी होने के कारण विधायक इस हादसे में बाल बाल बच गए।

# मुस्लिम समाज के लोगों से मिलीं स्मृति ईरानी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति इरानी ने रविवार को अपने आवास पर संसदीय क्षेत्र अमेठी के मुस्लिम समाज के आए हुए हजारों लोगों से मुलाकात की। स्मृति से मिलकर मुस्लिम समाज के लोग गदगद दिखे।वहीं सभी ने एक स्वर से मोदी व योगी सरकार की नीतियों के साथ ही अमेठी में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए हुए कार्यों के लिए स्मृति की तारीफ की। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति पिछले चार दिनों से अपने संसदीय क्षेत्र में हैं। और आवास पर बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बैठक करने के साथ सभी वर्गों के लोगों से मुलाकात की। रविवार को उनके आवास पर पूरे संसदीय क्षेत्र से मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और स्मृति ईरानी से मुलाकात कर अपने मन की



बात कही। सभी ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के बिना भेदभाव के सभी तक बराबर व एक साथ पहुंचने के लिए सराहना की तथा अमेठी संसदीय क्षेत्र में दीदी स्मृति के प्रयास से हो रहे विकास कार्यों की तारीफ करते हुए कहाकि दीदी बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर आगे बढ़ रही हैं।यही वजह है कि आज उनसे मिलने बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग अपने सांसद के आवास पर पहुंचे हैं।यह पहला मौका है,जब अमेठी के मुस्लिम समाज के लोगों को इतनी बड़ी संख्या में अपने सांसद के आवास पर सम्मान के साथ बुलाया गया।

अब से पहले किसी भी सांसद ने उन्हें अपने आवास पर नहीं बुलाया। इसी के साथ लोकसभा सोशल मीडिया वालिंटियर मीट में स्मृति ईरानी शामिल हुईं।

# इंडियन सवर्ण समाज पार्टी की हुई बैठक

**एससी एसटी एक्ट जैसे काले कानून के वजह से प्रतिभा का गला घोंटा जा रहा: दिलीप राम त्रिपाठी**




**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

इंडियन सवर्ण समाज पार्टी की एक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में होली मिलन समारोह एवं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति होने तक अनवरत प्रयत्नशील बने रहने के लिए प्रेरित किया गया। 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा की सवर्ण समाज पार्टी कार्यकर्ता घर घर जाकर प्रत्येक परिवार को अपने मुद्दे से जोड़ते हुए विशाल जनसमर्थन प्राप्त कर अपने समाज के साथ हो रहे कुठाराघात, अन्याय, सौतेला व्यवहार सुयोग्य, प्रतिभाशाली कर्मठ व्यक्तियों को आरक्षण एससी एसटी एक्ट जैसे काले कानून के वजह से प्रतिभा का गला घोंटा जा रहा है और जो भी सरकारें आती हैं वह सवर्णों की अनदेखी कर रही है सवर्ण समाज पार्टी इसका मुख्तोड़ जवाब देगी इस मौके पर कई अन्य पदाधिकारियों ने भी बैठक को संबोधित किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार मिश्रा,अनीश कुमार त्रिपाठी टांडा विधानसभा अध्यक्ष शेष मणि दूबे उत्तर प्रदेश सचिव संजय शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अंबेडकर नगर बृजेश लाल गोसाईगंज विधानसभा सचिव इंद्रमणि पांडेय अयोध्या उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी देवकाली अयोध्या घनश्याम मिश्र रामजी पांडेय मंडल प्रभारी पंडित विजय तिवारी हरी विलास तिवारी सत्यम तिवारी गोकर्णनाथ तिवारी प्रदीप तिवारी मनोज कुमार दूबे राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# जीआरपी एसपी ने परखी रेलवे स्टेशन की सुरक्षा, पढ़ाया कर्त्तव्य निष्ठा का पाठ

**जन एक्सप्रेस । गोण्डा**

पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर अवधेश सिंह ने शनिवार को गोंडा जीआरपी थाने का औचक निरीक्षण किया और स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था परखी।घ् एसपी ने पुलिसकर्मियों से थाने के अभिलेखों के रखरखाव सरकारी अस्त्र शस्त्रों की हैंडलिंग व उनके कल पुर्जो के बारे में भी जानकारी ली और मातहतों को सेवा और कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रेलवे गोरखपुर के एसपी अवधेश कुमार सिंह ने शनिवार शाम को जीआरपी थाने का निरीक्षण किया।

एसपी ने थाना जीआरपी के कार्यालय, मालखाना, बन्दीगृह, रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, महिला हेल्प डेस्क, कर्मचारी बैरक, मेस आदि का निरीक्षण किया और परिसर के साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय के अभिलेखों, रजिस्टरों के रख-रखाव तथा सरकारी शस्त्रों के हैण्डिलिंग तथा कल पुर्जो के बारें में कर्मचारियों से पूछा और आवश्यक निर्देश दिये। जीआरपी के उपनिरीक्षकों एवं जवानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी जवान अच्छी वर्दी धारण करे, सेवाभाव से अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं सतर्क रहते हुए ड्यूटी करें। थाने पर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई और सभी मामलों में सुसंगत साक्ष्यों का समावेश करते हुए निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर सभी महत्वपूर्ण रात्रिकालीन ट्रेन में एस्कोर्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसपी ने अधिकारियों और जवानों के साथ प्लेटफार्म, वेटिंग रूम, रिटायरिंग रूम और सर्कुलेटिंग एरिया का भ्रमण भी किया। जीआरपी कोतवाल को ईद व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्टेशन, ट्रेन व सरर्कुलेटिंग एरिया में सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया।घ्एसपी ने कहा कि संधिग्ध व्यक्ति या वस्तु पर दिखाई देने पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

# पुलिस की जांच में लूट की घटना निकली झूठी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जनपद के थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक से संबन्धित लूट की खबर प्रसारित होने पर प्रकरण की विस्तृत जांच थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक द्वारा की गई तो पाया गया कि लूट की बात झूठी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आवेदक मनोज कुमार पुत्र राम अधार निवासी पूरे गुलजार मउ अतवारा थाना जगदीशपुर अमेठी व विपक्षी कुलदीप नारायण उर्फ राजन यज्ञसैनी पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी कस्बा रानीगंज थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी के बीच तीस हजार रुपये के लेन देन का विवाद रहा।आवेदक मनोज कुमार रानीगंज चौराहे पर फल बेचता है।तथा व्यापार को बढाने हेतु कुलदीप नारायण उर्फ राजन यज्ञसैनी उपरोक्त से एक माह पहले तीस हजार रुपये उधार लिया गया था।आवेदक द्वारा अठारह हजार रुपये पूर्व में कुलदीप नारायण उर्फ राजन यज्ञसैनी को दिया जा चुका है। कुलदीप नारायण उपरोक्त द्वारा अपने शेष बकाया रूपये की मांग किये जाने पर आवेदक द्वारा अपनी मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स कुलदीप नारायण उपरोक्त को दिया गया।

तथा बताया कि शाम तक शेष बकाया पैसा देकर मोटर साइकिल छुडा लूंगा।इसी बात को लेकर आवेदक द्वारा मनगढ़ंत रूप से घटना को तथाकथित लूट की घटना के रूप में बताया गया।जांच से आवेदक द्वारा बतायी गयी लूट की घटना असत्य व निराधार पायी गयी ।

### छुट्टा मवेशी को बचाने में पलटा आलू लदा ट्रक

**जन एक्सप्रेस/गोण्डा।** फैजाबाद से आलू लादकर गोंडा मंडी जा रहा एक आलू लदा ट्रक गोंडा अयोध्या हाईवे पर पांडेपुर गांव के निकट अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई तो ट्रक पलटने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने ट्रक के भीतर फंसे खलासी को शीशा तोड़कर बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। ट्रक चालक पर बताया कि शनिवार की रात को वह फैजाबाद से आलू लाद कर गोंडा के नवीन सब्जी मंडी जाने के लिए निकला था। गोंडा अयोध्या हाईवे पर वह पांडेपुरवा गांव के निकट पहुंचा था कि अचानक एक छुट्टा मवेशी सड़क के बीच में आ गया। मवेशी को बचाने के चक्कर में उसने अचानक ब्रेक लगाया तो ट्रक अनियंत्रित हो गया और वह सड़क किनारे पलट गया। ट्रक पलटने से ट्रक में लदी आलू की बोरियां फट गयी और आलू चारों तरफबिखर गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने ट्रक के भीतर फंसे खलासी को शीशा तोड़कर बाहर निकाला।

### खेत में पड़ा मिला बुजुर्ग का शव, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/गोण्डा।** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदिरा इंदिरापुरम गांव के निकट पानी की टंकी के पास स्थित खाली पड़ी जमीन में एक बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे मोर्चरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्त में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के सेमरा चौकी प्रभारी उदित वर्मा ने बताया कि शनिवार की देर रात इंदिरापुर गांव में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो पानी की टंकी के पास खाली पड़ी जमीन में एक बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ था। उसकी उम्र करीब 60 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। हालांकि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके पास से किसी तरह का कोई पहचान पत्र या अभिलेख नहीं मिला है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है और शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

# श्रमिकों को इजराइली एजेंसी ने दिया पत्र, 10 अप्रैल से विदेश के लिए भरेंगे उड़ान

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

इस्राइल और हमास के बीच हुए युद्ध के बाद वहां पर श्रमिकों की जरूरत बताई गई थी। इसमें कई श्रेणी के श्रमिकों को काम के लिए बुलाया गया था। ऐसे में जिले से भी श्रमिकों को वहां पर भेजा जाना है। जिसके चलते जिले से अलग-अलग श्रेणी में सैकड़ों की संख्या में आवेदन आए थे। श्रम विभाग ने यह सूची लखनऊ भेजी थी। इसके बाद वहां से 344 श्रमिकों को चिन्हित किया गया है। इन सभी मेडिकल और पुलिस वैरिफिक्रेशन आदि की कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। इनमें से 117 श्रमिकों को इजराइली सरकार की एजेंसी ने बकायदा आफिर्शियली लेटर भी दे दिया है। बताया जा रहा है कि 10 अप्रैल से इन श्रमिकों की रवानगी शुरु हो जाएगी। श्रमिकों को भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कॉरपोरेशन के माध्यम से रोजगार देने के लिए आवेदन मांगे गए थे। जिले के चार सौ से अधिक श्रमिकों ने आवेदन किया था। इनमें से टाइल्स, राज मिस्त्री, बिल्डिंग, फ्रेम वर्क, शटरिंग कार्पेटर, आयरन वेडिंग आदि कार्य के लिए 344 श्रमिकों का चयन हो गया है। इनके स्वास्थ्य परीक्षण के साथ पुलिस द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन भी कराया गया है। चयनित श्रमिकों के कार्य का परीक्षण भी लखनऊ में हो चुका है। सभी जरुरी कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद 117 श्रमिकों को इजराइल सरकार की पीबा यानी पाप्यूलेशन एंड इमीग्रेशन अर्थारिटी यानी जनसंख्या और आप्रवासन प्राधिकरण ने इन्हें बकायदा लेटर भी भेज दिया है। इससे इनके जाने का रास्ता साफ हो गया है। और यह श्रमिक अनुबंध के अनुसार एक से पांच साल तक इजराइल में रहकर अपने ग्रेड के अनुसार कार्य करेंगे। यही नहीं इस बीच श्रमिक अवकाश लेकर अपने वतन आवागमन भी कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें खुद खर्च उठाना पड़ेगा। सामाजिक सुरक्षा के तहत चिकित्सा बीमा तथा प्रवासी भारतीय बीमा योजना 2017 की सुविधाएं भी श्रमिकों को दी जाएंगी। जानकारी के अनुसार इन श्रमिकों को वहां प्रतिमाह सवा लाख रुपये मिलेंगे।श्रम विभाग के अनुसार इन श्रमिकों की रवानगी 10 अप्रैल से प्लेन में सीट की उपलब्धता के अनुसार होगी। श्रमिकों को टिकट आदि के लिए धनराशि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह बताते हैं कि 117 श्रमिकों को पीबा ने लेटर दे दिया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में इनकी रवानगी होगी। श्रम विभाग की माने तो श्रमिक 10 अप्रैल से अलग-अलग तिथियों में इजराइल के लिए रवाना होंगे। वहीं जिले में 20 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान होना है। अब सवाल यह उठता है कि इजराइल जाने वाले साढ़े तीन सौ श्रमिक अपने मत से वंचित रहेंगे। इस संबंध में पूछने पर श्रम विभाग के अधिकारी बताते हैं कि तमाम एनआरआई विदेशों में रहते हैं वह भी तो मतदान नहीं कर पाते होंगे।

# दिमागी बुखार को लेकर प्रशासन अर्लट एडवाइजरी जारी, आज से शुरू अभियान

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

*** एक अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा**

जिले में विशेश संचारी रोग व दिमागी बुखार से निपटने के लिए प्रशासन अर्लट मोड में है। इसके लिए एडवाइजरी भी जारी की गई। सीडीओ जयदेव सीएस ने बताया कि इसके लिए एक अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान 11 विभागों की ओर से समन्वित प्रयास करके इन रोगों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण के लिए कार्यवाही किया जाएगा। कहा कि चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होंगा, जो जनपद, तहसील, ब्लाक व ग्राम स्तर पर विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करके अभियान संचालित करेंगा। अभियान के दौरान बुखार, इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेश (आईएलआई), क्षय रोग तथा कुपोषित बच्चों की प्राप्त सूची के अनुसार रोगियों का उपचार किया जाएगा। विभाग की ओर से अभियान की मानीटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग, अभिलेखीकरण व विश्लेषण किया जाएगा। अभियान को लेकर सीडीओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त संचालित गतिविधियों को ससमय प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हुए पूरा करें। कहा कि नगर पालिका, नगर पंचायते मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से संचारी रोगों के साथ-साथ शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, खुले में शौच न करना तथा मच्छरों के रोक-थाम के लिए जागरूकता के लिए कार्य करेंगी। खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था की जाएगी, फॉगिंग कराई जाएगी, झाड़ियों की सफाई कराई जाएगी। सीडीओ ने कहा कि पशुपालन विभाग सूकर पालको को अन्य व्यवसाय जैसे पोल्ट्री उद्योग को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। सूअरबाड़ो पर वेक्टर नियंत्रण व सीरो सर्विलेन्स की व्यवस्था कराएंगे। सूकरबाड़े आबादी से दूर स्थापित किए जाएंगे। सूअरबाडों की नियमित सफाई कराई जाएगी।

# नवजात बालिका को स्वस्थ होने के पश्चात सीडब्ल्यूसी द्वारा भेजा गया शिशु गृह



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

थाना बाबा बाजार के गणेशपुर जंगल में प्राप्त नवजात बालिका को स्वस्थ होने के पश्चात सीडब्ल्यूसी द्वारा शिशु गृह भेजा गया। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति अयोध्या के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी द्वारा बताया गया 28 मार्च को प्रभारी निरीक्षक द्वारा चाइल्ड लाइन व सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष को ये सूचना दी की उनके क्षेत्र में स्थित गणेश पुर जंगल में एक परित्यक्त नवजात शिशु बालिका मिली है बालिका को जंगल में काफी समय तक पड़े रहने के कारण जगह जगह चीटियों ने काट रखा था इस कारण अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी द्वारा उक्त बालिका को जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती कराने को निर्देशित किया तत्पश्चात नवजात बालिका चाइल्ड लाइन अयोध्या व महिला पुलिस कर्मी के संरक्षण में जिला महिला अस्पताल मे उपचार रत रही तथा स्वस्थ होने के पश्चात 30 मार्च को चाइल्ड लाइन द्वारा न्यायपीठ बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी अयोध्या के समक्ष आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया जिसे अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी व सदस्यगण स्मृता तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी व लल्लन प्रसाद अंबेश द्वारा चाइल्ड लाइन के संरक्षण में राजकीय शिशु गृह लखनऊ हेतु आदेशित किया गया अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी द्वारा बताया गया की उक्त नवजात के जैविक माता पिता अथवा विधिक संरक्षक का 60 दिवस तक इंतज़ार किया जायेगा यदि किसी के द्वारा कोई दावा नहीं किया जाता है तो उक्त नवजात को दत्तक ग्रहण हेतु मुक्त घोषित कर दिया जाएगा व नवजात विधिक प्रक्रिया के अन्तर्गत दत्तक ग्रहण में चली जायेगी व पुनः उसे दत्तक माता पिता की प्राप्ति हो जायेगी।

अध्यक्ष श्री अवस्थी द्वारा पुनः ये अनुरोध किया गया है की जो लोग मजबूरी वश नवजात को ऐसी अवस्था में त्याग देते हैं वह उसे ऐसी जगह न छोड़ें जहां उसके जीवन पर संकट आ जाए वह इस हेतु 1098 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा मेरे नंबर 9336611885 पर भी संपर्क कर सकते हैं उनका नाम गोपनीय रखा जायेगा व उनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं होगी।

### श्रावस्ती पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 35 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/श्रावस्ती।** लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने जनपद में वांछित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान 'ऑपरेशन धरपकड़' चलाया। इसी अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा पिछले 12 घंटे में कुल 35 वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ऑपरेशन धरपकड़ अभियान के अंतर्गत कल रात्रि को अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव तथा क्षेत्राधिकारी इकौना, भिनगा, जमुनहा के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों ने कार्यवाही करते हुए 12 घंटे के अंदर 35 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। इन वारंटियों में छेड़छाड़ दुष्कर्म, मार-पीट, आर्मस् एक्ट, आबकारी, चोरी, वन अधिनियम ,जैसे मामलों के अपराधी शामिल हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

रविवार की सुबह थाना मोहनगंज क्षेत्र के अंतर्गत पूरे हवलदार मजरे हसनपुर गांव में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और जांच में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक पूरे हवलदार मजरे हसनपुर गांव की पच्चीस वर्षीय महिला अफरीन बानो पत्नी इमरान अहमद का शव रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर की छत के ऊपर बने टीन सेट के कमरे में लटका मिला। पति इमरान की माने तो शनिवार देर रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद कमरे में सो गए थे। सुबह पत्नी का शव छत पर बने कमरे में मिला। मृतका के भाई इरफान ने बहनोई समेत ससुरालजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। भाई इरफान की माने तो ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे।मामले को लेकर मोहनगंज प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# वर्तमान सरकार गरीबी नहीं गरीबों को मिटा रही: रामचंद्र झा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में पिछले 50 वर्षों से खेल लगाकर रोजी-रोटी चलने वाले गरीब रामचंद्र झा पूरे परिवार सहित भगवान राम की नगरी में आकर प्रभु के सानिध्य में रहकर जीवन यापन करने लगे नया घाट तिराहा सरजू तट राम की पैड़ी बाईपास आदि कई स्थानों पर समय अनुकूल फुटपाथ पर दुकान लगाकर ठेला लगाकर जैसे तैसे अपने परिवार का भरण पोषण करते चले आ रहे थे।रामचंद्र झा ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि जब से भाजपा सरकार आई है रामनगरी को स्वर्ग बनाने के नाम पर यहां के गरीबों पर ब्रिटिश हुकूमत से ज्यादा जुल्म कर रही है इस रामनगरी में कई ऐसे परिवार हैं ना तो उन्हें कोई सरकारी लाभ मिला ना ही आवास बस के लिए मकोड़े की तरह जीवन यापन करने को बेवस है।गरीब रामचंद्र झा आंखों में आंसू लिए प्रेस प्रतिनिधि को बताते हैं कि हमारे परिवार में सात लोग हैं हम वर्तमान समय में ठेला लगाकर जीवन यापन कर रहे हैं सरकार तो बड़े-बड़े दावे वादे करती हैं सबका साथ सबका विकास नारों में कहती है परंतु गरीबों बेसहारा व अनाथ की सुनने वाला कोई नहीं है जब से भाजपा सरकार



आई है रामनगरी में विकास के नाम पर गरीबों की रोजी-रोटी घर दुकान व मकान सब छीन रही है छीनती तो स्थानीय गरीब जनता का परंतु जब इनका विभाग सरकार प्राधिकरण नगर निगम कहीं भी दुकान मकान बनती भी है तो इतना महंगा रेट लगते हैं स्थानीय गरीब परेशान जरूरतमंद लोग ना ले सके।गरीब रामचंद्र झा आगे बताते हैं की 4 वर्ष करोना काल से गुजर कर किसी तरह नगर वासी जिंदा रहे रोज-रोटी का अकाल पड़ गया था आज जब उबरने का समय आया तो सरकार रामनगरी के गरीबों को उजाड़ने की योजना बना डाली यहां गरीबों को उजाड़ कर बाहरी पूंजी पति सेठ साहूकार सत्ता पक्ष के व्यापारियों के हाथ दुकान मकान बेच रही है। रामचंद्र झा कहते हैं पिछले 50 वर्षों में आज तक ना तो कोई सरकारी आवास दुकान ठेला गुमटी मिला न ही आर्थिक सहायता हां पुलिस जुल्म विद्युत चोरी अतिक्रमण के नाम पर प्रताड़ित जरूर हुआ हूं वह भी निराधार साबित हुए वर्तमान सरकार गरीबों की सबसे बड़ी दुश्मन है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 22°C |
| कानपुर | 36°C | 21°C |
| देहरादून | 29°C | 16°C |
| नई दिल्ली | 34°C | 20°C |

# गेहूं की खरीद: निजी कंपनियों की नजर यूपी पर, सरकार ने घटाया निजी भंडारण का कोटा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



गेहूं खरीदने के लिए निजी कंपनियों की नजर यूपी पर है, क्योंकि यहां गेहूं देश में सबसे सस्ता है। इसके मद्देनजर सरकार ने निजी कंपनियों की भंडारण सीमा घटाकर केवल 500 मीट्रिक टन कर दी है, जो जनवरी तक 3000 मीट्रिक टन थी। दरअसल, केंद्र सरकार का बफर स्टाक पहली बार मानक से भी नीचे जाने की आशंका है। पहले सरकारी गोदाम भरे जाएंगे, फिर निजी कंपनियों को छूट दी जाएगी। गेहूं के निर्यात पर रोक पहले ही लगा दी गई है। सरकार के सामने ज्यादा गेहूं खरीदने की चुनौती है, क्योंकि स्टाक घट गया है। पिछले तीन सीजन में सरकारी खरीद लक्ष्य से काफी कम हो रही है। पिछली बार लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन था। इसे आगामी सीजन में बढ़ाकर अब 80 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया। ज्यादा से ज्यादा गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों की संख्या भी 5000 से बढ़ाकर 6000 कर दी गई है। हर बार गेहूं खरीद एक अप्रैल से होती थी। इस बार एक मार्च से ही खरीद केंद्र संचालित कर दिए गए। पर, चिंताजनक बात ये है कि वर्ष 2021-22 में सरकारी गेहूं खरीद करीब 56 लाख मीट्रिक टन हुई थी। जबकि इसके बाद के दो सीजन में महज छह लाख मीट्रिक टन ही गेहूं खरीदा जा सका। ऐसे में सरकार की शीर्ष प्राथमिकता किसानों से एमएसपी पर गेहूं खरीदना और तत्काल भुगतान करना है। इसके बाद खाद्य वितरण प्रणाली की जरूरत पूरी करना भी सरकार की प्राथमिकताओं में है।

### मध्य प्रदेश और राजस्थान ने बढ़ाई यूपी की चुनौती

नई फसल अप्रैल के पहले सप्ताह से बाजार में आना शुरू हो जाएगी। अप्रैल के मध्य में रफ्तार बढ़ेगी। राजस्थान और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों ने 2,275 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का एलान कर दिया। इससे मध्य प्रदेश और राजस्थान में गेहूं महंगा हो गया। जबकि स्थानीय मंडी करों के कारण पंजाब और हरियाणा में गेहूं पहले से ही महंगा रहा है। ऐसे में देशभर में सबसे सस्ता गेहूं उत्तर प्रदेश में मिलेगा। इसीलिए बहुराष्ट्रीय कंपनियां यूपी में गेहूं की खरीद ज्यादा करेंगी। यूपी में भी किसानों से 2275 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है।

### निजी कंपनियों के भंडारण की सीमा घटाई

बहुराष्ट्रीय व बड़ी कंपनियों में पूरे साल के लिए गेहूं का स्टॉक रखने की प्रवृत्ति होती है। इसके मद्देनजर सरकार ने पहले ही निजी कंपनियों की भंडारण क्षमता घटा दी है। 12 जुलाई 2023 को शासनादेश जारी किया था कि कोई भी निजी कंपनी 3000 मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं का भंडारण नहीं कर सकती है। जनवरी 2024 में नया आदेश जारी किया कि 500 मीट्रिक टन से ज्यादा भंडारण निजी कंपनियां नहीं कर सकेंगी। निजी कंपनियों को ये संकेत दे दिया गया है कि मौसम के दौरान गेहूं की जमाखोरी नहीं करें। हालांकि गेहूं उद्योग से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि भंडारण क्षमता की सीमा तय करने से भी बहुत फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि बड़ी कंपनियां इस तरह के फैसलों के लिए पहले से ही तैयार रहती हैं। ऐसी सूरत में तमाम छोटी कंपनियों के जरिये गेहूं खरीद लिया जाता है।

# गौरैया संस्कृति संस्थान ने आयोजित किया होलिकोत्सव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा 30 मार्च को शीरोज रेस्टोरेंट, अम्बेडकर पार्क के सामने होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सी.जी.एस.टी के अपर आयुक्त उग्रसेन धर द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिसमें भगवान की होली से संगीत मय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उसके पश्चात कुछ विद्वानजनो आदित्य द्विवेदी, रामबहादुर मिसिर और अन्य लोगों ने काव्यपाठ भी किया। संस्था की संस्थापक श्रीमती रंजना मिश्रा ने अवधी व भोजपुरी में होली की कई विधा जैसे धमार, बेलवरिया, चौताल, चैती, चैता इत्यादि में गायन किया। उन गीतों में डिमिक डिमिक डमरु कर बाजे.. से शुभारंभ हुआ। उसके पश्चात और लोगों ने होली खेलै रघुवीरा...व रंग फागुन बसंती रंगा गइले राम..सहित बहुत सारे गीत गाये। जिस पर श्रोतागण झूमने पर मजबूर हुए। तत्पश्चात स्वरा त्रिपाठी ने होली गीत पर नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप पाण्डेय ने किया जो बीच बीच मे हास्य-व्यंग्य कर हसाते रहे। संयोजक आभा शुक्ला ने बताया कि डॉ विनीता सिंह, आई.पी.एस.बबिता साहू, अवनीश, अपर्णा, लता, रश्मि उपाध्याय, नीलम तिवारी, मनु राय, अंजलि सिंह, सुषमा प्रकाश, आभा दीक्षित, अरुणा उपाध्याय, गीता निगम, मीरा देवी इत्यादि महिलाएं शामिल हुई और विलुप्त हो रही लोक गीतों को सीखा व आगे बढाने का संकल्प लिया। संस्था के उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव व केशव कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम को सरकारी व गैर सरकारी संस्थान का सहयोग मिलना चाहिए। मीडिया प्रभारी गगन शर्मा ने बताया कि और लोगों को संस्था से जुड़ना चाहिए जिससे और बड़ा कार्य किया जा सके। संगतकर्ता कलाकार मे सत्यम सिंह ढोलक पर, पैड पर विख्यात मिश्रा, आर्गन पर आकाश तिवारी ने बखूबी साथ निभाया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हटाई गई 52,64,709 प्रचार-प्रसार सामग्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 52,64,709 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 31,97,936 तथा निजी स्थानों से 20,66,843 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 3,47,513, पोस्टर के 14,89,805, बैनर के 9,22,797 एवं अन्य 4,37,821 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 2,65,564, पोस्टर के 9,46,764, बैनर के 5,30,407 एवं अन्य 3,24,108 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 645 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,248 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 24 एफआईआर दर्ज, 02 एनसीआर सहित 26 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### '2047 तक विकसित देश की श्रेणी में आ जायेगा भारत'

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में मलिहाबाद माल रोड स्थित सियाराम नर्सरी में होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री मंत्री कौशल किशोर सहित अन्नदाता यूनियन के हजारों कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2047 तक देश विकसित देश की श्रेणी में आ जायेगा। सरकार की उपलब्धियों के बारे में बखान किया। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास ने कहा, इस बार देश में भाजपा चार सौ सीटों से अधिक जीतेगी विपक्षियों का सूपड़ा साफ हो जायेगा। राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के सदस्य व कार्यकर्ता व समर्थक 2024 के लोकसभा चुनाव में जिताने का काम करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सियाराम व यूनियन के पदाधिकारी भाईया लाल यादव संतोष सिंह गुलजारी उमाशंकर राजेश रावत अनिल यादव रामनरेश ज्वाला प्रधान राजबीर लवकुश मलिहाबाद प्रधान संघ अध्यक्ष प्र अंजू सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता समारोह में मौजूद रहे।

### जुलूस में दिखा प्रभु यीशु के अवतरण का उल्लास

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रभु यीशु के दोबारा अवतार लेने की खुशी रविवार को ईस्टर जुलूस में नजर आई। एक ओर जहां ढोल-मजीरे की थाप पर ईसाई समाज के लोग थिरक रहे थे तो दूसरी ओर सलीब के साथ आगे चलते धर्माध्यक्ष व पादरियों की टोली। सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च लालबाग से निकला जुलूस सेंट जोसेफ कैथेड्रल में धर्मसभा में तब्दील हो गया। सन्नाटी सडक़ पर शाम को निकले ईस्टर जुलूस में गिटार के साथ गाओ गाओ जय के गीत गाओ...और वो तो जिंदा है, यीशु हमारा...गीत गाते अनुयायियों की टोलियां जुलूस में चार चांद लगा रही थीं। जुलूस के आगे-आगे सलीब के साथ कैथेड्रल विशप जेरॉल्ड जॉन मथायस, फादर इलियस राडरिक, डॉ.डोनाल्ड एचआर डिसूजा के अलावा राकेश चत्री, मॉरिस कुमार, संजय लांजरस व पादरी राजेंद्र सिंह समेत सभी गिरजाघरों के फादर जुलूस में चल रहे थे। जुलूस के दौरान कोई डांडिया कर रहा था तो कोई ढोल ताशे पर भांगड़ा। ईसाई समाज के लोगों की मौजूदगी में निकला जुलूस कैसरबाग चौराहा, नूर मंजिल, नावेल्टी चौराहा होते हुए कैथेड्रल पर समाप्त हुई। विशप जेरॉल्ड जॉन मथायस ने सभी को प्रभु यीशु के संदेशों को जनजन तक पहुंचाने और सभी का भला करने का आह्वान किया। चर्च परिसर में सबसे अच्छा यीशु नाम, जय यीशु जय नाम... और श्सारी सृष्टि के मालिक तुम ही हो...आराधना गीत गाकर माहौल को भक्ति से सराबोर कर दिया। देर शाम सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर प्रभु के अवतरण की बधाई दी।

### आठों के मेला की तैयारियां पूरी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। होली के आठ दिन के बाद मेंहदीगंज स्थित शीतला देवी मंदिर में लगने वाले मेले की तैयारियां पूरी है। मंदिर में रंगाई-पुताई और सजावट का काम पूरा कर लिया गया है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुनील सैनी ने बताया कि माता के दर्शन के लिए 1 अप्रैल की रात 12 बजे से ही मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। इस अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारियां भी कर ली गई हैं। यह मेला मंदिर परिसर के आस-पास कटरा चौराहा, टिकैतगंज, एलडीए कालोनी तक करीब दो किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में लगता है। शीतलाष्टमी के दिन यहां पर मां के दर्शन के लिए काफी दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु आते हैं और मेले में खरीददारी भी करते हैं। मंदिर के पुजारी श्याम मनोहर बताते हैं कि शीतलाष्टमी के दिन मां शीतला की आरती करने केबाद एक दिन पहले बने हुए बासी पकवान बसोढ़ा हलुआ, पूड़ी, पुआ, गुलगुला, ऐठी-ग्वैठी, लपसी, बताशा व गुझिया आदि से भोग लगाया जाता है। पुजारी ने बताया कि रात्रि व भोर के समय मां शीतला की महाआरती होगी। उस दौरान के मन्दिर के कपाट बन्द कर दिए जाएंगे। आरती के बाद कपाट पुनः खोल दिए जाएंगे। ऐसी मान्यता है कि शीतलाष्टमी के दिन माता की पूजा-अर्चना करनें से मनवांछित फल मिलता है। बच्चों को माता के दर्शन कराने व देशी घी की जोत जगाने से उन्हें चेचक व खसरा रोग का भय नहीं रहता है। माता का नीर लगाने से चेचक और खसरे की शिकायत दूर हो जाती है। इस मौके पर मंदिर परिसर में लोग अपने बच्चों का मुण्डन व कन्छेदन संस्कार भी करवाते है। सुनील सैनी ने बताया कि मेले के दिन मंदिर कमेटी की ओर से विशाल भण्डारे का आयोजन होगा और पौशाले लगावाए जाएगे। मंदिर की विजली से विशेष सजावट की जा रही है। वंही इन्स्पेक्टर बाजार खाला संतोष कुमार आर्य ने बताया कि बुलाकी अड्डा चौराहे से मोहान रोड की ओर मेले को देखते हुए भारी व चार पहिया वाहनों पर रोक रहेगी। मेला व मन्दिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। सादी वर्दी में महिला सिपाही व आरक्षी तैनात किये जायेंगे।

# रेलवे के माध्यम से भी होंगी मतदाता जागरूकता गतिविधियां

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**सीईओ ने दी मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी**

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार चुनावी प्रक्रिया को अधिक समावेशी, सूचनात्मक और सहभागी बनाने के लिए मतदाता शिक्षा कार्यक्रमों और पहलों को आगे बढ़ाने के लिए रेल मंत्रालय का भी सहयोग लिया जा रहा है। अधिक से अधिक मतदान के लिए आयोग ने भारतीय रेलवे के विशाल बुनियादी ढांचे का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रेल मंत्रालय के माध्यम से जो गतिविधियां संचालित की जानी हैं, उनमें मतदाता जागरूकता पर पूर्व-रिकॉर्ड की गई घोषणाओं को चलाना और पात्र मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रमुख रेलवे स्टेशनों के डिस्प्ले पर मतदाता जागरूकता टीवीसी फिल्में चलाना, प्रमुख रेलवे स्टेशनों के प्रमुख स्थानों पर मतदाता जागरूकता पोस्टर का प्रदर्शन तथा महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाए जाएंगे। राजधानी, शताब्दी, दुरंतो एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में, जिनमें सार्वजनिक संबोधन प्रणाली है, ट्रेन के आरंभिक स्टेशन,मध्यवर्ती स्टेशन से ट्रेन के प्रस्थान और आगमन के समय पूर्व रिकॉर्डेड घोषणाएं चलाई जा सकती हैं। आईआरसीटीसी द्वारा जारी इलेक्ट्रॉनिक आरक्षण पर्ची ईआरएस ई-टिकटों में फुटनोट स्ट्रिप बैंड के रूप में सामग्री सम्मिलित करना और रेलवे और आईआरटीसीटीसी वेबसाइटों पर टैगलाइन पर लोगो प्रदर्शित करना शामिल है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग और भारतीय रेलवे के बीच साझेदारी से प्रदेश भर के अधिकांश बड़े शहरों और कस्बों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को पहुंचाने में मदद मिलेगी। पिछले आम चुनाव में भी भारतीय रेलवे ने सक्रिय रूप से मतदाता जागरूकता में भागीदारी की थी।

# लोकसभा चुनाव: सघन जांच कर रहा आयोग

**513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

देश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग द्वारा अब तक 5,10,170 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 414 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3,862 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 14,39,288 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 2,892 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 3,195 कारतूस, 47 किग्रा0 विस्फोटक व 137 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 626 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 63 केन्द्रों को सीज किया गया।आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 30 मार्च को पुलिस विभाग द्वारा 28,127 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। अपराधिक व्यक्तियों के 28 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 30 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विश्व का नेतृत्व करने को तैयार: राठौर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर आज रविवार को विशेष सम्पर्क अभियान की बैठक में सांस्कृतिक, सामाजिक व व्यवसायिक वर्गों में सेमिनार से टू-वे डॉयलाग तथा सम्पर्क से संवाद की कार्ययोजना को अन्तिम रूप दिया गया। भाजपा विशेष सम्पर्क अभियान के तहत शिक्षक, चिकित्सक, व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, अवकाश प्राप्त अधिकारी, पूर्व सैनिक, धार्मिक व व्यवसायिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ सम्पर्क करेगी तथा सेमिनार के माध्यम से संवाद स्थापित करेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए जेपीएस राठौर ने बैठक में कहा कि भाजपा सतत सम्पर्क व संवाद के माध्यम से सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के मंत्र के साथ लगातार जनता के बीच है। इस अवसर पर विशेष सम्पर्क अभियान के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश श्रीवास्तव सहित अभियान से जुड़े विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहे।

## आईवीएफ लखनऊ युवा इकाई द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन लखनऊ युवा इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, बिंदु बोरा, वत्सल, धनश्यामदास अग्रवाल, शैलेंद्र अटल, रुपेश अग्रवाल, अनुराग साहू द्वारा फीता काटकर शिविर की शुरुआत की गई।आईवीएफ युवा अध्यक्ष अनुराग साहू ने बताया कि लखनऊ उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा के 57 जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन युवा इकाई के 43 पदाधिकारी ने रक्तदान किया। महामंत्री प्रियंक गुप्ता ने बताया कि इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन लखनऊ युवा इकाई द्वारा सामाजिक, धार्मिक एवं चिकित्सा के क्षेत्र में काम करने वाली अग्रिम संस्था है। रक्तदानदाताओं में किशोर पंत, प्रियंक गुप्ता, राजू साहू, मोहित केसरवानी, अभिषेक सिंह, रोहित आदि लोगों ने रक्तदान किया।

# बूथ स्तर पर हुआ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बीते शुक्रवार को मोहनलालगंज विधान सभा के बूथ नंबर 566 राजेन्द्र मिश्रा कल्ली पश्चिम में बूथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेन्द्र कुमार तिवारी अर्जुन गंज मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी व कल्ली पश्चिम के सेक्टर प्रभारी सुशील गुप्ता मौजूद रहे। होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर कल्ली पश्चिम से सेक्टर संयोजक गुड्डु तिवारी व बूथ अध्यक्ष प्रभात राय बूथ संख्या 567, सुरेश कुमार बूथ नंबर 562 व सन्तोष कुमार बूथ नंबर 574 के साथ सूरज तिवारी बूथ नंबर 570 व अरुण रावत बूथ नंबर 574, तेज पाल बूथ नंबर 561 के साथ ही समाजसेवी डी के द्विवेदी व भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच में जाकर उनकी समस्याओं को जानने व प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने का आह्वान किया।

## चुनावी शोर के बीच लखनऊ पूर्वी सीट की चर्चा तक नहीं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव के रंग में इन दिनों पूरा देश रंगा हुआ है। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में यह चुनावी रंग और भी चटक हो गया है। लेकिन लखनऊ की चर्चित सीट लखनऊ पूर्वी सियासी दलों की चर्चा से दूर बनी है। यहां का मतदाता अपने विधायक को चुनने के लिए बेताबी से प्रत्याशियों का इंतजार कर रहे है। सियासी दलों द्वारा भी इस सीट पर प्रत्याशी चयन में एक दूसरे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यूपी में लोकसभा की 80 सीटों के साथ ही प्रदेश की चार विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी होने है। इसमें सबसे अहम मानी जाने वाली लखनऊ पूर्वी सीट पर दावेदारी को लेकर इंडिया गठबंधन में शामिल सपा और कांग्रेस के बीच रस्साकसी चल रही है। दोनों ही दलों द्वारा इस सीट का पैनल तैयार कर हाई कमान को भेज दिया गया है। इस सीट से 9 बार जीत दर्ज करने वाली भाजपा भी विपक्ष के चेहरे का इंतजार कर रही है। बहरहाल किसी भी दल ने अब तक इस सीट पर अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। लखनऊ पूर्वी सीट से करीब दो वर्ष पहले भाजपा से आशुतोष टण्डन विजयी हुए थे। हाल में इनकी मौत हो गयी जिसके बाद यहां पर उपचुनाव हो रहा है। सूत्रों के अनुसार इस सीट पर गोपाल टण्डन के भाई अमित टण्डन, प्रवक्ता हीरो बाजपेयी, नीरज सिंह, महामंत्री त्रिलोक सिंह सहित कई नाम दौड़ में शामिल है।

## हिन्दू महासभा ने चार और प्रत्याशी घोषित किये

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने उत्तर प्रदेश की चार और लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश में चुनाव लडने वालों की संख्या बीस से बढक़र चौबीस हो गयी है। हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि की सहमति से चार और प्रत्याशियों की सूची जारी की जा रही है। जिनमें आगरा से मीना देवी दिवाकर, कानपुर नगर से शिवकुमार पैंथर पासवान, चंदौली से मणि शंकर सिन्हा और बरेली से अवनेश कुमार सक्सेना शामिल है।

## देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है इंडिया गठबंधन: सुनील

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

इंडिया अलायंस की हिस्सा चौधरी चरण सिंह की पार्टी लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली 28 विपक्षी दलों के साथ मंच साझा किया। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा महारैली का नारा तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रहा। आज देश संकट में है,मुझे ऐसा लग रहा है कि हमारे लोकतंत्र के साथ कुछ ऐसा हो रहा है जो लोकतांत्रिक आत्मा को खत्म कर रहा है।लोकतंत्र में बोलना खतरनाक बात बन गई है। देश की सबसे बड़ा दुश्मन बेरोजगारी है। सरकार गरीबी और बेरोजगारी को दूर करने और किसानों का कल्याण करने के मुद्दे पर ध्यान देने में विफल है। सुनील सिंह ने कहा कि आज गठबंधन देश को एकजुट करने का काम कर रहा है।

# बेसहारा बच्चों और आवासहीनों का सहारा बन रही इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई बेसहारा, अकिंचनो और लावारिसों की सेवा में जुटी है। रविवार ब्रज की रसोई परिवार के सदस्यों ने आवासहीन, अकिंचन बच्चों और नागरिकों को पूड़ी सब्जी बांटकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस आयोजन को इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने अपने मार्गदर्शन में संपन्न कराया। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा को झुग्गी झोपडी में अस्थायी तौर पर रह रहे अकिंचन, आवासहीन परिवारों और बेसहारा बच्चों की जानकारी मिली। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी इन बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा और उनकी मूलभूत जनरूरतें पूरी करने के लिए अभियान चला रही है। विपिन शर्मा ने बताया कि ऐसे बच्चे उचित देखभाल के अभाव में आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय होते जा रहे है । ये बच्चे स्कूली शिक्षा से भी वंचित हैं इसलिए इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के सदस्यों ने इन बच्चों में आधारभूत ज्ञानबोध जगाने की मुहिम चला रखी है।संस्था के राष्ट्रीय महासचिव नीरज शर्मा का कहना है कि ये बच्चे और उनके अभिभावक स्वयं को समाज से कटा हुआ महसूस न करें इसके लिए इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के सदस्यों ने मिल जुलकर इन बच्चों के साथ यदि त्यौहार मनाया तो उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का माहौल बन सकेगा। संस्था परिवार के संरक्षक अनिल शुक्ला , संतोष त्रिपाठी और अन्य साथियों ने साथ मिलकर बच्चों के लिए पूरी सब्जी भोजन के पैकेट बांटकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरने का प्रयास किया।इस अवसर पर आलोक पाठक ने बताया कि इन बच्चों के आधारकार्ड नहीं हैं जिससे इनकी पहचान करना कठिन होता है। हमारा प्रयास है कि इनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए इनके आधार कार्ड बनवाए जाएं ताकि उन्हें असामाजिक तत्वों के षडयंत्रों से बचाया जा सके। झुग्गी झोपडी में रह रहे इन बच्चों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश लाने के लिए इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के यूथ वालिंटियर हर्षित अवस्थी, गगन शर्मा, आशीष श्रीवास्तव आदि भी लगातार प्रयास कर रहे हैं।

इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजीव पाण्डेय ने बताया कि संस्था बेसहारा एवं गरीब परिवारों के लिए निःशुल्क भोजन और विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्थाएं करती है। प्रवासी मजदूरों, बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए संस्था ने भोजन के पैकेट वितरित किए। प्रत्येक बच्चे को सपने देखने और ऊंची उड़ान भरने का समान अधिकार है इसलिए इन बच्चों के भोजन के लिए किराने का सामान जुटाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। हम आप सभी से आग्रह करते हैं कि हमारे बच्चों के उज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य को पूरा करने में हमारी मदद करें। आपके उदार योगदान के बिना, हमारे लिए इन वंचित बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भोजन उपलब्ध कराना संभव नहीं होगा। कृपया इस अभियान का समर्थन करें और अधिक से अधिक गरीब बच्चों की सेवा करने और उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमारे कंधो को मजबूत करने में हमारी मदद करें। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल अनिल शुक्ला, अशोक अवस्थी, श्यामजी त्रिपाठी, कमलेश सिंह (पार्षद), आलोक पाठक, आदित्य गुप्ता, गगन शर्मा, रवि अवस्थी, उमेश मिश्रा, रजनीश मिश्रा, हर्षित अवस्थी, अनुज द्विवेदी, सौरभ, के. एस. दुबे, श्रुति अवस्थी सहित सभी समाजसेवी सज्जनों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# 47 वर्षों बाद फिर रायबरेली-अमेठी से गांधी परिवार को वनवास !

**आज अमेठी-रायबेरली में गांधी परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। 1977 से लेकर अब तक यह पहला मौका है, जब कांग्रेस टिकट को लेकर उलझन में है। अमेठी से 2019 के चुनाव में शिकस्त खाने के बाद राहुल गांधी को दोबारा से मैदान में उतारने के लिए कांग्रेसी लगातार पैरवी कर रहे हैं, लेकिन हार के डर से राहुल अमेठी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रही है। अमेठी से राहुल गांधी को चुनाव लड़ाने की इच्छा लिये अमेठी के कांग्रेसी दिल्ली तक की दौड़ भी लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। यही स्थिति रायबरेली की भी है।**

*उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। सपा से समझौते के तहत कांग्रेस को यह सीटें मिली हैं। सपा और कांग्रेस इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं, इसलिये जहां कांग्रेस चुनाव लड़ेगी उस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी नहीं होगा। कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी से एक सीट जीतने में सफलता मिली थी और पूरे प्रदेश में उसका वोट मात्र दो फीसदी के करीब था। 2019 से आज तक कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है, बल्कि गिरावट ही देखने को मिली है। कांग्रेस की हालत इतनी दयनीय है कि गांधी परिवार तक यूपी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रहा है। 2019 में राहुल गांधी अमेठी हार गये थे तो 2024 में सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली को टाटा- बाय-बाय कह दिया है। वह राज्यसभा की सदस्य बन गई हैं। अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की आज जैसी दयनीय स्थिति 47 वर्ष पूर्व 1977 में देखने को मिली थी, जब इमरजेंसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में रायबरेली से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को समाजवादी राजनारायण सिंह से और अमेठी से संजय गांधी को हार का मुंह देखना पड़ा था। 1977 और 2024 के आम चुनाव में बस अंतर इतना है कि 1977 में गांधी परिवार की तानाशाही के चलते वोटरों ने उसको ठुकरा दिया था,लेकिन 47 वर्षों के बाद 2024 में गांधी परिवार को विश्वसनीयता के संकट के कारण रायबरेली-अमेठी से दूर भागना पड़ रहा है। गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है। हैरानी की बात तो यह है कि दोनों बार विरासत एक बड़ा मुद्दा था। पहले चुनाव में वारिस कौन तो दूसरे चुनाव में असली गांधी कौन की गूंज। यह बात अलग है कि दोनों चुनावों में शिकस्त खाने वाले गांधी ने दोबारा से अमेठी की तरफ घूमकर भी नहीं देखा। वर्ष 1980 में संजय गांधी ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की। उसी साल विमान हादसे में उनकी मौत के बाद 1981 में हुए उपचुनाव में राजीव गांधी मैदान में उतरे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी शुरू की। इसके बाद सियासत ने रंग दिखाना शुरू कर दिया। वर्ष 1984 का चुनाव उस वक्त दिलचस्प हो गया जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने उनके स्वर्गीय छोटे भाई संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी ने निर्दल प्रत्याशी के तौर पर मोर्चा खोल दिया। 1984 में राजीव गांधी के खिलाफ मैदान में उतरने वाली मेनका गांधी ने 1982 से ही अमेठी में सक्रियता बढ़ा दी थी। ऐसे में जब वह 1984 में चुनाव में उतरीं तो अमेठी की जनता उलझन में पड़ गई। एक ओर इंदिरा की हत्या के बाद जनता की सहानुभूति राजीव गांधी के साथ थी तो वहीं दूसरी ओर अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव, लेकिन बाजी राजीव ने ही मारी। वर्ष 1984 में राजीव गांधी को प्रचार के लिए पहली बार सोनिया गांधी को मैदान में उतारना पड़ा। हालांकि उस वक्त सोनिया ने कोई सभा तो नहीं की, लेकिन वह घर-घर जाकर महिलाओं से मिल रही थीं। पूरे चुनाव तक उन्होंने ही प्रचार की बागडोर संभाली। दूसरा मुकाबला वर्ष 1989 में हुआ, जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी ने ताल ठोंक दी। उस वक्त जनता दल व भाजपा ने संयुक्त रूप से राजमोहन गांधी पर भरोसा जताया था। इस चुनाव में असली बनाम नकली गांधी का मुद्दा खूब उछला। कई बड़े दिग्गज नेताओं ने सभा की।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वसंत के आगमन के साथ ही नए साल के आने की खुशियां मनाते हैं और एक सप्ताह तक चले इन मनोरंजक कार्यक्रमों का समापन वे 1 अप्रैल को ही करते हैं। 'एनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजन' तथा 'एनसाइक्लोपीडिया ऑफ ब्रिटानिका' के अनुसार भी एक अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' मनाने का सीधा संबंध वसंत के आगमन से ही है, जब प्रकृति मनुष्य को अपने अनियमित मौसम से मूर्ख बनाती है। कुछ लोग अप्रैल फूल मनाने की परम्परा की शुरूआत इटली से हुई मानते हैं। प्राचीन समय से ही इटली में एक अप्रैल को एक मनोरंजन उत्सव मनाया जाता है, जिसमें स्त्री-पुरुष सभी जमकर शराब पीते हैं और नाच-गाकर खूब हुड़दंग मचाते हैं।**

# मूर्ख दिवस का है दिलचस्प इतिहास



योगेश कुमार गोयल

**यूरोप के कुछ देशों में भी प्राचीन काल से ही 'मूर्ख दिवस' मनाए जाने का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि इस दिन वहां मालिक नौकर की और नौकर मालिक की भूमिका अदा करता था और नौकर इस दिन मालिक से अपने मनचाहे काम कराते थे, जिन्हें मालिक भी बिना किसी विरोध के खुशी-खुशी किया करते थे।**

मूर्ख दिवस' मनाने की परम्परा कब, कैसे और कहां प्रचलित हुई, इस बारे में दावे के साथ तो कुछ नहीं कहा जा सकता पर माना यही जाता है कि इस परम्परा की शुरूआत फ्रांस में 16वीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुई थी। माना जाता है कि एक अप्रैल 1564 को फ्रांस के राजा ने मनोरंजक बातों के जरिये एक-दूसरे के बीच मैत्री और प्रेम भाव की स्थापना के लिए एक सभा का आयोजन कराया था। उसके बाद निर्णय लिया गया कि अब से हर वर्ष इसी दिन ऐसी ही सभा का आयोजन होगा, जिसमें सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकतें करने वाले व्यक्ति को 'मास्टर ऑफ फूल' की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इस सभा में शिरकत करने वाले व्यक्ति अनोखी और विचित्र वेशभूषाएं धारण करके अपनी अजीबोगरीब हरकतों से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया करते थे और सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकत करने वाले व्यक्ति को 'मूर्खों का अध्यक्ष' चुना जाता था, जिसे 'बिशप ऑफ फूल्स' की उपाधि से नवाजा जाता था। इस सभा के बाद 'गधा सम्मेलन' का भी आयोजन होता था, जो करीब एक सप्ताह चलता था। सम्मेलन में लोग अपने चेहरे पर गधे के मुंह की आकृति के मुखौटे लगाकर गधे की आवाज निकालते थे। इस दिन वहां कर्मचारी, अधिकारी सभी एक-दूसरे का मजाक उड़ाने को स्वतंत्र होते थे। यह भी मान्यता है कि 1564 में फ्रांस के सम्राट चार्ल्स के आदेश पर लागू हुए ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरूआत 1 जनवरी से की जाने लगी जबकि उससे पूर्व चूंकि वर्ष में सिर्फ 9 ही महीने होते थे, अतः नया साल 1 अप्रैल से ही शुरू होता था लेकिन ग्रेगेरियन कैलेंडर लागू किए जाने के बाद भी जो लोग 1 अप्रैल को ही नव वर्ष के रूप में मनाते रहे, दूसरे लोगों ने उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया और इस तरह 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' के रूप में मनाए जाने की परम्परा शुरू हो गई। कुछ पश्चिमी राष्ट्रों में वे लोग, जो जूलियन कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरूआत 25 मार्च से मानते हैं, वे वसंत के आगमन के साथ ही नए साल के आने की खुशियां मनाते हैं और एक सप्ताह तक चले इन मनोरंजक कार्यक्रमों का समापन वे 1 अप्रैल को ही करते हैं। 'एनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजन' तथा 'एनसाइक्लोपीडिया ऑफ ब्रिटानिका' के अनुसार भी एक अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' मनाने का सीधा संबंध वसंत के आगमन से ही है, जब प्रकृति मनुष्य को अपने अनियमित मौसम से मूर्ख बनाती है। कुछ लोग अप्रैल फूल मनाने की परम्परा की शुरूआत इटली से हुई मानते हैं। प्राचीन समय से ही इटली में एक अप्रैल को एक मनोरंजन उत्सव मनाया जाता है, जिसमें स्त्री-पुरूष सभी जमकर शराब पीते हैं और नाच-गाकर खूब हुड़दंग मचाते हैं। रात के समय दावतों का आयोजन भी किया जाता है। यूरोप के कुछ देशों में भी प्राचीन काल से ही 'मूर्ख दिवस' मनाए जाने का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि इस दिन वहां मालिक नौकर की और नौकर मालिक की भूमिका अदा करता था और नौकर इस दिन मालिक से अपने मनचाहे




**माना जाता है कि तभी से यूनान में एक अप्रैल को लोगों को मूर्ख बनाने की परम्परा शुरू हुई। स्कॉटलैंड में अप्रैल फूल को 'अप्रैल गोक' कहा जाता है, जिसका अर्थ है पपीहा और पपीहा को यहां बुद्धूपन का प्रतीक माना गया है। इस अवसर पर लोग यहां कई प्रकार की मनोरंजक व आश्चर्यजनक अफवाहें उड़ाते हैं, जिन पर लोगों को आसानी से विश्वास भी हो जाता है।**

काम कराते थे, जिन्हें मालिक भी बिना किसी विरोध के खुशी-खुशी किया करते थे। यूनान में 'मूर्ख दिवस' की शुरूआत कैसे हुई, इस संबंध में कई किस्से प्रचलित हैं। ऐसे ही एक किस्से में कहा जाता है कि यूनान में एक व्यक्ति को खुद की बुद्धि और चतुराई पर बहुत घमंड था। वह बुद्धिमानी और चतुराई के मामले में अपने बराबर दुनिया में किसी को कुछ नहीं समझता था। एक बार उसके कुछ दोस्तों ने उसे सबक सिखाने का निश्चय किया और उससे कहा कि मध्य रात्रि के समय पहाड़ की चोटी पर आज देवता अवतरित होंगे और वहां जितने भी लोग उपस्थित होंगे, उन्हें वह मनचाहा वरदान देंगे। अपने दोस्तों की बात पर विश्वास करके वह अगले दिन सुबह होने तक पहाड़ की चोटी पर देवता के प्रकट होने का इंतजार करता रहा और जब निराश होकर वापस लौटा तो दोस्तों ने उसका खूब मजाक उड़ाया। जिस दिन यह घटना हुई, उस दिन पहली अप्रैल थी। माना जाता है कि तभी से यूनान में एक अप्रैल को लोगों को मूर्ख बनाने की परम्परा शुरू हुई। स्कॉटलैंड में अप्रैल फूल को 'अप्रैल गोक' कहा जाता है, जिसका अर्थ है पपीहा और पपीहा को यहां बुद्धूपन का प्रतीक माना गया है। इस अवसर पर लोग यहां कई प्रकार की मनोरंजक व आश्चर्यजनक अफवाहें उड़ाते हैं, जिन पर लोगों को आसानी से विश्वास भी हो जाता है। आज तो दुनिया के बड़े-बड़े टी. वी. चैनल और प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाएं भी अपने दर्शकों व पाठकों के साथ 1 अप्रैल को ऐसी हंसी-ठिठौली करने में पीछे नहीं रहते।

## एक्सप्रेस कविता

कैसे जख्म दिखाएँ ज़माने को,
हमेशा जहर दिया दीवाने को।।
नादाँ न समझ पाया जमाने को,
हमेशा हमदर्द समझा ज़माने को।
फरेब नहीं किया कभी किसी से,
मासूम,बूझ न पाया ज़माने को।

बन्दीश थी प्यार पर दीवाने की,
इश्क में प्यारा पैगाम दिया ज़माने को।
ग़ज़ल,आशिकी, दिवानगी बेमानी है
आशिक है क्या समझेगा ज़माने को।
आवारा मसीहा था दीवाना,मस्ताना,
आशिक की फिक्र ही कहाँ ,जमाने को।
इश्क नेमत है, बताओ जरा ज़माने को,
मोहब्बत पाकीजा है समझा जरा ज़माने को।

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*झूठ बोलकर आप एक बार तो सफलता प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन बार-बार नहीं. जब झूठ का पता चलता है तो ऐसे लोगों को शर्मसार होना पड़ता है*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 21:10 तक |
| नक्षत्रः | मूल 23:12 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | वारीयन, 20:29 |
| सूर्योदयः | 06:12 |
| सूर्यास्तः | 18:38 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 07:45-09:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:01-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

### आग ना लगाओ !

*व्यर्थ की इन बातों को ।
मुद्दा ना बनाओ ।।
और भी हैं मुद्दे ।
उनको राह दिखाओ ।।
शांति और खुशहाली में ।
आग ना लगाओ ।।
क्या सही क्या ग़लत ।
जन जन तक पहुंचाओ ।।
तूल देने से बचो ।
बातें व्यर्थ वालीं ।।
बन रहा है कब से ।
पुलाव बस ख़याली ।।
हवा हवाई से केवल ।
है होता नुकसान ।।
देर हो रही होने में ।
पुनः विराजमान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चेहरे पर बुरांश का पानी लगाने से मिलते हैं जबरदस्त फायदे

**उत्तराखंड** राज्य में पाया जाने वाला बुरांश का पेड़ राजकीय वृक्ष माना जाता है। बुरांश के पेड़ में लगने वाला फूल दिखने में सुंदर तो होता ही है, साथ ही इसमें अनेकों औषधीय गुण पाए जाते हैं। गहरे लाल रंग का यह फूल कई समस्याओं और बीमारियों में भी फायदेमंद माना जाता है। बुरांश के फूल का सेवन करने से शरीर में पानी की कमी से लेकर कई गंभीर समस्याओं से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। ऐसा कहा जाता है कि बुरांश के फूल का इस्तेमाल स्किन पर करने से स्किन को ग्लोइंग और चमकदार बनाने में मदद मिलती है।



**स्किन पर बुरांश के फूल का पानी लगाने के फायदे:** बुरांश के फूलों में मौजूद गुण स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्किन की चमक बढ़ाने और एक्ने, पिंपल्स आदि से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के आयुर्वेदिक डॉ एसके पांडेय कहते हैं, ÷बुरांश के फूलों में एंथोसायनिन नामक कंपाउंड पाया जाता है। यह कंपाउंड शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों को बढ़ाने और स्किन से जुड़ी समस्या को ठीक करने में मदद करता है।

**स्किन पर बुरांश के फूलों का पानी इस्तेमाल करने से ये फायदे मिलते हैं:** स्किन की नमी बनाए रखना- स्किन की नमी बरकरार रखने के लिए बुरांश के फूलों के पानी का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। स्किन को हाइड्रेटेड रखने से लेकर गलो बरकरार रखने में इसका इस्तेमाल करने से मदद मिलती है।

**स्किन में चमक-** बुरांश फूल के पानी का नियमित इस्तेमाल करने से त्वचा का रंग निखर जाता है और उसमें चमक आती है।

**प्राकृतिक एंटी-एजिंग गुण:** इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स स्किन को फ्रेश और ग्लोइंग बाए रखने में मदद करते हैं।

**एक्जिमा और दाद से छुटकारा:** बुरांश फूल के पानी के इस्तेमाल से त्वचा की सूजन और लालिमा को कम किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने से एक्जिमा और दाद के लक्षणों में आराम मिलता है।

**बुरांश फूल के पानी का फेस पैक:** बुरांश फूल के पानी को अपने चेहरे पर लगाकर उसे 15-20 मिनटों तक सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा में नमी और रंगत बढ़ेगी।

**टोनर के रूप में इस्तेमाल:** बुरांश फूल के पानी को कपड़े पर लगाकर अपने चेहरे को साफ करें। इससे त्वचा की अच्छे से सफाई होगी और चमक बढ़ेगी।

**फेस मिस्टर के रूप में:** बुरांश फूल के पानी को स्प्रे बोतल में भरकर रखें और जब भी आवश्यक हो, तो अपने चेहरे पर स्प्रे करें। इससे स्किन को ताजगी मिलेगी।

**नाइट मॉइस्चराइजर के रूप में:** रात को सोने से पहले, बुरांश फूल के पानी को अपने चेहरे पर लगाएं और उसे अच्छे से मसाज करें। यह त्वचा को नमी प्रदान करेगा और मॉइस्चराइजर के रूप में काम करेगा।

**एक्सफोलिएटर के रूप में:** बुरांश फूल के पानी को नमक के साथ मिलाकर मिक्स कर लें और इससे अपने होंठों पर मसाज करें। इससे आपके होंठों की चमक बढ़ेगी और वे सुंदर और मुलायम होंगे।

## एक्सप्रेस विशेष

# केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा?



-उमेश चतुर्वेदी

**वैसे भारतीय जनता पार्टी की ओर से केजरीवाल को दोषी बताने की खूब कोशिशें हो रही हैं। दिल्ली में विपक्षी दल होने के नाते उसकी यह जिम्मेदारी भी है। लेकिन यह भी सच है कि दिल्ली बीजेपी की यह कोशिश बहुत ज्यादा कामयाब नहीं है। दिल्ली का एक वर्ग ऐसा भी है।**

**लोकसभा** चुनाव की प्रक्रिया जारी हो, इसी बीच किसी राज्य के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो और उस पर राजनीति ना हो, ऐसा संभव ही नहीं है। दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है। मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है। लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियों को सहानुभूति लहर उठने की उम्मीद है। उन्हें लगता है कि सहानुभूति की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी के किले में सेंध लग सकती है। शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। इसी केस में भारत राष्ट्र समिति की नेता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता भी गिरफ्तार हैं।

**उपराज्यपाल वीके सक्सेना के एक बयान से दिल्ली सरकार की बर्खास्तगी को लेकर अटकलें तेज हो गईं। उपराज्यपाल ने यह कह दिया कि जेल से दिल्ली की सरकार नहीं चलने दी जाएगी। उपराज्यपाल के इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिशों का जोरदार विरोध किया। वैसे माना यह जा रहा है कि यह विरोध भी आम आदमी पार्टी की रणनीति का ही हिस्सा है।**

केजरीवाल को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने नौ बार समन देकर उन्हें बुलाया। लेकिन हर बार वे ईडी के सामने जाने से बचते रहे। केजरीवाल का राजनीतिक अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनकी पैंतरेबाजी से साफ है कि राजनीति करने में वे पुराने से पुराने नेताओं पर भारी हैं। समन को अनदेखा करके एक तरह से वे इस मुद्दे को जिंदा रखने और इसके जरिए अपने लिए वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते रहे। गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर भी केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं। ईडी की हिरासत से ही वे दिल्ली के लिए दो आदेश जारी कर चुके हैं। पहले में जहां उन्होंने दिल्ली की सीवर व्यवस्था दुरूस्त करने का आदेश दिया है, वहीं उनका दूसरा आदेश स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। दिल्ली में विपक्षी भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी इस पर हंगामा कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल को हटाने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई। जिसे हाईकोर्ट ठुकरा चुका है। इसके बावजूद नैतिकता के आधार पर भाजपा केजरीवाल से इस्तीफे की मांग कर रही है।

लेकिन केजरीवाल के खेमे के तर्क है कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा दे ही देना होगा। इस तर्क के सहारे केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर जमे हुए हैं। हिरासत से आदेश देना और उसका आम आदमी पार्टी द्वारा भरपूर प्रचार किया जाना दरअसल केजरीवाल के प्रति सहानुभूति हासिल करने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। भारतीय समाज भावुक होता है। इस भावुकता का फायदा हर राजनीतिक दल अपने तईं उठाते रहे हैं। इसी अंदाज में केजरीवाल परिवार भी आगे बढ़ रहा है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के भावुकताभरे बयान भी इसका ही उदाहरण हैं। दरअसल इन कदमों से आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जेल में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी प्रमुख सिर्फ दिल्ली के ही बारे में सोच रहे हैं।

# ज्ञान का दान समाज के लिए कल्याणकारी कार्य है : उमानंद

जन एक्सप्रेस । हरदोई



शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर लखनऊ के द्वारा ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 405वाँ युगऋषि वाड्मय साहित्य की स्थापना मल्लावां क्षेत्र के आदर्श ग्राम बांसा में कम्युनिटी लाइब्रेरी एंड रिसोर्स सेंटर में आध्यात्मिक क्षेत्र की उन्नति के लिए की गई। इस महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक पुस्तकालय की चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में की थी। गायत्री ज्ञान मंदिर के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने गायत्री परिवार का काफी संख्या में साहित्य भेंट करते हुए कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 405वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम आज बांसा में सम्पन्न हुआ है। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री श्रीमती अर्चना गुप्ता एवं डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने पूज्य पिता स्व. प्रेम शंकर गुप्ता की स्मृति में भेंट किया है जो कि सराहनीय कार्य है।डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि गायत्री परिवार के साहित्य को पढ़ने से व्यक्ति, परिवार और समाज को संस्कारी बनाने के लिए विशेष सहायता मिलती है। लाइब्रेरी के संरक्षक एवं प्रधान संपूर्णानंद सिंह में कहा कि कोविड के समय जब बच्चों की पढ़ाई बंद हो चुकी थी उसे समय इस लाइब्रेरी की स्थापना की गई जिसमें यहां से पुस्तकें प्राप्त कर बच्चे घर बैठे अच्छी शिक्षा प्राप्त करते रहे। अब गायत्री परिवार द्वारा दिए गए इस साहित्य के माध्यम से पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों तथा सभी ग्रामवासियों में अच्छे संस्कार भी पैदा होंगे जिसके लिए गायत्री परिवार सराहना का पात्र है। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, अनिल भटनागर, देवेन्द्र सिंह, डॉ नीलम गुप्ता, ग्राम प्रधान सम्पूर्णानंद सिंह, विपिन कुमार सोनी, रामसहाय वर्मा, परमेश्वरदीन कनौजिया, रामकुमार कश्यप, राकेश शर्मा , केशव कुमार, महेंद्र श्रीवास्तव, अभिनव कनौजिया, ज्ञान प्रकाश सोनी, ओम प्रकाश कुरसठ, रामचंद्र , नरेंद्र ,रामखेलावन मास्टर तेरवा, महिला मंडल से डॉक्टर नीलम गुप्ता श्रीमती विद्या देवी उषा देवी एवं मीरा देवी सहित सैकड़ो की संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी व साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रधान संपूर्णानंद सिंह (पूनम) ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पुरानी रंजिश में अधेड़ की पीट-पीट कर हत्या, पिता को बचाने आया बेटा भी घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई



बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र शहबादपुर गांव में आठ साल पुरानी रंजिश में अधेड़ किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसे बचाने आए बेटे को भी पीटकर घायल कर दिया गया। घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना को लेकर जानकारी की। घायल को उपचार के लिए अहिरोरी सीएचसी भेजा गया है। शहबादपुर निवासी रामफेर उर्फ रामफेरे (45) कालाआम बगिया में पान की दुकान चलाता था। रविवार दोपहर वह गांव में ही रहने वाले राहुल की गली से पैदल निकल रहा था। इसी दौरान राहुल की बहन बबली ने उसे गाली देना शुरू कर दी। इस पर रामफेर ने आपत्ति जताई, तो राहुल, उसके पिता विक्रम, बहन बबली और मां बेहसी वहां आ गई। इन लोगों ने लाठी डंडों और बांके से रामफेर पर हमला बोल दिया। रामफेर पर हुए हमले की जानकारी पर उसका पुत्र कल्लू भी मौके पर पहुंच गया, तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया।घटना में रामफेर की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही आरोपी मौके से भाग निकले, जबकि ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गई। इसी बीच बेनीगंज कोतवाल संजय त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल कल्लू को एंबुलेंस से अहिरोरी सीएचसी भेजा। इस सबके बीच अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एमपी सिंह भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों से घटना को लेकर पूछताछ की।पुरानी रंजिश में घटना होने की बात कही जा रही है। बेनीगंज कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हरदोई विधान सभा का कन्ट्रोल रूम नम्बर 7388226967 किया गया जारी

जन एक्सप्रेस/हरदोई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 156 हरदोई ने अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा होने के उपरान्त तहसील सदर में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 156, हरदोई का कन्ट्रोल रूम कमरा नम्बर 06 में बनाया गया है और कन्ट्रोल रूम का मोबाइल नम्बर 7388226967 है। उन्होने बताया कि कन्ट्रोल रूम में रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों की ड्यिुटी लगायी गयी है तथा निर्देशित किया गया है कि वह नियत समय पर कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहकर विभिन्न प्रकार की टीमों (एफएसटी/एसएसटी) से सम्पर्क करें और निर्वाचन सम्बन्धी प्रत्येक गतिविधियों पर दृष्टि बनाये रखते हुए तथा प्राप्त समस्त सूचनाओं को रजिस्टर पर अंकित करें। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने कहा है कि कन्ट्रोल रूम में पर्यवेक्षण के लिए नायब तहसीलदार अभिजीत गौरव को नोडल नामित करते निर्देश दिये गये है कि प्राप्त शिकायतों के अंकन एवं निस्तारण एक पंजिका बनाये और प्राप्त शिकायतों का अंकन समयबद्ध ढ़ग से निस्तारण सुनिश्चित करें।

### पत्रकार बन्धुओं की मतदाता जागरूकता रैली से समाज में गया व्यापक सन्देश

जन एक्सप्रेस/हरदोई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जनपद में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। रविवार के अवकाश के दिन भी जनपद मुख्यालय से लेकर विकास खण्डो व ग्राम पंचायतों तक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इन कार्यक्रमों में बड़े पैमाने पर आम मतदाताओं ने प्रतिभाग किया। लोगों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली। बच्चों ने रैलियां निकालकर मतदाताओं को प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह बताते हैं कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में समाज को प्रभावित करने वाले प्रत्येक वर्ग का सहयोग लिया जा रहा है। 29 मार्च को जनपद के पत्रकार बन्धुओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर व्यापक सन्देश दिया गया।

### बदमाशों द्वारा किसान से ट्रैक्टर ट्राली छीनने के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/हरदोई। रूपापुर चीनी मिल गेट के सामने से बदमाशों द्वारा दो दिन पहले फर्रुखाबाद के किसान से तमंचे के बल पर छीने गए ट्रैक्टर-ट्राली के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ट्रैक्टर-ट्राली व बदमाशों की तलाश में जुटी है। फर्रुखाबाद के अमृतपुर थाना क्षेत्र के गड़ईया किराचन निवासी अजय शुक्रवार की रात साढ़े आठ बजे चाचा गयालाल के ट्रैक्टर-ट्राली से गन्ना लेकर रूपापुर चीनी मिल आया था। उसके साथ भतीजा रवि और भांजा गौतम भी था। रात करीब दो बजे गन्ना तौल हुई, जिसके बाद तीनों खाली ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर मिल परिसर के बाहर आये और गेट पर ही ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करके सो गए थे। तड़के करीब 3 बजे सात-आठ बदमाशों ने उन्हें दबोच लिया और उनके साथ मारपीट की थी। बदमाशों ने तमंचे के बट से तीनों को पीटा था। फिर चलती ट्रैक्टर-ट्राली से पहले रवि को नीचे फेंका। बाद में अजय व गौतम का मोबाइल और पांच सौ रुपये छीनकर उन्हें भी नीचे फेंक दिया था। जिसके बाद बदमाश ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गए थे। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की तलाश की थी लेकिन कुछ हांथ नही लगा था। शनिवार को ही पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया था। रविवार को पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

### एचटी लाइन की स्पार्किंग से फलों की 500 कैरेट जलकर राख

जन एक्सप्रेस/हरदोई। डाक बंगले से सटी एक फल की दुकान में एचटी लाइन से हुई स्पार्किंग के कारण भयंकर आग लग गई। इस आग में फ्रूट शॉप मलिक की लगभग पांच सौ फ्रूट कैरेटस जलकर राख हो गयी। आग लगने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर बमुश्किल आग पर काबू पाया। तब तक लगभग 500 कैरेट आग में स्वाहा हो गई। आग शाम को 6 :30 बजे के वक्त लगी। हुआ यह की डाक बंगले से सटी फारिक निवासी वाजिद खेल की फ्रूट की दुकान के पास से एचटी लाइन निकली है। एचटी लाइन के ठीक नीचे फ्रूट की खाली कैरेट्स से लगी थी। तारों की स्पार्किंग से चिंगारी कैरेट के ऊपर गिरी और कैरेटस ने आग पकड़ ली। प्लास्टिक होने की वजह से कैरेट धू-धू करके जलने लगी। चारों तरफ चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़े और जिसको जो भी मिला आग बुझाने का प्रयास करने लगा। दमकल की गाड़ी को भी सूचना दी गई।

### 12 वैकल्पिक फोटो दस्तावेज होने पर कर सकेगें मतदान

जन एक्सप्रेस/हरदोई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरुपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है. उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि मतदान के समय मतदाता को आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको /डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए

### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस/शाहजहांपुर। आगामी त्योहारों तथा लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण रुप से सम्पन्न कराये जाने को लेकर केंन्द्रीय अद्धसैनिक बल व पीएसी बल उपल्ब्ध कराया गया है। इस क्रम में जनपद में अपराध नियन्त्रण, कानूनध्शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने एवं चाक-चौबन्द सुरक्षा हेतु थाना रामचंद्र मिशन पुलिस व केन्द्रीय पुलिस बल (एसएसबी) के साथ दंगा नियन्त्रण उपकरणों सहित थाना रामचंद्र मिशन के प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च एवं संवेदनशील व चिन्हित हॉट स्पॉट्स आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से संवाद कर कानून व्यवस्था तथा निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण त्योंहारो व आगामी चुनाव के प्रति आश्वस्त किया।

# कीचड़ युक्त पानी ने खोली नगर पालिका की पोल

जन एक्सप्रेस । हरदोई

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के स्वच्छता अभियान को गति देकर नगर को स्वच्छ बनाने के दावे की कलई खुलती हुई रोज दिख रही है। पूरे शहर में प्रमुख मार्गों के साथ-साथ गलियों में भी नालियां चोक होने की वजह से कीचड़ युक्त गंदा पानी सड़कों पर बहता हुआ दिख जाता है। इस कीचड़ युक्त गंदे पानी से लोग गुजर कर अपने घर तक पहुंचाते हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन स्वच्छता के लंबे-लंबे दावे करते हुए नहीं थक रहा है। यह तस्वीर हमारे दर्शक देख रहे हैं यह तस्वीर बासित नगर मार्ग से दलित बस्ती सैय्यदवाड़ा की ओर जाती है। इस मार्ग पर नालियों की पर्याप्त सफाई न होने की वजह से अक्सर कीचड़ युक्त गंदा पानी सड़कों पर बह निकलता है। नजारा देखने से पता चलता है कि बिन बारिश के यहां पर किस तरह जल भराव है। जल भराव कीचड़ युक्त पानी का है। इसी कीचड़ युक्त पानी से दलित बस्ती सैयद वाडा और बाजार संभा के लोग गुजर कर अपने घर पहुंचते हैं। सफाई नायक और सफाई कर्मचारी एक-एक सप्ताह यहां दर्शन नहीं देते हैं। बोर्ड की हर बैठक में स्वच्छता अभियान को प्रमुखता के साथ चलाए जाने का दावा किया जाता है लेकिन अधिशासी अधिकारी को शायद यह गलियां नहीं दिख रही। अधिशासी अधिकारी ने सड़कों पर निकलकर स्वच्छता अभियान की हकीकत को कभी भी रखने की कोशिश नहीं की।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार?**

सफाई निरीक्षक दीपक कुमार का कहना है सभी वार्डों में प्रतिदिन सफाई की जाती है लेकिन कहीं पर कूड़ा कचरा फंस जाता है तो नालियों से पानी निकल कर गलियों में आ जाता है। सूचना मिलने पर तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करा दी जाती है।



# अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर चार पुलिसकर्मियों को दी गयी विदाई

जन एक्सप्रेस । हरदोई

31 मार्च को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए 04 पुलिस कर्मियों का विदाई समारोह आयोजित कर उनके सुखमय जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। 31 मार्च को जनपद में तैनात उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, उपनिरीक्षक जय सिंह, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह व हेड कांस्टेबिल इंद्र मोहन सिंह द्वारा अपनी-अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर लेने और पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी द्वारा पुलिस लाइन में एक भव्य विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त सभी पुलिस कर्मियों को उनके सुखमय जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व प्रतिसार निरीक्षक मौके पर मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एफएसटी टीम ने वाहनों की ली सघन तलाशी

जन एक्सप्रेस । हरदोई



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र व निष्पक्ष सम्पन्न कराए जाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्ती से जुटा हुआ है। एसडीएम सवायजपुर के निर्देशन में आचार संहिता के अनुपालन ने मतदान को लेकर अधिकारी पूरी तरह क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं।एफएसटी टीम क्षेत्र में भृमण कर वाहनों की लगातार सघन तलाशी कर रही है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व स्वतंत्र सम्पन्न कराए जाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है।रविवार को एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्री वास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सवायजपुर विधान सभा क्षेत्र में चुनाव आचार संहिता के अनुपालन में टीम लगातार सक्रिय है।इसी कड़ी में अरवल थाना क्षेत्र के श्री मऊ तिराहा व हरपालपुर थाना क्षेत्र के ककरा तिराहे पर एफएसटी टीम ने वाहनों की सघन तलाशी ली।टीम प्रभारी विश्लेष कुमार व अन्य सहयोगी मौजूद रहे।एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्री वास्तव ने बताया कि चार पहिया वाहनों पर ली जाने बाली तलाशी के दौरान चुनाव आचार संहिता को प्रभावित करने बाली सामग्री आदि की टीम द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए चुनाव आचार संहिता का अनुपालन किया जा रहा है।

# सभी लोग अपना-अपना शस्त्र लाइसेंस जमा करें: चन्द्र प्रकाश शुक्ला'

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिस ने लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। इसी क्रम में जनपद के शस्त्र धारकों के शस्त्र भी जमा कराए जा रहे है। लेकिन कुछ शस्त्र धारक शस्त्र जमा नही कर रहे है। जिसमें थाना रामचंद्र मिशन के प्रभारी निरीक्षक चन्द्र प्रकाश शुक्ला ने शस्त्र धारकों के यहां नोटिस भेजने शुरू कर दिए है एवं नोटिस में चेतावनी दी गई है कि आप अपना शस्त्र दुकान या थाने में जमा कर दे जिससे लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न कराए जा सके, उन्होंने शस्त्र धारको से नोटिस में कहा है कि अगर आप अपना शस्त्र जमा करना नही चाहते है तो स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष कारण बताए क्यों आप शस्त्र जमा करना नही चाहते है उन्होंने नोटिस में इंगित किया है।

# अखिल भारतीय कश्यप महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

अखिल भारतीय कश्यप महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप पहुंचे। जहां कश्यप महासभा की ओर से सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप व सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान एवं इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजेश कश्यप का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व राजपाल कश्यप का जनपद आगवन पर जमुका दोराहे पर पहुंचने पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। होली मिलन समारोह में ब'चों को सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां व समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप से प्रस्तुत कराया गया।

# अभिमान का नाश क्षमा से होता है: डॉ. दामोदर दीक्षित

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

**परमात्मा ने सभी को तीन चीजें दी, समय, शक्ति और सम्पति इनके सदुपयोग और दुरूपयोग कर्ता स्वतंत्र है**

श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन व्यास डा. आचार्य दामोदर दीक्षित ने सुनाया कि काम का नाश भगवान के नाम से होता है। अभिमान का नाश क्षमा से होता है। कृपणता का नाश दान से होता है। पुत्रेष्णा, लोकेष्णा, वित्तेष्णा से मुक्ति का मार्ग हमे ग्रंथों से मिलता है। परमात्मा ने सभी को तीन चीजें दी, समय, शक्ति और सम्पति इनके सदुपयोग और दुरूपयोग कर्ता स्वतंत्र है। सदुपयोग करने वाले महापुरुष कहलाते हैं और दुरूपयोग करने वाले दुष्ट कहलाते हैं। और कष्ट भोगते हैं। भगवान को अपना बनाने के लिए कोई सम्बन्ध बना लेना चाहिए, प्रेमी भाव, भ्राता रक्षा सूत्र बांधकर भाई का रिश्ता आदि कैसा भी रिश्ता रखना चाहिए। हिरण्याक्ष का भगवान ने उद्धार वराह अवतार ले कर किया व्यास जी ने बताया कि धन पर दृष्टि रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिरण्याक्ष है हिरण्यकश्यपु की कथा सुनाते हुए बताया कि दैव योग से उसको एक पुत्र प्राप्त हुआ जिसका नाम प्रह्लाद हुआ जो की परम भक्त वैष्णव था उसकी विष्णु भक्ति देखकर हिरण्यकश्यपु को अपने पुत्र से शत्रु भाव हो गया हिरण्यकश्यपु को ब्रह्मा ने घर बाहर, अस्त्र शस्त्र , दिनरात, बारह महीने में न मरू ऐसा वरदान दे दिया। वरदान पाकर यह अत्यंत अत्याचारी हो गया। अपने ही पुत्र से कष्ट होने लगा। अपनी बहन होलिका से कहा तुम इस बालक को लेकर आग में बैठ जाओ तुम तो जलोगी नहीं यह बालक जल जायेगा। भगवान कृपा से होलिका जल गई प्रहलाद को आंच तक नहीं आई। कथा क्रम डा. दामोदर दीक्षित जी ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई। बताया की एक हाथी अपने परिवार के साथ जलपान करने गया तो अंदर एक आवाज आई इस सरोवर का जल मत पीना न ही स्नान करना लेकिन वह सरोवर में प्रवेश कर गया जल पिया और स्नान करने लगा तभी एक ग्रह ने आकर उसका पैर पकड़ लिया उसने छूटने का प्रयास किया पर छूट नहीं पाया परिवारी छोड़ कर चले गये भगवान उसकी आर्त पुकार सुनकर आये और उसका उद्धार किया । यदि हृदय से स्मरण किया जाये तो भगवान अवश्य उद्धार करते हैं इसी क्रम देवासुर संग्राम का आध्यात्मिक विवेचन किया।

# प्रेमिका पर उड़ाई पिता की पेंशन मां ने डांटा तो लिखा सुसाइड नोट

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में एक डिलीवरी बॉय ने प्रेमिका के खर्चे पूरे करने के लिए अपने पिता की पेंशन के एक लाख 10 हजार रुपये उड़ा दिए। मां ने उससे बात करना बंद कर दी तो उसने ज्यादा मात्रा में नींद की दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। वह एक दिन तक कमरे में बेहोश पड़ा रहा। मां ने ही कमरे में जाकर देखा तब उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

दुर्गानगर निवासी प्रवीण सागर एक फूड कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता है। उसके पिता रेलवे कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु के बाद मां जावित्री देवी को उनकी पेंशन मिल रही है। जावित्री के अनुसार प्रवीण ने उनकी पेंशन के एक लाख दस हजार रुपये खर्च कर लिए।

**कमरे में बेहोश पड़ा मिला था युवक**

भाई दीपक ने आरोप लगाया कि प्रवीण ने यह रुपये राजेंद्र नगर निवासी अपनी प्रेमिका पर खर्च कर दिए। जब इसका पता मां को चला तो उन्होंने नाराजगी जताई और प्रवीण से बात करना बंद कर दी। प्रवीण ने शुक्रवार को नींद की गोलियों की ओवरडोज ले ली। शनिवार रात मां को पता चला कि प्रवीण कमरे में बदहवास पड़ा है। तब उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सुसाइड नोट में लिखीं ये बातें

प्रवीण के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला। सुसाइड नोट पर लिखा है, मां और भाई मेरे शव को हाथ न लगाएं। दो पेज के सुसाइड नोट में उसने अपनी प्रेमिका की तारीफ की। लिखा कि उसने उसकी हर परिस्थिति में मदद की। उसकी मां केवल अपने बड़े बेटे को ही चाहती है। मैं सभी लोगों से माफी मांग रहा हूं, अब मेरी हिम्मत टूट गई है। युवक ने अपनी प्रेमिका के लिए लिखा, 'मैं उसको अकेला छोड़कर जा रहा हूं। कोई अच्छा लड़का देखकर शादी कर ले। खुश रहना और मुझे भूलने की कोशिश करना। अलविदा।'

# प्रेमिका पर उड़ाई पिता की पेंशन

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में एक डिलीवरी बॉय ने प्रेमिका के खर्चे पूरे करने के लिए अपने पिता की पेंशन के एक लाख 10 हजार रुपये उड़ा दिए। मां ने उससे बात करना बंद कर दी तो उसने ज्यादा मात्रा में नींद की दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। वह एक दिन तक कमरे में बेहोश पड़ा रहा। मां ने ही कमरे में जाकर देखा तब उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। दुर्गानगर निवासी प्रवीण सागर एक फूड कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता है। उसके पिता रेलवे कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु के बाद मां जावित्री देवी को उनकी पेंशन मिल रही है। जावित्री के अनुसार प्रवीण ने उनकी पेंशन के एक लाख दस हजार रुपये खर्च कर लिए। भाई दीपक ने आरोप लगाया कि प्रवीण ने यह रुपये राजेंद्र नगर निवासी अपनी प्रेमिका पर खर्च कर दिए। जब इसका पता मां को चला तो उन्होंने नाराजगी जताई और प्रवीण से बात करना बंद कर दी। प्रवीण ने शुक्रवार को नींद की गोलियों की ओवरडोज ले ली। शनिवार रात मां को पता चला कि प्रवीण कमरे में बदहवास पड़ा है। तब उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रवीण के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला। सुसाइड नोट पर लिखा है, मां और भाई मेरे शव को हाथ न लगाएं। दो पेज के सुसाइड नोट में उसने अपनी प्रेमिका की तारीफ की। लिखा कि उसने उसकी हर परिस्थिति में मदद की।

# श्रद्धालुओं से भरा पिकअप वाहन पलटा: 12 घायल, दो की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । बहराइच

अयोध्या में भगवान श्रीराम का दर्शन करने के बाद आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं का दल पिक वाहन से नैमिष सीतापुर दर्शन के लिए जाते समय जरवल रोड में पलट गई। जिसमें महिलाओं समेत 12 श्रद्धालु घायल हो गए। दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। आंध्र प्रदेश के तेलंगाना से 12 श्रद्धालूओं का दल अयोध्या में भगवान श्री राम लला के दर्शन के लिए आया था। इसके बाद सभी सीतापुर में स्थित नैमिष शरण में दर्शन के लिए प्राइवेट वाहन से जा रहे थे। वाहन अयोध्या में ही बुक कराया। जरवल रोड थाना क्षेत्र के गोंडा लखनऊ मार्ग पर तूफानी चौराहा के पास चालक को सुबह छह बजे झपकी आ गया। जिससे वाहन डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। हादसे के बाद श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। जानकारी के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस पर आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान डॉक्टर प्रशांत शर्मा ने दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं अन्य का इलाज सीएचसी में चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक जरवल रोड पुलिस घायलों का हाल जानने अस्पताल भी नहीं पहुंची है।

# किशोर को नाले में खींच ले गया मगरमच्छ: हुई मौत, परिवार में कोहराम

जन एक्सप्रेस । बहराइच

कैसरगंज रेंज में स्पर नंबर एक के पास भैंस को नहला रहे बालक को मगरमच्छ नाले में खींच ले गया। इसके बाद खून चूसने के बाद किशोर को छोड़ दिया। बालक का शव वन विभाग और पुलिस की टीम ने बरामद कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज भेज दिया गया है।बहराइच वन प्रभाग के कैसरगंज रेंज के ग्राम पंचायत नौबस्ता के स्पर नंबर एक निवासी मूलचंद्र मवेशी पाल रखे हैं। रविवार सुबह मूलचंद्र का बेटा गोलू उर्फ दिनेश (14) भैंस को घाघरा नदी की शाखा से निकलने वाले नाले में भैंस को नहला रहा था। उसी दौरान नाले से मगरमच्छ आ गया। वह किशोर को पानी में खींच ले गया। किशोर को मगरमच्छ ने मार डाला। इसके बाद शव को छोड़ कर पानी में चला गया। सूचना पाकर डीएफओ संजीव कुमार, वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह, थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह, लेखपाल बृजेश, ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य मौके पर पहुंचे। शव को पुलिस ने बरामद कर लिया। इसके बाद बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएफओ ने बताया कि मगरमच्छ के हमले में किशोर की मौत हुई है।

# पीपा पुल पर चढ़ा पानी जान जोखिम में डालकर नाव से नदी पार कर रहे ग्रामीण

## नारायणी नदी का हाल, 'ग्रामीणों के लिए 50दिन चलने के बाद बेकार साबित हो रहा पीपा पुल'

जन एक्सप्रेस । गिरीश चन्द्र पाण्डेय



**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले में सीमा से होकर तेज गति से बहने वाली नारायणी नदी में समय से पहले पानी बढ़ने से नदी में बने पीपा पुल के उपर पानी चढ़ गया है। जिससे चलते दीयारा क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में करने में परेशानीयों का सामान करना पड़ रहा है। पुल पर पानी चढ़ने से ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नाव के सहारे नदी पार कर रहे है। जबकि प्रत्येक वर्ष नारायणी नहीं में चैत नवरात्रि के समय में ही पानी बढ़ता है किन्तु इस बार नवरात्र से पहले नदी में पानी के बढ़ने से नदी में बने पीपा के पुल पर पानी चढ़ गया है। जनपद के दीयारा क्षेत्र के आधा दर्जन व महराजगंज के तीन गांवों के लोग जान जोखिम में डालकर खड्डा की यात्रा तय करने को मजबूर हैं।
ग्रामीणों के लिए नारायणी नदी में पानी बढ़ने से भैंसहा घाट पर लगाया गया पीपा पुल 50 दिन चलने के बाद बेकार साबित हो रहा है।
बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष नवरात्र के दिनों में नारायणी नदी में पानी का बढ़ना शुरू होता था लेकिन इस वर्ष नवरात्र से पहले ही बीती रात नारायणी नदी में पानी तेजी से बढ़ने लगा है जिससे नारायणी नदी पार के गांव कुशीनगर जिले के गांव नारायनपुर, हरिहरपुर, शिवपुर, बसन्तपुर, मरिचहवां, बालगोविंद छपरा व बकुलादह तथा महराजगंज जिले के सोहगी बरवां, शिकारपुर व भूतहां के लोगों को खड्डा के लिए आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अचानक नदी में पानी बढ़ने को देख लोग नाव से आते और जाते हैं। नाव वाले किराया के नाम पर उनका शोषण कर रहे हैं पानी बढ़ने पर नदी पार के मरिचहवा गांव के प्रधान इजहार अंसारी, शिवपुर के निजामुद्दीन अंसारी हरिहरपुर के रामायण, संजय सिंह, अंगूर आदि ने बताया कि परिवार चलाने के लिए रोजमर्रा के समान के लिए बाजार आना जाना मजबुरी है नदी में पानी बढ़ने से हम लोगों को बाजार से सामान लाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
नाव से 5 किलोमीटर की जगह बिहार होकर आने-जाने में 60 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है आज तक आजादी के बाद से चुने हुए किसी भी जनप्रतिनिधि ने हम लोगों की दुर्दशा पर ने ध्यान नहीं दिया है। जब बाढ़ से हम लोगों का गांव टापू बन जाता है तो नेता लोग आकर ढांढ़स बधाते हैं और फिर चले जाते हैं उसके बाद कोई सुधि लेने नहीं आता है। प्रकृति से की मार से हमेशा हम दीयारा वासियों को दो चार होना पड़ता है। भाग्य में शायद हम लोगों के यही लिखा है।

# सैफई वाले चाचा-भतीजा जोड़ी के मेहदावल में चर्चे तेज

## बिना नजराना नहीं चलाते कलम, निजी सचिवों की मदद से कराते हैं जमकर धन उगाही

जन एक्सप्रेस । संत कबीर नगर



उत्तर प्रदेश की सत्ता योगी आदित्यनाथ के हाथों में आने के पश्चात सैफई के चाचा भतीजे की चमक प्रदेश के अधिकारियों पर फीकी तो पड़ गई परंतु मुख्यमंत्री के पड़ोसी जनपद संतकबीरनगर के मेहदावल तहसील में तैनात सैफई निवासी एक लेखपाल और आजमगढ़ निवासी एक लेखपाल की जोड़ी इन दिनों शिष्टाचार में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार करने की चर्चा में खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। शिष्टाचार में भ्रष्टाचार की जोड़ी में एक का नाम बृजेश तो दूसरे का सौरभ है और दोनों एक ही बिरादरी से तो आते ही हैं और रिश्ते में चाचा-भतीजा भी हैं।

### सत्ता किसी को हो, सिक्के तो चाचा-भतीजे के ही चलते

ज्ञातव्य हो कि जिस तरह से सैफई परिवार का आजमगढ़ से राजनीतिक रिश्ता किसी पारिवारिक रिश्ते से कम नहीं है उसी तरह इन दोनों लेखपालों के सत्ता के गलियारों में राजनीतिक रिश्ते भी इतने मजबूत हैं की कोई इनकी कितनी भी शिकायत करें दोनों एक होकर अधिकारियों से भी लड़ बैठते हैं तो वहीं भ्रष्टाचार के अहम किरदार होने के वजह से इन्हें तहसील के कुछ अधिकारियों का संरक्षण भी मिलता दिखाई देता है। तहसील के कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने के शर्तों पर बताया कि सत्ता चाहे किसी भी दल की हो पर सिक्के तो चाचा-भतीजे के ही चलते हैं।

### शिष्टाचार में भ्रष्टाचार की अहम् जोड़ी है चाचा-भतीजा

बताते चलें उक्त चाचा भतीजे की जोड़ी दिन भर एक ही साथ एक ही कमरें में बैठकर राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित खतौनी की फीस के नियम विरुद्ध 15 रुपए के बजाय 20 रुपए प्रति खतौनी की वसूली करते हैं एवं कंप्यूटर कक्ष में इन लेखपालों द्वारा अपने निजी सचिवों से आदेश की फीडिंग कराने में जमकर धनउगाही करवाते हैं।

# अवैध अतिक्रमण पर चला नगर पंचायत का बुलडोजर




जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोला उपनगर के बड़हलगंज कस्बे की मुख्य सड़कों पर हुए अवैध अतिक्रमण पर नगर पंचायत कर्मचारियों ने पुलिस की के मदद से बुलडोजर चलाकर हटवा दिया।
नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी शिवकुमार व कोतवाल अश्वनी पांडेय के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मचारियों ने बुल्डोजर चलाकर अंबेडकर तिराहा, बस स्टैंड, बाईपास रोड, कालेज रोड के सड़कों की पटरियों पर लगी दुकानों व टीन शेड को पूरी तरह खाली करा दिया।
अधिकारीद्वय ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के पश्चात अगर कोई भी व्यक्ति अवैध अतिक्रमण करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
वहीं पटरी से बेपटरी हुए पीड़ितों ने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के हमारे रोजी-रोटी पर बुलडोजर चलाया जाना न्यायोचित नहीं है।

# मेहदावल बस स्टैंड पर लगा आर ओ प्लांट बना शो पीस

✻ तपतपाती धूप में एक बूंद ठंढे पानी को तरसते मुसाफिर

जन एक्सप्रेस । संत कबीर नगर



जनपद के मेहदावल तहसील मुख्यालय पर स्थित परिवहन विभाग के बस स्टेशन पर भीषण गर्मी के बावजूद यात्रियों को एक बूंद ठंडा पानी भी मयस्सर नहीं हो रहा है। परिवहन विभाग को यात्रियों की सुविधाओं का कोई ख्याल नहीं है।
बताते चलें कि पूर्व भाजपा सांसद स्वर्गीय शरदचंद्र त्रिपाठी ने सांसद निधि से बस स्टैंड परिसर में आर ओ प्लांट लगवाया गया था परंतु वह ठेकेदार और विभागीय भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया बमुश्किल एक साल ही चल पाया कि खराब हो गया।

### जिम्मेदार नहीं लेते संज्ञान, पानी के लिए यात्री हलकान

हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत में बस यात्रियों ने कहा कि परिवहन विभाग यदि सुधि लिया होता तो यह खराब पड़ा आर ओ प्लांट चालू हो सकता था और यात्री उपयोग कर रहे होते और एक बूंद ठंढे पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता।

### बस स्टैंड में यात्री सुविधाएं शून्य

विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए बस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का शून्य होना मुसाफिरों को रास नहीं आ रहा है यात्रियों ने कहा कि तमाम संस्थाओं द्वारा जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था किया गया है परंतु विभागीय मेहदावल बस स्टेशन पर उन सामाजिक कार्यकर्ता और संस्थाओं की भी नजरे इनायत नहीं होती।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, 10 बीघा गेहूं की फसल हुई राख



जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर

विकास खंड बड़हलगंज अंतर्गत कछार क्षेत्र के मछरगांवा गांव में खेत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार के शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गयी। जिससे लगभग 10 बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने घंटो मशक्कत से आग पर काबू पाया।
रविवार को शार्ट सर्किट से मच्छरगांवा गांव में ग्राम प्रधान विजय यादव, सुखारी यादव, चोकट यादव, सत्यवीर यादव, बृजराज, शिवब्रत तिवारी, बिभूती साहनी आदि की लगभग 10 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

# सीनियर ओपेन शतरंज प्रतियोगिता हुई आयोजित

✻ विष्णु देव यादव व सोहम मित्तल बने चैम्पियन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर जिला शतरंज संघ से संबद्ध ब्रेन चेस एकेडमी के तत्वाधान में एक दिवसीय सीनियर ओपेन व अंडर 13 आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता रविवार को विजय चौक स्थित एस एस एकेडमी में आयोजित हुई। दोनों ही वर्गों में कुल 44 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 7 अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी शामिल रहे। अंडर-13 आयु वर्ग में पांच चक्रों के मैच में अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को धराशाई कर पांच अंक बनाकर रेटेड खिलाड़ी सोहम मित्तल चैम्पियन बने तो वहीं सीनियर ओपेन वर्ग में चार चक्रों के मैच में अपराजित रहते हुए रेटेड खिलाड़ी विष्णु देव यादव चार अंक बनाकर चैम्पियन बने।
रैपिड आधार पर खेले गए इस प्रतियोगिता में सीनियर ओपेन वर्ग में बेस्ट गर्ल्स का खिताब दीपांजलि श्रीवास्तव को मिला जो कि पांच चक्रों के मैच में तीन अंक बनाईं? तो वहीं अंडर 9 में बेस्ट प्लेयर का खिताब आर्यांश को मिला।अंडर 13 वर्ग में उपविजेता साढ़े चार अंक बनाकर आर्यन रहे तो वहीं चार अंक बनाकर तीसरे स्थान पर अर्यांश सिंह चौथे स्थान पर राजवीर श्रीवर्धन रहे। 3.5 अंक बनाकर पांचवे स्थान पर प्रांजल मिश्रा छठवें स्थान पर अमितेश गुप्ता तीन अंक बनाकर सातवें स्थान पर प्रेरित श्रीवास्तव आठवें स्थान पर यश मसकरा नौवे स्थान प्रांजल जायसवाल और दसवें स्थान पर मोहम्मद अयान खान रहे। सीनियर ओपेन वर्ग में उपविजेता बेहतर टाइब्रेक के आधार पर 3 अंक बनाकर रेटेड खिलाड़ी शशि प्रकाश रहे। तीसरे स्थान पर रक्षित शेखर द्विवेदी रहे। तीन अंक बनाकर चौथे स्थान पर शाश्वत सिंह पाचवे स्थान पर रीतेश साहनी छठवें स्थान पर युवराज सिंह सातवें स्थान पर आर्यवीर मैत्रे आठवें स्थान पर शिवांग पोद्धार नौवे स्थान पर मोहम्मद अरमान खान और दशवें स्थान पर अर्पित सिंह रहे।
सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एसएस एकेडमी की प्रिंसिपल डॉक्टर निशि अग्रवाल व डॉक्टर सुरेश सिंह एवं जिला शतरंज संघ के सचिव जितेन्द्र सिंह ने नकद पुरस्कार व शील्ड मेडल देकर सम्मानित किया।
प्रतियोगिता आयोजक व चीफ आर्बीटर नितेश श्रीवास्तव रहे। इस मौके पर अमितेश आनंद राहुल द्विवेदी उत्तम सहित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी करने घर में घुसे युवक की भागते समय छत से गिरने से मौत

**जन एक्सप्रेस/खामपार।** खामपार थाना क्षेत्र के बिरमापट्टी गांव में शनिवार की रात चोरी करने घर में घुसे एक युवक की भागते समय छत से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खामपार थाना क्षेत्र के बिरमापट्टी गांव निवासी तारिक अहमद (24) वर्ष पुत्र अली अकबर शनिवार की रात अपने घर के बगल में एक मकान में चोरी करने के लिए घर में घुस गया था। घर के महिलाओं के जागने की आशंका होने पर भागते समय दो मंजिला छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन आनन-फानन में भोर में तीन बजे घायलावस्था में युवक को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने सिर में गंभीर चोट होने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव घर लेकर चले गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जंगल में लगी आग, घंटों बाद भी नहीं पहुंचे विभागीय जिम्मेदार



जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज

बृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत फरेंदा-बृजमनगंज मार्ग के कोमल चौराहे के पास जंगल में रविवार दोपहर अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग की लपटें भयंकर रूप होने लगी। कोमल चौराहे के आसपास रहने वालों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पुलिस पर जब तक पुलिस बल पहुंची तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।पुलिस ने जंगल में आग की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। जंगल के काफी अंदर तक आग फैलने के कारण धुआं निकलना जारी रहा ।ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में तीन-चार दिनों से धुआं निकल रहा था। लेकिन वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार मौके पर इसकी सुधि लेने नही आया। जब रविवार की दोपहर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया तो उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी।फायर ब्रिगेड अधिकारी संतोष यादव के नेतृत्व में संदीप कुमार सिंह, रामनाथ, दुर्गेश कुमार सहित अन्य कर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे।

# देखते ही देखते पूरा परिवार हो गया समाप्त, पाव रोटी बेचकर चलाता था जीविका

**जन एक्सप्रेस/बरहज।** जिन बच्चों के बेहतर जीवन के लिए वह सुबह से लेकर शाम तक मेहनत करते थे वही उसकी आंखों के सामाने ही मौत के मुंह में समा गये। शिव शंकर की तीन बेटियां और एक बेटा था। बड़ी बेटी कंचन की तीन साल पहले शादी हो गयी, वह अपने ससुराल में रहती हैं। परिवार चलाने को शिव शंकर घूम-घूमकर पावरोटी बेचते हैं। वह रोज की तरह सुबह करीब पांच बजे उठे और पत्नी आरती को चाय बनाने को कहकर फ्रेश होने व ब्रश करने कमरे से बाहर निकल गये।इस दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने और फटने की घटना हो गयी। शिव शंकर को अपनी पत्नी व बच्चों को बचाने का भी मौका नहीं मिला। वह सिलेण्डर फटने की आवाज के बाद बदहवाश हालत में गांव की तरफ चिल्लाते हुए भागे। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ पहुंची, लेकिन तब-तक सब कुछ खत्म हो गया था। इस घटना में शिव शंकर का पूरा परिवार ही खत्म हो गया।

# एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर, महराजगंज



आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेंद्र मीणा द्वारा विभिन्न संवेदनशील बूथों का निरीक्षण करने के पश्चात फरेंन्दा कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया। रविवार को महराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने फरेंदा कोतवाली का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया।इस दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए परिसर के साफ सफाई को देखते हुए कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने का दिशा निर्देश अपने मातहतों को दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था पर विशेष नजर रखी जाए, एसपी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा के कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों का जांच पड़ताल किया। निरीक्षण पश्चात उन्होंने मातहतों को चेताया कि मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर तैयारियां पूरी कर लें। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंन्दा अनुरूद्ध, कोतवाल अंकित सिंह, गंगाराम यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# तीसरी बार फिर जनता बनाएगी मोदी सरकार: रविंद्र कुशवाहा

जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी

भाटपार रानी उपनगर के मदन मोहन मालवीय डिग्री कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी भाटपार रानी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर मुख्य अतिथि सांसद रवींद्र कुशवाहा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण अर्पित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों से चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मूल मंत्र को साकार करने का काम की है। किसानों, नौजवानों, गरीबों एवं महिलाओं के हित में सरकार के द्वारा जो योजनाएं चलाई गई हैं उनका लाभ निश्चित ही उन्हें मिला है।
उन्होंने कहा कि विपक्षी चाहे जितना भी हथकंडा अपना ले देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी हैं।
विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है।बैठक में प्रमुख रूप से सुशील कुमार शाही, बलवीर सिंह दादा, डॉ अशोक तिवारी, संतोष पटेल, सुरेश तिवारी, चन्द्र किशोर द्विवेदी, विशाल पांडेय, राजेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । देवरिया



जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया।
इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की संख्या एवं उनकी स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत माननीय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।
उन्होंने सुरक्षा गाडर्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मंजूर अहमद अंसारी, बीजेपी से गंगा शरण, बीएसपी से विकास प्रसाद व संतोष कुमार, सपा से छेदी लाल, कांग्रेस से समीर पांडेय, अपना दल से रविंद्र पटेल, माकपा से जय प्रकाश यादव, सतीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# शराब न देने पर सेल्समैन की गोली मारकर हत्या

**जन एक्सप्रेस | नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में शनिवार देर रात सेल्समैन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बिसरख थाना क्षेत्र में शराब देने से मना करने पर बाइक सवार बदमाशों ने सेल्समैन पर फायरिंग कर दी। इसके बाद वह फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने हमलावरों की तलाश के लिए चार टीमों का गठन किया है। टीमें दबिश दे रही हैं।पूरा मामला बिसरख थाना क्षेत्र के मोहल्ला न्यू हैबतपुर के पास का है। यहां एक शराब का ठेका है। रात करीब 1.40 पर बाइक सवार 3 युवक आए। ठेका बंद होने के कारण वह ठेके के पीछे के रास्ते से चले गए, जहां पर सेल्समैन हरिओम वहीं सो रहा था। उन लोगों ने दरवाजे को खटखटाया और सेल्समैन से शराब देने के लिए बोला, जिस पर सेल्समैन ने मना कर दिया। कहा, ठेका बंद हो चुका है, अब शराब नहीं मिलेगी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। गाली-गलौज और मारपीट होने लगी। इसी बीच गुस्से में



तीन युवकों में से एक ने अपनी कमर से तमंचा निकाला और सेल्समैन पर फायर झोंक दिया। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं गोली लगते ही सेल्समैन लहूलुहान होकर मौके पर गिर गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। इसके बाद पुलिस को भी सूचना दी गई। आनन-फानन में घायल सेल्समैन को अस्पताल पहुंचाया गया, यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पूरी घटना की जानकारी बिसरख थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल में जुट गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। सुबह होते ही डीसीपी सहित सेंट्रल नोएडा के अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इस घटना के बारे में जानकारी जुटाई गई। साथ ही आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। सेंट्रल नोएडा की डीसीपी सुनीति सिंह ने बताया कि एक सेल्समैन को गोली मारने की घटना प्रकाश में आई है।
गोली लगने के बाद सेल्समैन की मौत हो गई। इस मामले में चार टीमों का गठन किया गया है। आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य जानकारी भी जुटाई जा रही है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक मूल रूप से अमरोहा का रहने वाला था, फिलहाल उसके परिजनों को इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

# शार्ट सर्किट से आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख



**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**

शार्ट सर्किट से आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हंसवर थाना क्षेत्र के औझीपुर गांव निवासी रामजीत मौर्य जिनका गांव के ही बगल खेत है। रविवार की दोपहर ट्रांसफार्मर के बगल तार पर लिस्पिट की डाल गिरने से निकली चिंगारी से करीब एक बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीणों ने पहुंचकर आग बुझाना चाहा, लेकिन चालू हालात मे बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे आग बुझाने की हिम्मत किसी ने नहीं जुटा पाई। नतीजतन करीब एक बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र औझीपुर पर पहुंचकर विद्युत आपूर्ति रुकवा दिया। तब जाकर लोगों द्वारा आग पर काबू पाया गया। विद्युत कर्मियों के इस रवैये से ग्रामीणों में काफ़ी आक्रोश देखने को मिला। शार्ट सर्किट से जले हुए गेहूं का मुआवजा विभाग ने दिलाने का भरोसा दिलाया है।

# श्याम बाबा के जयकारों से गूंजी निशान यात्रा

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

हाथों में लाल व पीत रंग के निशान जुबां पर हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के गूंजते जयघोष के बीच आगरा नगरी खाटू वाले श्याम के रंग में रंग गई। कलकत्ता और दिल्ली के रमणीक श्रृंगार में सजी श्याम बाबा की सवारी। शंखनाद होते ही हाथों में बड़े बड़े 551 निशान लेकर श्याम भक्त निकले। ये अलौकिक दृश्य रहा श्याम नगरी मासिक पोशाक सेवा समिति की ओर से मनरूकामेश्वर नाथ मंदिर से निकाली गई निशान यात्रा का। यात्रा में सर्वप्रथम विघ्नहारता गणेशजी, बांके बिहारी, राधा कृष्ण, बानर सेना, शेरोवाली की झांकियां निकाली गयी। अंत में श्याम बाबा के रथ के आगे डीजे की धुन पर श्याम बाबा के भजनों की गूंज पर झूमते श्रद्धालु रहे। वहीं, सैकड़ों महिला- पुरुष हाथों में श्याम बाबा का निशान लेकर जय-जयकार करते हुए आगे बढ़ गए। पहली बार निशान यात्रा में लाइव संकीर्तन की झांकी भक्तो में आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा रावतपाड़ा, जौहरी बाजार, दरेसी, कचहरी घाट, पथवारी, बेलनगंज होते हुए जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। खाटू श्याम के डोले का जगह-जगह क्षेत्रीय निवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत व आरती की। हर भक्त खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए लालायित दिखा। इस अवसर पर अनिल मित्तल, अरूण मित्तल, मनोज पवन बंसल, किशन गर्ग, मुरारी लाल, हिमांशु, धर्मेश, पप्पे आदि मौजूद रहे।

# लावारिस लाशों का डंपिंग यार्ड बना है अबेडकरनगर

- दूसरे जनपद में वारदात को अंजाम दे कर जनपद में शव को ठिकाने लगाते हैं अपराधी
- पिछले दो-तीन महीने में जनपद में मिलें करीब आधा दर्जन लावारिस लाशों का नहीं हुआ है शिनाख्त

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**

जनपद में पिछले कई महीनों से आए दिन लावारिस लाशों के मिलने का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। वहीं दूसरी ओर सवाल पूछा जा रहा है कि लावारिस लाशों के गुनाहगारों को कब सजा मिलेगी। ऐसे अनेक केस हैं जिनमें गुनाहगारों को सजा तो दूर अभी केस का खुलासा तक नहीं हो सका है। केस का खुलासा भी छोड़िये लावारिस लाशों की पहचान तक नहीं हो सकी है।अपराधियों के लिए जनपद सेफ जोन बन चुका है।लावारिस लाशों के मिलने का कभी न थमने वाला सिलसिला लगातार जारी है। इस सिलसिले ने ही जनपद को लावारिस लाशों का डंपिंग यार्ड बनाकर रख दिया है। दरअसल हो यह रहा है कि दूसरे शहरों में हत्या जैसी जघन्य वारदातों को अंजाम देने के बाद उनकी लाश ठिकाने लगाने के लिए जनपद ही ठिकाना बना हुआ है। रविवार सुबह हंसवर थाना के तिलकारपुर गांव में भी एक युवक की लाश पेड़ से लटकते हुए प्राप्त हुई है जिसकी पहचान नहीं हो सकी।जिले में ऐसे शव आए दिन मिल रहे हैं, पुलिस के रिकार्ड में अज्ञात के रूप में दर्ज हैं। नब्बे फीसदी अज्ञात शव प्रथम दृष्ट्या ही हत्या के प्रतीत होते हैं।इनका बिसरा भी जांच के लिए भेज दिया जाता है। न रिपोर्ट आती है और न ही इन मामलों के खोलने की कोई जहमत ही उठाता है। जिन जगहों पर अज्ञात शव मिलने की घटनाएं हो रही हैं, उन जगहों की पूरी तहकीकात करने तथा आगे से उन जगहों पर सुरक्षा के इंतजाम करने में भी थाना पुलिस कुछ खास नहीं कर पाती है।लावारिस लाशों की शिनाख्त कराना और वारदात के गुनाहगारों तक पहुंचना कोई आसान काम नहीं होता।

### सरकारी मशीनरी भी है इसका जिम्मेदार

ऐसे मामलों का खुलासा न होने के पीछे गुमशुदगी के मामलों का रोजाना नेट पर अपलोड न होना है। जिसके जरिए पुलिस सर्च कर सकती है, लेकिन वास्तविकता में ऐसा होता नहीं है। पहले पीएम कराने की जल्दी फिर लावारिस में उसका उसके धर्म के अनुसार से दाहसंस्कार कर दिया जाता है। पुलिस के पास काम का बोझ अधिक होने या फिर बिना किसी दबाव के अधिकारी या जांच अधिकारी कोई जिम्मेदारी नहीं लेता। लावारिश लाशों वाले केस में अमूमन तहकीकात करने पर पता चलता है कि वारदात को कहीं दूसरी जगह पर अंजाम दिया जाता है। लाश कहीं दूसरी जगह फेंकी जाती है। इतना ही नहीं अगर लाश की शिनाख्त हो गई, तो उसकी भी जगह बदली होती है। इतना सब कुछ होने के बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट कहीं दूसरे थाने में दर्ज होती है।

# बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद**

मुरादनगर क्षेत्र में बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को पॉक्सो कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हर्षवर्धन ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद बेटी पिता को बचाने के प्रयास में अदालत में पहले दिए गए बयान से मुकर गई थी। अदालत ने किशोरी के पहले दिए गए बयान, उसके कपड़ों पर मिले निशान और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पिता को सजा सुनाई है। किशोरी के भाई ने पिता के पक्ष में बयान दर्ज कराते हुए कहा था कि एक अन्य युवक ने उसकी बहन के साथ दुष्कर्म किया था। विशेष लोक अभियोजक संजीव बखरवा ने बताया कि 20 नवंबर 2018 को किशोरी के मामा ने मुरादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामा ने पुलिस को बताया था कि उनकी बहन की दो वर्ष पहले मौत हो चुकी थी। 18 नवंबर की रात वह घर में सो रही थी। सुबह तीन बजे किशोरी के पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने घटना के बारे में चाचा को बताया, लेकिन उन्होंने डांट कर चुप करा दिया। इसके बाद उसने फोन करके मामा को जानकारी दी, तब 20 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच के बाद पुलिस ने 23 जनवरी 2019 को आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। आठ अक्तूबर 2020 से गवाही शुरू हुई थी और 16 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 29 मार्च को दोषी करार देने के बाद अदालत ने फैसला सुनाया। पुलिस ने 13 साक्ष्य और छह गवाह पेश किए थे, जबकि बचाव पक्ष की तरफ से किशोरी के भाई ने पिता के पक्ष में बयान दिया था। दिमागी हालत ठीक नहीं होने और गुस्से में होने का दिया था तर्क।

# सड़क हादसे में किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र के न्यू दक्षिणी बाइपास स्थित गांव उजरई के पास सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई।
जिसके चलते न्यू दक्षिणी बाईपास पर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किरावली क्षेत्र के मोरी गांव के रहने वाले 50 वर्षीय नवाब सिंह इंदौलिया अपने बेटे कुमेंद्र पाल के साथ ट्रैक्टर ट्राली में भूसा लेकर जा रहे थे। ट्रैक्टर को बेटा कुमेंद्र पाल चला रहा था और नवाब सिंह ईडोलिया ट्रैक्टर पर बैठे हुए थे। ट्रैक्टर चालक कुमेन्द्र पाल ने बताया कि वह थाना मलपुरा के गांव मनिया से भूसा लेकर अपने गांव किरावली मोरी जा रहे थे। थाना मलपुरा क्षेत्र के गांव मनिया से न्यू दक्षिणी बाइपास से होते हुए लालऊ पुल से घर लौट रहे थे।
ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से ट्रक ने तेज टक्कर मार दी, जिसके चलते ट्रैक्टर पर बैठे नवाब सिंह इंदौलिया सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। 10 से 15 मिनट में ही उनकी जान चली गई। इसी बीच न्यू दक्षिणी बाइपास पर लंबा जाम लग गया। लगभग आधे घंटे बाद थाना मलपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थाना मलपुरा पुलिस ने परिजनों को समझा- बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई करने की बात कही है। तब जाकर कहीं जाम खुल सका। थाना मलपुरा प्रभारी ईश्वर सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है।

# आगरा में तीन दिन से किशोर लापता परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

ताज नगरी थाना मलपुरा क्षेत्र के आगरा ग्वालियर रोड स्थित ग्राम पंचायत इटोरा से 17 वर्षीय किशोर के गायब होने से परिजनों ने अनहोनी की चिंता जाहिर की है। परिजनों ने थाना मलपुरा पुलिस से बेटे को खोजने की भी गुहार लगाई है। थाना मलपुरा क्षेत्र के गांव इटोरा निवासी गोकुल सिंह कुशवाहा का 17 वर्षीय बेटा बंटी 27 मार्च की दोपहर लगभग 3000 बजे अपने घर के बाहर दुकान पर खड़ा था। दुकान भी गोकुल कुशवाहा की है। दुकान पर उस समय गोकुल कुशवाहा की पत्नी बैठी हुई थी। अचानक 17 वर्षीय बंटी वहां से बगीचे की ओर गया और लापता हो गया।
अचानक सड़क से लापता होने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी काफी खोजबीन के बाद भी जब बंटी का कहीं पता नहीं लगा तो परिजनों ने थाना मलपुरा पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। गोकुल सिंह कुशवाहा के परिजनों ने बताया है कि वह लगातार अपने बेटे की तलाश कर रहे हैं पर कहीं भी सफलता नहीं मिली है। लगातार चार दिन से बेटे का कहीं पता नहीं पड़ रहा है इसको लेकर पर जिन्होंने अनहोनी की भी आशंका जताई है। थाना मलपुरा पुलिस ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर पर मामले में बंटी की खोजबीन जारी है।

## कार को ईंट पर खड़ा कर पहिये ले गए चोर

**जन एक्सप्रेस | मुरादनगर**

शहजादपुर गांव में घर के बाहर खड़ी कार के पहिये चोरों ने चोरी कर लिये। कार को ईंटों पर खड़ा कर फरार हो गये। पुलिस से पीड़ित ने गुहार लगाई है। शहजादपुर गांव निवासी विशाल त्यागी ने बताया कि उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी, सुबह उठे देखा कार ईंटों पर खड़ी थी और चारों पहिये गायब हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जेवरात कारोबारी की हत्या में दोषी को आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद**

26 साल पहले इंदिरापुरम क्षेत्र में जेवरात कारोबारी जितेंद्र उर्फ जीतू की हत्या में दोषी उसके दोस्त महेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हीरालाल ने दोषी पर 31 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। केस के एक आरोपी सचिन के हाजिर नहीं होने पर अदालत ने उसे फरार घोषित कर नोटिस जारी किया है। जबकि तीसरे आरोपी राजीव की मुकदमे की विवेचना के दौरान मौत हो चुकी थी। दोषी को सजा दिलाने में जितेंद्र से लूटे गए सामान की बरामदगी अहम रही। लूट का विरोध करने पर जितेंद्र की हत्या उसके दोस्त महेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश चंद्र शर्मा व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ममता गौतम ने बताया आठ जुलाई 1998 को इंदिरापुरम में न्यायखंड वाली डिवाइडर के पास एक युवक का शव पड़ा था। पुलिस की जांच में पता चला था कि मृतक युवक का नाम जितेंद्र उर्फ जीतू था। वह सोने चांदी और हीरों का कारोबारी था। जितेंद्र मूलरूप से मुंबई का रहने वाला था। उसकी पहचान अभियुक्त महेश से मुंबई में ही हुई थी। महेश के मामा मृतक जितेंद्र के पड़ोस में ही रहते थे। वहां जितेंद्र और महेश की आपस में दोस्ती हो गई। व्यापार के सिलसिले में जितेंद्र गाजियाबाद आए थे जितेंद्र के साथ लूटपाट करने के लिए अपने साथी राजीव तंवर व मुरादनगर निवासी सचिन के साथ मिलकर चाकुओं से हमला कर दिया।

## आगरा में घर में आग लगने से सामान जलकर राख 70 साल की महिला ने भागकर बचाई जान

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

आगरा के थाना जगदीशपुरा में खतैना रोड पर दोपहर में एक घर में आग लग गई। हादसे के वक्त घर में एक बुजुर्ग महिला थी। धुएं उठते देख वह किसी तरह से बाहर निकल पाई। आग की वजह से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची। 1 घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। थाना जगदीशपुरा के पास से सड़क खतैना की तरफ जाती है। प्रतापनगर जाने वाली सड़क पर एल 44 में महेंद्र सपरा का परिवार डबल स्टोरी मकान रहता है। घर में 70 साल की बुजुर्ग महिला पदमा थीं। बेटा रॉकी घर के बाहर था। बहू और बच्चे थोड़ी देर पहले ही बाजार निकले थे। पदमा ने किचन में धुआं उठता देखा। वो घर से बाहर किसी को बुलाने के लिए निकली, इतने में ही पूरे घर में आग धधक उठी। उसी समय वहां से गुजर रहे लोगों ने आसपास के लोगों के साथ एमसीबी को डाउन किया। पत्थर मारकर घर के शीशे तोड़े। जिससे धुआं बाहर निकले। शीशे तोड़ते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड को फोन किया गया लेकिन फोन नहीं उठा। लोगों ने एसएसपी ऑफिस में सूचना दी। जिसके बाद दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से पूरे घर का सामान जलकर राख हो गया। लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जिसके बाद दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से पूरे घर का सामान जलकर राख हो गया। लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर हादसा: खड़े डंपर में जा घुसी कार, दो की मौत; प्रवेश परीक्षा देने जा रहे थे छात्र

**जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद**

गाजियाबाद में आज सुबह एक भीषण हादसा हो गया। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में एक कार खड़े डंपर में जा घुसी। हादसे में कार सवार एक की मौत और सात लोगों के घायल होने की सूचना मिली। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह हुए हादसे में चालक समेत दो लोगों को मौत हो चुकी है। कार में 11 बच्चे सवार थे जो दिल्ली जामिया इस्लामिया में छठी कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा देने जा रहे थे। हादसे में दो बच्चों के मामूली चोट आई। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



# अवैध गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**

जनपद में अवैध गाँजे के साथ मालीपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से लगभग एक किलो 191 ग्राम गाँजा बरामद हुआ है।मालीपुर थानाध्यक्ष को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखविर खास की सूचना पर ताहापुर पोखरे के पास से आरोपी को दबोचा है। जिसकी पहचान थानाक्षेत्र अंतर्गत करीमपुर के मजरे मंसूरपुर निवासी निखिल यादव उर्फ हैप्पी पुत्र राम सुरेश यादव के रूप में हुई है।



# माचिस नहीं देने पर युवक का सिर फोड़ा

**जन एक्सप्रेस | साहिबाबाद**

जनकपुरी स्थित राम पार्क में 25 मार्च को माचिस नहीं देने पर युवक का पत्थर और लकड़ी के फट्टे से सिर फोड़ने के मामले में कोतवाली पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता ने घटना को दो दिन बाद दिखाकर मुकदमा दर्ज करने और पुलिस को दो आरोपी पकड़कर सौंपने के बावजूद उन्हें बिना कार्रवाई चौकी से छोड़ने का आरोप लगाया है। घायल युवक का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीसीपी ने अपने स्तर से मामले की जांच कराने की बात कही है।
जनकपुरी में रहने वाले इंद्रजीत ने बताया कि बेटा आशीष 25 मार्च को कालोनी के रामपार्क में टहलने गया था। तभी वहां नशे में खड़े युवकों ने आशीष से माचिस मांगी। उसने माचिस नहीं देने के लिए कहा तो वे दोनों भड़क गए। कहासुनी करके दोनों ने उस पर हमला कर दिया। बचाव के दौरान आरोपियों ने बेटे के सिर में लकड़ी के फट्टे और पत्थर से हमला कर दिया। लहूलुहान होने पर दोनों वहां से बेटे को छोड़कर भाग गए। इसके बाद बेटे को घायल हालत में पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। तुरंत पुलिस चौकी जाकर मौखिक सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की। कुछ देर बाद उन्होंने करन और रमन नाम के आरोपियों को पकड़कर चौकी पर पुलिस को सौंप दिए। इधर, बेटे की गंभीर हालत देखकर डॉक्टर ने उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां डॉक्टर ने पहल 17 टांके लगाए।

# हापुड़ में सनसनीखेज वारदात: सपा नेता जहीर सलमानी की पत्नी की दिन दहाड़े हत्या, घर में घुसकर की गई फायरिंग

**जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद**

जहीर सलमानी सपा के टिकट से नगर पालिका हापुड़ के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके हैं। चिकित्सकों के अनुसार मृतका के सिर में दो और एक गोली में सीने में मारी गई है। वारदात के बाद पुलिस घटना के हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।
उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में बुलंदशहर रोड स्थित सामिया गार्डन कॉलोनी निवासी समाजवादी पार्टी के नेता व प्रोपर्टी डीलर जहीर सलमानी की पत्नी नाजरीन (40) की घर में घुसकर दिन दहाड़े हत्या कर दी गई। एक हमलावर अचानक घर में घुसा और एक के बाद एक तीन गोलियां नाजरीन को मारकर फरार हो गया।



पुलिस घायल को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।
दोपहर करीब सवा बजे जहीर सलमानी की पत्नी नाजरीन घर ही मौजूद थीं। वहां फर्नीचर बनाने वाली लेबर भी कार्य कर रही थी। बताया जा रहा है कि इसी बीच एक अज्ञात बदमाश घर में पहुंचा और इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, नाजरीन पर फायरिंग शुरू कर दी।
नाजरीन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गईं। इसके बाद बदमाश फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी। पुलिस ने आनन फानन घायल को नगर के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद नाजरीन को मृत घोषित कर दिया गया।
बता दें कि जहीर सलमानी सपा के टिकट से नगर पालिका हापुड़ के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके हैं। चिकित्सकों के अनुसार मृतका के सिर में दो और एक गोली में सीने में मारी गई है।
पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस घटना के चश्मदीदों से पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि अभी तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस घटना के हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक का हुआ आयोजन

**शाजिद अली को अध्यक्ष एवं रामौतार मौर्या बने महामंत्री**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



रविवार को नगर पंचायत पकड़िया नौगवां स्थित नवीन मंडी समिति के फल एवं सब्जी मंडी में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें फल एवमं सब्जी मंडी के तमाम व्यापारी भाइयो ने हिस्सा लेते हुए मंडी समिति में व्यापारी भाइयों के आगे तमाम समस्याओं जिसमें पेयजल की समस्या,शौचालय की समस्या साफ-सफाई की समस्या,जानवरों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

इस बीच फल एवं सब्जी मंडी के व्यापार मण्डल का अध्यक्ष शाजिद अली एवं महामंत्री रामौतार मौर्या को चुना गया। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी ने व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए 24 घन्टा उपलब्ध रहने हेतु हुंकार भरी। इस बीच कंछल गुट की सदस्यता त्याग कर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल में शामिल होने वाले विक्रम ट्रांसपोर्ट के विक्रम सिंह एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत के नगर अध्यक्ष पद को त्यागकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का सदस्यता लेने वाले अनिल अरोड़ा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पकड़िया नौगवां के नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना ने कहा कि व्यापार मंडल के व्यापारियों की एकता की वजह से आज तमाम राजनीतिक पार्टियां हमारी ओर देख रही हैं। इसी बीच शहर के नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, जिला चेयरमैन अनिल महेन्द्रू, महामंत्री पंकज अग्रवाल जिला सरंक्षक प्रकाश वीर, नगर महामंत्री शलभ गंगवार, युवा अध्यक्ष शैली शर्मा, अतुल जायसवाल, युवा नगर अध्यक्ष शहर आशीष लोधी, युवा नगर अध्यक्ष पकड़िया नौगवां चंद्र प्रताप सिंह, मो ममनून, वीरेंद्र रस्तोगी, राशिद अंसारी, अनिल अरोरा, रामस्वरूप मौर्या, जहानाबाद से मो हसन, मो असलम, अमरिया से जाहिर मलिक, मुस्ताक हुसैन, मो0 तहसीम,रामकुमार गुप्ता, शादाब अंसारी,नत्थू लाल मौर्या, मो नदीम, दिलबार हुसैन, मो0 अरशद, शबलु भाई, नरेश, नगर उपाध्यक्ष राशिद अंसारी समेत कई व्यापारी उपस्थित रहे।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** घर में घुसकर महिला को गलत नियत से दबोच लिया। आरोप है कि छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर पिटाई लगाई। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में वताया है कि उसके परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। वह अपने घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव निवासी एक युवक अपने साथियों की मदद से उसके घर में घुसकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसको गलत नीयत से दबोच लिया। विरोध करने पर उसको मारा पीटा।इसके बाद कमरे में खींचकर उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर शराबा करने पर आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# सीमा विवाद में फंसा चैनलाइजेशन कार्य, संयुक्त सीमांकन आज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पीलीभीत और लखीमपुर खीरी वन विभाग की संयुक्त टीम करेगी सीमांकन**

**संपूर्णानगर वनाधिकारी ने रुकवा दिया था चैनलाइजेशन का कार्य**

**पूरनपुर।** शारदा नदी के धनाराघाट पर मुख्य पेंटून पुल के पास से चल रहे ड्रेजिंग द्वारा चैनलाइजेशन कार्य पर लखीमपुर वन विभाग ने करीब दस दिन पहले अड़ंगा लगा दिया था। तब से कार्य बंद है। लखीमपुर वन विभाग अपनी जगह बता रहा है। हालांकि वास्तविक स्थिति जानने के लिए आज पीलीभीत और लखीमपुर वन विभाग व पूरनपुर राजस्व विभाग की टीम संयुक्त सीमांकन करेगी। इसके बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा के समीप ड्रेजिंग द्वारा चैनलाइजेशन को करीब चार साल पहले स्वीकृति मिली थी। करीब सवा नौ करोड़ रुपए बजट जारी होने पर चैनलाइजेशन के मशीनें भी शारदा नदी के धनाराघाट तट पर आईं थी लेकिन वन विभाग ने बिना एनओसी काम होने पर आपत्ति लगा दी थी। इससे मशीनें वापस चली गईं थीं। प्रस्तावित चैनेलाइजेशन कार्य कराने, नदी किन प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि चैनलाइजेशन की जिम्मेदारी कानपुर स्थापना खंड की है। 13 मार्च से धनाराघाट शारदा नदी के मुख्य पेंटून पुल के पास से शुरू हुआ था। सात दिन बाद लखीमपुर खीरी वन क्षेत्र की संपूर्णानगर रेंज के रेंजर ने मौके पर पहुंचकर कार्य रुकवा दिया। तब से कार्य बंद है। प्रधान ने बताया कि जिस जगह पर कार्य चल रहा है उसपर लखीमपुर वन विभाग अपना क्षेत्र होना बता रहा है। हालांकि आज संयुक्त सीमांकन किया जाएगा। इसमें पीलीभीत व लखीमपुर वन विभाग के अधिकारी व उनकी टीम, सिंचाई विभाग कानपुर, बाढ़ खंड पीलीभीत के अधिकारी व पूरनपुर राजस्व विभाग की टीम मौजूद रहेगी। संयुक्त सीमांकन के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। चैनलाइजेशन का कार्य बंद होने से बाढ़ प्रभावित गांवों के लोग परेशान हैं।

## छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोह लिया सभी का मन

**जेठापुरकलां के कंपोजिट स्कूल में विदाई समारोह व वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन**

**प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले और निपुण छात्रों को बांटे गए पुरस्कार**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** गांव जेठापुरकलां के परिषदीय कंपोजिट स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाने के साथ विदाई एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। कई प्रतियोगिताएं कराई गई जिनमें बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्थान पाने वाले और निपुण छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह का शुभारंभ ग्राम प्रधान गुरजीत सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम और इंचार्ज शिक्षिका रीता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर दिया। छात्रों सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रधान ने छात्र-छात्राओं को मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई क रनाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद छात्रों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जिनकी सभी ने सराहना की। क्विज, आर्ट सहित कई प्रतियोगिताएं कराई गई जिनमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्विज में कक्षा सात की विद्यांशी जोशी को प्रथम, अनिकेत जोशी को द्वितीय व कक्षा छह की राखी को तृतीय स्थान मिला। आर्ट में ममता पहले, सुहानी दूसरे और सोनाक्षी तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने स्थान पाया। सभी विजेताओं और डेली स्कूल आने वाली विद्यांशी व निपुण छात्र अनिकेत और पलक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा आठ उत्तीण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इंचार्ज शिक्षिका रीता सिंह ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर सहायक शिक्षक वरुण सक्सेना, शुभ दुरक्षा, मथुरा प्रसाद, अजहर जमाल, नीतू शर्मा, जसपाल सिंह, कमलेश कुमार सहित स्कूल का समस्त स्टाफ, छात्र और तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

## 70 लाख के घोटाले में जांच के लिए बनी एक और टीम, कथित ऑडियो से जुड़ा है मामला

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

बिजली निगम में कथित 70 लाख के केबल घोटाले की जांच में पैसे के लेनदेन को लेकर एक महिला के साथ बातचीत के वायरल ऑडियो की जांच के लिए एक टीम बना दी गई है। इससे पहले मुख्य अभियंता स्तर पर गठित टीम घोटाले की जांच कर रही है। तीन महीने 70 लाख रुपये की अनियमितता को रफा-दफा करने के लिए साढ़े तीन लाख रुपये रिश्वत देने को लेकर कथित तौर पर बिजलीकर्मियों की बातचीत के तीन ऑडियो सुर्खियों में आए हैं। इसमें एक महिला की भी आवाज सुनी जा रही है। इसकी जानकारी मिलने के बाद मुख्य अभियंता वाराणसी परिक्षेत्र अरविंद सिंहल ने जांच के लिए टीम गठित कर दी। पूर्वांचल डिस्कॉम के एमडी शंभू कुमार के स्तर पर वायरल ऑडियो की जांच के लिए एक अन्य दो सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है।

## नगर के सबसे बड़े हेरोईन तस्कर की 15 करोड़ 64 लाख की संपत्ति कुर्क

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

मिर्जापुर के सबसे बड़े हेरोईन और मादक पदार्थ के तस्कर महेश सोनकर की लगभग 15 करोड़ की संपत्ति को जिला प्रशासन ने कुर्क कर दिया। नगर में उसका कई जगह पर मकान है। पुलिस प्रशासन उसके मकान और वाहनों को कुर्क किया। जिसकी कीमत 15 करोड़ 64 लाख रुपये है। महेश सोनकर पिछले तीन दशक से इलाके से हेरोईन, गांजा आदि मादक पदार्थ की तस्करी करता है। मादक पदार्थ की कमाई से महेश सोनकर ने करोड़ों रुपये कमाया। जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा 19 मार्च को महेश सोनकर के खिलाफ गिरोहबंध व असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई का आदेश दिया।

## पशुशाला में बंधी 2.5 लाख रुपए कीमत की 25 बकरियां चोरी

**रात के अंधेरे में बकरियों को डीसीएम में भरकर फरार हो चोर**

**पीड़ित के साथ कोतवाली पंहुचे दर्जनों ग्रामीणों ने जताया रोष**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

> बकरी चोरी के मामले में शिकायती पत्र मिला है। ग्रामीण ने शेरपुर के कुछ लोगों पर बकरी चोरी का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है।
> -संजीव शुक्ला
> इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर

**पूरनपुर।** खेत में बनी पशु शाला में बंधी गंगा पार नस्ल की 25 बकरियों को चोर डीसीएम से चोरी कर ले गए। बकरियों की कीमत लगभग 2.5 लाख बताई जा रही है।किसी को भी वारदात की भनक नहीं लगी। सुबह पशु शाला में बकरियां गायब देख ग्रामीण दंग रह गया। ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर वारदात की शिकायत पुलिस से की। चोरी की वारदात को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास निवासी हरीराम अपने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनका घर गांव से दूर खेत में बना हुआ है। घर के पास बाड़े में गंगापार नस्ल की 23 बकरियां 2 बकरे पाल रखे थे। शनिवार रात बकरे और सभी बकरियां चोरी हो गई। चोर बकरियों को बिना आहट किए खोल ले गए। खेतों के रास्ते लगभग एक किमी दूर खड़ी डीसीएम में बकरियां भरकर चोर फरार हो गए। सुबह हरीराम के बेटे पुत्रवधू सत्यवती उठी तो उन्होंने बाड़ा खाली देखा तो हरीराम को सूचना दी। बाड़े में बंधी बकरियां चोरी होने की जानकारी लगते ही हरीराम के होश उड़ गए। बकरियों की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। बकरियां चोरी होने की जानकारी लगते ही आ पड़ोस के ग्रामीण पहुंच गए। उन्होंने खोजबीन की। पशुशाला में लगभग दस लोगों की चप्पलों के निशान मिले। इसके अलावा चोर जिन खेतों से बकरियों को उठाकर ले गए उनमें भी गेंहू की फसल रौंदी हुई मिली। बकरियां चोर लगभग एक किमी दूर तक पैदल ले गए। उसके बाद नेशल हाईवे से मुरादपुर लिंक रोड पर खड़ी डीसीएम में लादकर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## पूर्णागिरी दर्शन कर वापस लौटे भक्त, घुंघचाई की गलियों में उड़ा गुलाल

**27 मार्च को गांव घुंघचाई से मां पूर्णागिरी के दर्शन करने गए थे पदयात्री**

**वापस आए पदयात्रियों का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत, गूंजे उद्घोष**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** टनकपुर में माता पूर्णागिरि के दर्शन कर वापस आए भक्तों का अबीर गुलाल उड़ाकर स्वागत किया गया। पूरे गांव में मातारानी के सिंहासन के साथ शोभायात्री निकाली गई। इस दौरान जमकर अबीर गुलाल उड़ा। भक्तों की टोली भक्तिमय गीतों पर नाचते हुए जयकारे लगाते हुए चल रही थी। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। होली के दूसरे दिन 27 मार्च को पूरनपुर के गांव घुंघचाई से करीब चार सौ लोगों का पैदल जत्था माता पूर्णागिरि के दर्शनों के लिए रवाना हुआ था। मां के दरबार से पदयात्रियों का जत्था वापस आया तो गांव की सीमा पर ही संयुक्त रूप से एकत्र ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। अबीर गुलाल लगाया। इस दौरान ढोल नगाड़े पर युवा टोली भक्तिमय गीतों में नाचती गाती देखी गई। पूरे गांव में मातारानी के सिंहासन के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भक्तों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। डीजे की धुन पर भक्त और तमाम लोग देवी मां के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। मां पूर्णागिरी के दर्शन कर लौटे भक्तों ने गांव के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर दर्शन किए। शोभायात्रा में शामिल कई झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में विश्वास, रंजीत यादव, राजकुमार यादव, मिथिलेश गुप्ता, राजीव भारती, राजेश श्रीवास्तव, कमलेश यादव, महेंद्र, सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## बच्चों को परीक्षाफल वितरित कर, अभिभावकों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में चल रही स्वीप गतिविधियों की कड़ी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों मे परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम के साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रा0 वि0 जपटापुर में परीक्षाफल वितरण, नामांकन उत्सव, विदाई समारोह व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों ने बच्चों को परीक्षा फल व पुरस्कार वितरित किया। जिसे पाकर बच्चे खुशियों से चहक उठे। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए अपील किया गया। इस दौरान बच्चों ने मनोहारी व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। प्रधानाध्यापक मनोज यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चन्द्रमणि मिश्र ने मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज अमरदीप जायसवाल ने एक एक वोट का महत्व बताते हुए सभी महिला, पुरुष, तृतीय लिंग, युवा व दिव्यांग मतदाताओं से अपील किया कि 25 मई को मतदान ज़रुर करें। इसके लिए ज़रुरी है कि वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक कर ले। निर्वाचन से सम्बन्धित जानकारी वोटर हेल्पलाइन ऐप व वोटर पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर एआरपी सुभाष चंद्र यादव, प्रशांत मिश्रा, दयाशंकर यादव, अखिलेश कुमार, भावेश सोनकर, अशोक यादव, रोहित यादव, राहुल यादव, अनुराग मौर्य, मोहम्मद जमालुद्दीन प्रबंध समिति अध्यक्ष, राघवेंद्र यादव, किरण यादव, आराधना पांडे, नीतू यादव, अनीता पाल, नीलम यादव, रेनू आर्य, सुभाष चंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## बलरामपुर जिले में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जिले के दो शोधार्थियों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**शाहगंज।** बलरामपुर जिले के महारानी लाल कुंवरि महाविद्यालय सभागार में रसायन विज्ञान विभाग और ग्लोबल इन्वायरमेंट सोशल एसोसिएशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ एके वर्मा रहें। इस सम्मेलन में वक्ताओं ने रसायन विज्ञान के बहुआयामी अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन में 6 देशों सहित देश के 13 प्रदेशों के लगभग 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमे मौखिक प्रस्तुति में लखनऊ यूनिवर्सिटी की शोधार्थी को पहला पुरस्कार जिले के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की शोधार्थी अनम फातिमा को द्वितीय पुरस्कार और राय साहब यादव को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शाहगंज तहसील के गोड़िला गांव निवासी शोधार्थी अनम फातिमा ने बताया कि मुझे बलरामपुर जिले में होने वाले इस रसायन विज्ञान के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में पता नहीं था हम लोगों के सर ने जब बताया कि वहां पर कॉन्फ्रेंस होने वाला है तब हमने रसायन विज्ञान से संबंधित अपने रिसर्च का पूरा डिटेल ऑनलाइन के माध्यम से वहां पर भेजा था। जिसपर वहां से मेरे इस रिसर्च को सेलेक्ट कर ईमेल के माध्यम से मुझे बुलाया गया। अनम फातिमा को इस सम्मानित की खबर सुनकर परिजनों में हर्ष व्याप्त है।

## नौ करोड़ की लागत से बना अस्थायी टोल प्लाजा बना शो पीस

**बनना था जौनपुर में, एनएचएआई अधिकारियों ने बना वाराणसी में**

**आरटीआई से हुआ खुलासा**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**चंदवक।** राष्ट्रीय राजमार्ग 233 के निर्माण में जनपद जौनपुर के किसानों को मुआवजा देने में एनएचएआई अधिकारियों की मनमानी से हाई कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद टोल टैक्स वसूली के लिए जनपद जौनपुर में बनने वाले टोल प्लाजा को वाराणसी जनपद की सीमा में बना दिया। कहने को बना है अस्थायी लेकिन लागत आया नौ करोड़।आरटीआई से खुलासा होने से जहां किसानों में आक्रोश है वहीं एनएचएआई अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। चार माह पूर्व बना टोल प्लाजा शो पीस बनकर रह गया है वहीं आजमगढ़ में बना चालू हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण से प्रभावित जनपद जौनपुर के किसानों के मुआवजे का मामला हाई कोर्ट में लंबित पड़ा है। किसानों के मुआवजे के प्रकरण का वरियता से निस्तारण कराने के बजाय एनएचएआई टोल टैक्स वसूली के लिए आनन फानन में जनपद जनपद जौनपुर में बनने वाले टोल प्लाजा को वाराणसी की सीमा में बना दिया।किसानों के विरोध करने पर बताया गया कि यह अस्थायी बनाया जा रहा है।बाद में निर्धारित स्थान पर बना दिया जाएंगा। किसान नेता अजीत सिंह द्वारा लगाए गए आरटीआई से खुलासा हुआ कि अस्थायी टोल प्लाजा के निर्माण पर पर नौ करोड़ रुपए खर्च हुआ। अभी तक टोल प्लाजा चालू नहीं हुआ। इतनी बड़ी धनराशि खर्च करने के बाद भी शो पीस बना हुआ है।वहीं आजमगढ़ में इसी के साथ बना चालू हो गया है। चंदवक पुल का मरम्मत भी नहीं हो पाया। इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों से संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा।

# ऑटो पलटने से महिला की मौत, दो घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**सिकरारा ।** बक्शा थाना क्षेत्र अंतर्गत जौनपुर-रायबरेली राजमार्ग पर फतेहगंज बाजार में रविवार की सुबह सवारी भरकर तेज गति से जा रही ऑटो ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला शिक्षक व एक अन्य यात्री घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पालीटेक्निक चौराहा से लगभग आधा दर्जन सवारी भरकर आटो सिकरारा की तरफ जा रही थी। सुबह लगभग सवा सात बजे उक्त राजमार्ग पर फतेहगंज बाजार में दुर्घटना हो गई। बाजार वासियों ने बताया कि आटो चालक तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए एक कार को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था तभी सामने से ट्रक आ जाने पर उससे बचाने के चक्कर में अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे आटो गाड़ी पलट गई। आटो गाड़ी में बैठी महिला यात्री उर्मिला चौरसिया (50) पत्नी स्व. राज नारायण चौरसिया निवासी दुदौली थाना सिकरारा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्राथमिक विद्यालय फतेहगंज प्रथम की प्रधानाध्यापिका आराधना सिंह निवासी बैंकर्स कालोनी व त्रिभुवन गौतम निवासी बभनौली थाना सिकरारा घायल हो गए। सूचना पर बक्शा थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह फोर्स के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कारवाई में जुट गए। दोनो घायल इलाज के बाद अपने - अपने घर चले गए। आटो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आटो को कब्जे में ले ली है।

## शराब पीने से मना करने पर ढाबा कर्मचारी को मारी गोली, मौत

**जौनपुर के लकी ढाबा पर हुई घटना**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गौराबादशाहपुर कस्बे के पश्चिम जौनपुर आजमगढ़ हाईवे पर स्थित एक ढाबे पर रात में कार से पहुंचे कुछ लोगों द्वारा ढाबे पर बैठकर शराब पीने से मना करना ढाबे पर काम करने वाले कर्मी को भारी पड़ गया। मना करने से खुन्नस खाए बदमाशों ने रात सवा बारह बजे वापस आकर उक्त कर्मी को गोली मार दी। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। गौराबादशाहपुर स्थित लकी ढाबे पर रात लगभग साढ़े दस बजे स्विफ्ट डिजायर कार में बैठकर आधा दर्जन लोग पहुंचे तथा खाने के लिए चने का आर्डर दिया। चना आने के बाद वह शराब की बोतल खोलकर शराब पीने लगे, जिस पर ढाबे पर काम करने वाले शहजाद निवासी लाल दरवाजा जौनपुर ने उनको शराब पीने से मना किया तथा कहा कि शराब पीना ही है तो कहीं और से पीकर आप यहां आ सकते हैं। इस पर नाराज बदमाशों ने शहजाद के ऊपर बियर की बोतल फेंक दी तथा उसका कलर पकड़ कर दो-तीन झापड़ मार दिया। शोर शराबा सुनकर ढाबे पर काम करने वाले अन्य कर्मी तथा ढाबा मालिक शफाकत एजाज सिद्दीकी और उनके भाई शाहिद सिद्दीकी ने पहुंच कर बीच बचाव कराया तथा बदमाशों को वहां से चले जाने के लिए कहा। हालांकि काफी हील हुज्जत के बाद रात लगभग 11ः30 बजे कार में बैठकर सभी बदमाश वापस चले गए। पुनः लगभग सवा 12 बजे बुलेट पर सवार उन्हें में से दो लोग वापस आए तथा शहजाद से सिगरेट मांगी। वह जैसे ही सिगरेट निकालने के लिए काउंटर पर झुका उनमें से एक बदमाश ने शहजाद के सिर पर पिस्टल सटाकर गोली मार दी और बुलेट से जौनपुर की तरफ फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर घर के लिए निकल चुके शफाकत एजाज सिद्दीकी तुरंत वापस आए तथा शहजाद को गाड़ी में डालकर अस्पताल लेकर गए जहां ने डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर बृजेश गुप्ता रात में ही मौके पर पहुंच गये तथा देर तक बदमाशो की घेरेबंदी में लगे रहे। हालांकि किसी को पकडने में सफलता नही मिल पायी। रविवार की सुबह एसपी सिटी बृजेश कुमार ने भी मौके का मुआयना किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# व्यायाम शिक्षक अनिल दीक्षित की विदाई में नहीं रोक सके आंसू

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक शिवराजपुर स्थित रामसहाय बैरी इंटर कॉलेज में 35 वर्षो तक सेवा देकर सेवानिवृत हुए व्यायाम शिक्षक अनिल दीक्षित को माल्यार्पण कर उनको विदा किया गया है।

रविवार को राम सहाय इंटर कॉलेज में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अरविंद कुमार यादव के द्वारा किया गया।

शिक्षक के साथ विद्यार्थियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया प्रबंधक कैलाश नारायण कटियार ने कहा की व्यायाम शिक्षक अनिल दीक्षित (पीटीआई) के नामा से जाना जाता था।

एक समय था की सन 2000 से लेकर 2015 तक इनका विद्यार्थियों के अंदर दबदबा था (पीटीआई) का सुनते ही छात्र छात्राओं का पसीना छूटकर सीटी से पूरा विद्यालय में सन्नाटा पसरा जाता था।

उन्होंने कहा की विद्यालय का सबसे कठिन कार्य अनुशासन बनना होता है इतने वर्षों में अनिल दिक्षित ने बहुत अच्छा अनुशासन बनाए रखा और विद्यालय को ऊंचाइयों पर ले गए। स्वागत में ब्लाक सुभम बाजपेई रुपेश कटियार शिवम कटियार गौरव अग्निहोत्री संदीप पांडे अविनाश तिवारी जयप्रकाश शोहित कटियार सोनू मिश्रा अखिलेश तिवारी अमित तिवारी तनवीर विनोद यादव सर्वेश कुशवाहा जगदीश नारायण पाल दिनेश धर्मेंद्र देवकीनंदन मिश्रा निक्की राहुल यश अवस्थी सुनील उन सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे।

विदाई समारोह में सभी के आंखों में आंसू छलक आए उनके व्यवहार और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सभी प्रशंसा करते रहे।

## ठेके में घुसकर बदमाशों ने गद्दीदार को मारी गोली

**जन एक्सप्रेस । इटावा**

इटावा जिले में देशी शराब के ठेके में घुसकर चार बदमाशों ने गद्दीदार को गोली मारकर करीब एक लाख रुपये लूट लिए। फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई और बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया। पुलिस ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों का पता लगाने में जुट गई है। ठेका मालिक ने बताया पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें फोन करके घटना की जानकारी दी। ठेके से करीब एक लाख रुपये की नकदी बदमाश लूट ले गए। बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग की थी। ठेका मालिक ने बताया कि पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें फोन करके घटना की जानकारी दी। एक लाख रुपये की नकदी बदमाश लूट ले गए। दो राउंड फायरिंग की थी। पुलिस देर रात तक ठेके पर व आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी रही। घटना की जानकारी पर आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत, घर में छाया मातम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



सड़क हादसे में एक बार फिर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर लगने से स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिर गया और अज्ञात वाहन का पहिया उसके सर के ऊपर से गुजर गया और मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया।

सूत्रों के मुताबिक शुभम वाजपेई उम्र 24 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राजीव पांडे चौबेपुर थाना क्षेत्र के मरियानी गांव का रहने वाला था। शुभम वाजपेई की बिग बाजार में प्रिंटिंग की दुकान है जिसमें वह शर्ट, कप के अलावा गृह उपयोगी अन्य चीजों पर डिजाइन किया करता था। शनिवार की रात करीब 9:30 बजे रोज की तरह काम खत्म करके युवक अपनी स्कूटी पर सवार होकर अपने घर मरियानी जा रहा था कि तभी मंधना कोठी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगते ही युवक उछलकर रोड पर गिर गया और वाहन का पहिया उसके सर के ऊपर से गुजर गया जिससे घटना स्थल पर युवक ने दम तोड़ दिया। घटना के 1 घंटे बाद मौके पर पहुंची बिठूर पुलिस ने मृत युवक के बड़े भाई शशांक को घटना की जानकारी दी। वही बिठूर पुलिस ने मृत्यु के शव को घटना स्थल से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से मृत्यु युवक की माता लक्ष्मी पांडे का रो-रो कर बुरा हाल है।

## कार की छत और बोनट पर स्टंट करने का वीडियो वायरल



**जन एक्सप्रेस । इटावा**

इटावा जिले में ऊसराहार थाना क्षेत्र के भरतिया कोठी सरसईनावर मार्ग पर कार पर स्टंट बाजी करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें कार की खिड़की और छत पर छह युवा होली के रंग में रंगे हुए गानों की धुन पर थिरकते नजर आ रहे हैं। एक युवा बोनट पर बैठा है। इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया गया है। थाना प्रभारी ऊसराहार बेचन सिंह ने बताया कि वह मामले की जांच कर संबंध लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में सास की मौत, दामाद घायल




**✻ औरैया से सैफई मेडिकल कॉलेज दवा लेने जा रही थी महिला**

**जन एक्सप्रेस । इटावा**

आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर स्कूटी सवार सास और दामाद को पीछे से किसी बड़े वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। औरैया जिले के कोतवाली क्षेत्र जलोखर गांव निवासी शांति देवी (60) अपने दामाद महेश सिंह निवासी सराय बाजार थाना अछल्दा जिला औरैया के साथ स्कूटी से सैफई मेडिकल कॉलेज जा रही थीं। बुधवार दिन में करीब 11 बजे बकेवर थाना क्षेत्र के बाईपास पर स्कूटी में पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। स्कूटी सड़क पर गिरने से शांति देवी की मौत हो गई और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

दामाद महेश चंद्र ने बताया कि वह अपनी सास को मेडिकल कॉलेज दवा दिलाने के लिए ले जा रहा था।

## अरौल थानाध्यक्ष ने चेकिंग कर दर्जनों वाहनों का किया चालान



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर, ककवन, अरौल थानाध्यक्ष ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छोटे-बड़े वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया जिसमें बुजुर्ग हाथ पैर जोड़कर निकल गए और भाग रहे मोटरसाइकिल सवारों को रोककर चालान किए गए और सख्त हिदायत दी गई कि अगर दोबारा इस तरह हरकत हुई तो गाड़ी के साथ में वाहन चालक का भी चालान किया जाएगा। अरवल थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार कन्नौज, कानपुर देहात, उन्नाव आदि जिलों की सीमाओं से जुडा होने के चलते यहां पर वाहनों का आवागमन अधिक होता है वहीं पर चुनाव आयोग की शक्ति के चलते पैसे का आदान-प्रदान किस तरह से रोका जा सके इसके लिए चेकिंग अभियान चलाया गया हालांकि पैसा चेकिंग के लिए अलग टीम लगी हुई है। अरवल थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि सीमावर्ती थाना होने की वजह से संदिग्धों की पहचान के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया है जिसमें कई वाहनों का चलन भी किया गया है कई मोटरसाइकिल पर बैठी महिलाएं बुजुर्ग होने की वजह से बिना चालान के ही उनको छोड़ दिया गया आगे से उनको हेलमेट लगाकर चलने की हिदायत दी गई।

## वर्दी में आरक्षी की रील वायरल, मामले की जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस । औरैया**

औरैया। फफूंद थाना में तैनात एक आरक्षी की वर्दी में बनाई रील वायरल होने से शुक्रवार को खलबली मच गई। सोशल मीडिया पर रील वायरल होने पर पुलिस महकमे के उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया। इसके बाद जांच शुरू कराई गई। फफूंद थाना में तैनात आरक्षी विवेक कुमार पंजाल की यह वीडियो रील शुक्रवार को पूरे दिन चर्चा का विषय बनी रही। रील के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसमें वर्दी पहने आरक्षी कई अलग-अलग एंगल से रील बनाता नजर आ रहा है। इसमें कभी पुलिस की गाड़ी के बोनट पर बैठकर तो कभी बाइक से सटकर खड़े होकर।

## बिल्हौर जीटी रोड से रजबहा के किनारे अनूप पुरवा जाने वाली सड़क पर इंटरलॉकिंग मानक बिहीन

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र मे इन दिनों मार्च माह और चुनाव की अधिसूचना लगने के बाद भी इन दिनों कहीं पर कोई अधिकारी देखने नहीं आ रहा है। सभी मानक विहीन काम कराए जा रहे हैं सभी पैसे का बंदर बांट हो रहा है अधिकारी किसी तरह से कोई भी जवाब देने को तैयार नहीं है। वहीं पर बिल्हौर जीटी से बीबीपुर गांव के ठीक सामने से रजबहा के किनारे किनारे अनूप पूरवा जाने वाली खड़ंजा पर लगभग 50 से 100 मीटर के बीच एचपी गैस एजेंसी के कार्यालय तक बनने वाली इंटरलॉकिंग सड़क मानक विहीन बन रही है सूत्रों की माने तो दो पट एक कड़ी हीता लगाई जाती है केवल इसमें दो ईट/एक ईट ही लगाई जा रही हैं कहीं-कहीं एक ईट ही लगाई गई है गिट्टी भी मानक के विपरीत पड़ी है वहीं पर बालू की जगह मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। सुभानपुर मुरादनगर प्रधान श्याम बिहारी कटिहार ने बताया कि हम कानपुर में हैं ठेकेदार कोई बना रहे हैं हमें कोई जानकारी नहीं है।

# अवैध तरीके से मजार निर्माण की सूचना पर दौड़े अधिकारी

**जन एक्सप्रेस । औरैया**

बिधूना। सोशल मीडिया पर एक युवक की ओर से शुक्रवार को फोटो के साथ ट्वीट करके रुरुकला व पूर्वा भारामल में अवैध तरीके से मजारों का निर्माण होने की सूचना फैलाई गई। मामले का संज्ञान लेकर एसडीएम बिधूना व सीओ रुरुकला व पुर्वा भारामल पहुंचे। मजारों की जब पड़ताल हुई तो पता चला कि कई वर्षों से यहां मजारें बनी हुई हैं। तहसील बिधूना क्षेत्र के गांव रुरुकला व पुर्वा भारामल में अवैध रूप से मजारों के निर्माण की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल होने से शुक्रवार को खलबली मच गई। सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि एक सुधीर भदौरिया नाम के व्यक्ति की ओर से एक्स पर ट्वीट कर एक पोस्ट डाली गई। इसमें रुरुकला व पुर्वा भारामल में अवैध रूप से मजारों के निर्माण की सूचना लिखी थी।

जानकारी होते ही एसडीएम बिधूना हरिश्चन्द्र के साथ सीओ अशोक कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इसमें रुरुकला गांव में कब्रिस्तान के नाम अभिलेखों में जमीन पर मजारें पाईं गईं। जिसमें तीन पक्की मजर, एक सैयद बाबा की मजार बनी है जोकि कई वर्ष पुरानी मजारें बताई जा रहीं हैं।

वहीं पुर्वा भारामल में सैयद बाबा की मजार 10 वर्ष पूर्व बनी पाई गई जो कि पप्पू खां की निजी जगह में बनी है।

एसडीएम बिधूना हरिश्चन्द्र ने बताया कि अवैध तरीके से मजार बनाने की सूचना भ्रामक है। टीम के साथ निरीक्षण किया गया है।

## बहन की शादी में विवाद के बाद भाई ने फंदा लगाकर दी जान



**जन एक्सप्रेस । औरैया**

शहर के मोहल्ला दयालपुर में गुरुवार रात एक गेस्ट हाउस में शादी कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच वधू के भाई की डीजे पर डांस के दौरान किसी से कहासुनी हो गई। मामले में परिजन ने डांटकर उसे घर भेज दिया। घर पहुंचे युवक ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी।

दयालपुर निवासी गोपाल दास (35) जीवनलाल नवीन मंडी में श्रमिक के तौर पर काम करता था। पांच भाई व दो बहनों के बीच वह चौथे नंबर का था। शुक्रवार की रात उसकी सबसे छोटी बहन प्रीति की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। सूत्रों के अनुसार दयालपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में पुर्वा डोरी से बरात पहुंची हुई थी। इसी दौरान रात में डीजे पर डांस को लेकर गोपाल का किसी से विवाद हो गया।

# गड़बड़ी करने वाले शिक्षकों का नहीं रुकेगा वेतन, दंडित होंगे

**जन एक्सप्रेस । औरैया**



औरैया परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध करने की कार्रवाई अब नहीं होगी। महानिदेशक की ओर से बीएसए को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिक्षकों पर नियमावली के अनुसार कार्रवाई की जाए।

बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों और विभागों में कार्यरत शिक्षक और कर्मचारियों का वेतन अब दंड के नाम पर रोका नहीं जाएगा। गड़बड़ी करने पर नियमावली के अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी, जो कि मानव संपदा पोर्टल पर ई-सर्विस बुक पर दर्ज भी होगी। हाल ही में महानिदेशक कंचन वर्मा ने पत्र जारी करते हुए वेतन अवरुद्ध करने की कार्रवाई को गलत बताया है।

वेतन अवरुद्ध करना विधिक दंड नहीं है। शिक्षक और कर्मचारियों को उनकी अनियमितताओं और गलतियों के लिए नियमावली के अनुसार दंडित किया जाए। हर निरीक्षण में अनुपस्थित मिले शिक्षकों के वेतन रोके जाते हैं, बाद में उन्हें बहाल कर दिया जाता है। ऐसी कई शिकायतें शिक्षकों द्वारा महानिदेशक की गई थी। इसमें शिक्षकों ने कहा था कि वेतन रोकने और बहाल करने में भ्रष्टाचार होता है।

इसे देखते हुए फैसला लिया गया कि अब वेतन रोकने वाले अधिकारियों को भी दंडित किया जाएगा। बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि शिक्षकों और कर्मचारियों का किसी भी गड़बड़ी के लिए वेतन नहीं रोका जाएगा। अब इन पर नियमावली के अनुसार ही दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# तीन गोवंश तस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**✻ एक बदमाश गोली लगने से घायल गोवंशों को ले जा रहे थे बिहार**

**जन एक्सप्रेस । इटावा**



इटावा जिले में पुलिस ने मुठभेड़ में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, गोवंश तस्करों ने जसवतंनगर पुलिस पर फायर कर दिया था, जिसमें थाना प्रभारी के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी है।

पुलिस ने कंटेनर से 26 गोवंश, तमंचा, चाकू व कारतूस बरामद किए हैं। गोवंशों को तस्कर बिहार ले जा रहे थे। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार देर रात जसवंतनगर पुलिस को सूचना मिली कि सिरसा की मड़ैया में एक कंटेनर में गोवंश लादे जा रहे हैं। पुलिस टीम फौजी होटल के पास पहुंची, तो कंटेनर में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। इसमें एक गोली थाना प्रभारी कपिल दुबे की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली संजय यादव के दाहिने पैर में लगी। घायल समेत दो अन्य बदमाशों को पुलिस ने से गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने कंटेनर से 26 गोवंश बरामद किए। साथ ही। एक ऑटो भी बरामद हुआ। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह जंगलों में गोवंश को इकठ्ठा कर लेते हैं। फिर इन्हें कंटेनर में लादकर बिहार में बेच देते हैं।

**दाहिने पैर में लगी है गोली**

बदमाशों से दो तमंचे, एक खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस व एक चाकू बरामद हुआ। घायल संजय यादव निवासी गंगादासपुर थाना ऊसराहार के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पकड़े दो बदमाश सत्यवीर व संजीव कुमार निवासी पीहरपुर थाना बलरई के रहने वाले हैं।

**जगंल में गोवंश इकट्ठा करके बिहार ले जा रहे थे तस्कर**

मौके से पुलिस ने कंटेनर से 26 गोवंश बरामद किए। साथ ही, एक ऑटो भी बरामद हुआ। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह जंगलों में गोवंश को इकट्ठा कर लेते हैं। फिर इन्हें कंटेनर में लादकर बिहार में बेच देते हैं। बरामद ऑटो के बारे में बताया कि इससे आस-पास के क्षेत्र में रेकी करते हैं। बदमाशों ने पुलिस को पांच अन्य तस्करों के नाम भी बताए हैं। एसएसपी ने बताया अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तारी कर लिया जाएगा।

# भाभी पर फिदा था देवर, हत्या की खौफनाक दास्तां




**जन एक्सप्रेस । एटा**

देवर अपनी भाभी पर फिदा था। दोनों के बीच अवैध संबंध हो गए। एक दिन कहासुनी के बाद भाभी ने उसका गला घोंट दिया। पुलिस पूछताछ में महिला ने हत्या की खौफनाक दास्तां बताई। उत्तर प्रदेश के एटा में भाभी ने गला घोंटकर देवर की हत्या कर दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने हैरान करने वाला खुलासा किया।

उसकी बात सुनकर घरवालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। वह पति के साथ रहना चाहती थी। लेकिन, प्यार में पागल देवर उसे जाने नहीं देना चाहता था। घटना जलेसर थाना क्षेत्र के मुशियार गांव की है। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि पातीराम ने 29 मार्च को अपने बेटे सतीश कुमार की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान गुड्डी देवी उर्फ चंद्रवती का नाम प्रकाश में आया। इसे रविवार की सुबह करीब 11.30 बजे रेलवे फाटक अवागढ़ के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**दोनों के बीच हुई कहासुनी**

जांच में पता चला कि सतीश इसका चचेरा देवर था। पहले दोनों के बीच मधुर संबंध थे। गुड्डी का पति गाजियाबाद में नौकरी करता है। वह अपने पति का पास जाकर रहना चाहती थी। लेकिन, सतीश इस बात का विरोध करता था। इसी बात को लेकर 28 मार्च की शाम दोनों के बीच कहासुनी के बाद झगड़ा हुआ।

# कड़ी नाकाबंदी के बीच उड़ीसा से लाई गई गांजे की खेप पुलिस ने दबोचा



**जन एक्सप्रेस । एटा**

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता के चलते सड़कों पर पुलिस सक्रिय है, लेकिन तस्करों को पुलिस की सक्रियता का कोई डर नहीं है। कड़ी नाकाबंदी के बावजूद उड़ीसा से लाई गई 36 किलो गांजा की खेप यहां पकड़ी गई।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गांजे की यह खेप मौके से भागे शमशाद द्वारा उड़ीसा से मंगाई गई थी। गांजे की खेप किस वाहन से अलीगंज तक पहुंची इसकी जानकारी शमशाद को है। इससे पहले भी गांजा की बड़ी खेपें यहां पकड़ी गई हैं। दो माह पूर्व 10 कुंतल गांजा यहां पकड़ा गया था। यह खेप भी उड़ीसा से लाई गई और अलीगढ़ में आपूर्ति देनी थी।

पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। अब पुलिस की टीमें उसके पीछे लगी हैं। यह भी माना जा रहा है कि पकड़े गए तस्कर ने और भी खेपें यहां उतारी हैं। मंगलवार रात 10 बजे पुलिस पचंदा तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी सूचना मिली कि दो बाइक सवार गांजा लेकर आ रहे हैं। पुलिस और इंटेलीजेंस विंग और सर्विलांस टीम ने घेराबंदी शुरू कर दी।

तिराहे से पहले ही पुलिस को देखकर जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुहटिया कलां निवासी शमशाद मौके से भाग गया, जबकि उसके साथी गांव के ही बल्लू को घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपित के कब्जे से मोटरसाइकिल और 36 किलो गांजा बरामद किया है।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गांजे की यह खेप मौके से भागे शमशाद द्वारा उड़ीसा से मंगाई गई थी। गांजे की खेप किस वाहन से अलीगंज तक पहुंची इसकी जानकारी शमशाद को है। इससे पहले भी गांजा की बड़ी खेपें यहां पकड़ी गई हैं।

दो माह पूर्व 10 कुंतल गांजा यहां पकड़ा गया था। यह खेप भी उड़ीसा से लाई गई और अलीगढ़ में आपूर्ति देनी थी। उससे पहले ही पुलिस ने गांजा बरामद कर लिया।

उस समय बड़ा नेटवर्क प्रकाश में आया था। इसके बाद फुटकर में गांजा यहां पकड़ा जाता रहा। जो तस्कर फिलहाल पकड़ा गया है, उसके बारे में बताया जा रहा है कि शहर के तस्करों को आपूर्ति देता है। अलीगंज के इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि गांजे की तस्करी में शामिल शमशाद और उसके अन्य साथियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीमें लगीं हुईं हैं। आरोपित बल्लू शमशाद के साथ मिलकर आसपास इलाके में गांजे की सप्लाई करता है। गांजे की यह खेप लोकसभा चुनाव को लेकर मंगाई गई थी।

बरामद गांजे की कीमत 18 लाख रुपये बताई गई है।

**शहर में सरेआम बिक रहा गांजा**

शहर में सरेआम गांजा बिक रहा है। निधौली रोड पर कुछ अड्डे सक्रिय हैं। हिंदू नगर में कोई भी 50 रुपये में पुडिया खरीद सकता है। शहर में डाक बंगलिया के सामने स्थित एक गली में गांजा तस्कर खुलेआम पुडिया बेच रहे हैं। पूर्व में इस गली में गांजा बेचते हुए राजू, प्यारे, जैसे तस्कर पकड़े गए थे। यह तस्कर जिला बदर रह चुके हैं। डेढ़-दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। अब भी खुले में काम चल रहा है। स्टिंग आपरेशनों में कई तस्कर बेनकाब हो चुके हैं। फिर भी जहर की आपूर्ति शहर में खूब हो रही है।

# टेंपो की टक्कर से सेवानिवृत्त रोडवेजकर्मी की मौत



**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में शनिवार को टेंपो की टक्कर लगने से घायल हुए सेवानिवृत्त रोडवेजकर्मी की मौत हो गई। रविवार की सुबह शव सीएचसी के बाहर मिला। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने टेंपो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच व कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामला बेवर थाना क्षेत्र के सैदपुर रंपुरा गांव का है। गांव निवासी सेवानिवृत्त रोडवेजकर्मी 88 वर्षीय वीरेंद्र सिंह शनिवार की दोपहर कस्बा स्थित एक बैंक में आए थे। दोपहर के समय बैंक आफ इंडिया के सामने खड़े थे। तभी मार्ग से गुजर रहे टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में घायल वृद्ध को स्थानीय लोगों ने टेंपो में बैठा सीएचसी भेजा था। लेकिन, टेंपो चालक इधर उधर घुमाता रहा। वीरेंद्र सिंह को भोगांव सीएचसी के बाहर छोड़कर चला गया।

**चालक पर लापरवाही का आरोप**

रविवार की सुबह वृद्ध का शव सीएचसी के पास मिला। जानकारी मिलने के बाद परिजन ने मौके पर पहुंच कर पहचान की। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी आ गई। मृतक के पुत्र चंद्र भूषण सिंह ने टेंपो चालक सतीश सिंह निवासी बीलपुर खास के लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने टेंपो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया।

